जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-249 ▶ मुंबई, सोमवार, 7 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य

संजू सैमसन ने शेन वार्न का तोड़ा रिकॉर्ड
पेज 11

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

MULTTIFAB
LED Lighting Solutions
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177,Isand Road, Chhatral, Ta- Kalol, Dist.Gandhinagar, Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.: +91 99094 10141
www.multtifabled.co.in

NICE INSURANCE LANDMARK
विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरेंस
★ लाईफ इंश्योरेंस
★ म्युचल फंड
41 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

- भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज का उद्घाटन
- रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में की पूजा-आराधना
- तमिल भाषा को लेकर सीएम स्टालिन पर साधा निशाना

सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार : मोदी

रामेश्वरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु दौरे पर थे। रामनवमी के अवसर पर पीएम मोदी ने रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके पहले उन्होंने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। तमिलनाडु के लोगों के लिए कनेक्टिविटी को मजबूत करने और जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यों के शुभारंभ पर मोदी ने कहा कि रामनवमी के विशेष अवसर पर रामेश्वरम आकर बहुत ज्यादा खुश हूं।

उद्घाटन में स्टालिन गैर हाजिर

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन राज्य के नीलगिरि जिले में आयोजित कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रामेश्वरम में होने वाले कार्यक्रम में अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था। नीलगिरि में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के भाग लेने के कारण वे स्वयं उपस्थित नहीं हो पाएंगे, लेकिन इस दौरान उनके मंत्री थंगम थेनारासु और राजकन्नप्पन प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। स्टालिन ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी तमिल भूमि और दक्षिणी राज्य में आए हैं, तो वह तमिलनाडु के लोगों से एक वादा करें कि परिसीमन प्रक्रिया के तहत इन राज्यों को किसी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

पीएम का स्टालिन पर हमला

पीएम मोदी ने एमके स्टालिन पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु के मंत्री तमिल भाषा को लेकर गर्व की बात करते हैं, लेकिन मुझे लिखे गए उनके पत्र और उसमें हस्ताक्षर अंग्रेजी में ही होते हैं। वे तमिल भाषा का इस्तेमाल क्यों नहीं करते हैं? उनका तमिल को लेकर गर्व कहां चला जाता है?

बीजेपी स्थापना दिवस की बधाई

बीजेपी की स्थापना छह अप्रैल 1980 को हुई थी। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण दिन हमें भारत की प्रगति की दिशा में काम करने और एक विकसित भारत के सपने को साकार करने की हमारी अद्वितीय प्रतिबद्धता को दोहराता है।

पंबन ब्रिज का निर्माण पूरा

मोदी ने कहा कि आप नॉर्थ में देखेंगे तो जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में एक चिनाब ब्रिज बना है। पश्चिम में जाएंगे तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज अटल सेतु बना है। पूर्व में जाएंगे तो असम के बोगीबील ब्रिज के दर्शन होंगे। अब दक्षिण में आते हैं तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक पंबन ब्रिज का निर्माण पूरा हुआ है।

नई रेल को दिखाई झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने एक तटरक्षक पोत को भी हरी झंडी दिखाई, जो पुल के नीचे से गुजरा। पुल से इस आध्यात्मिक स्थल तक पहुंचने में सुविधा होगी, जहां साल भर देश भर से श्रद्धालु आते हैं।

तमिलनाडु को तिगुना धन मिला

पीएम ने कहा कि तमिलनाडु विकसित भारत या विकसित भारत की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरा मानना है कि तमिलनाडु की क्षमता का अहसास होने पर देश का समग्र विकास बेहतर होगा। पिछले दशक में केंद्र सरकार ने 2014 से पहले की अवधि की तुलना में तमिलनाडु को तीन गुना अधिक धन आवंटित किया है।

करीब दो किलोमीटर लंबा ब्रिज

700 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बना 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल 99 स्पैन से लैस है। इसमें अत्याधुनिक 72.5 मीटर वर्टिकल लिफ्ट सेक्शन है। यह लिफ्ट मैकेनिज्म इसे 17 मीटर तक ऊपर उठने की अनुमति देता है, जिससे जहाजों को गुजरने में मदद मिलती है। साथ ही ट्रेन की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होती है।

भारत ने म्यांमार भेजी राहत सामग्री

नई दिल्ली/नेपीडॉ। भारत ने रविवार को म्यांमार भूकंप पीड़ितों के लिए 31 टन और राहत सामग्री भेजी है। इसमें भारतीय सेना के 'फील्ड अस्पताल' के लिए जरूरी सामान भी शामिल है। यह सहायता सी-17 ग्लोबमास्टर से भेजी गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान ने रविवार सवेरे गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया और कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। भारत ने म्यांमार के भूकंप पीड़ितों के लिए दवाइयों, कपड़ों के अलावा सैकड़ों टन अनाज भी भेजा है। ताकि भूकंप पीड़ितों को भुखमरी से बचाया जा सके। भारत ने भूकंप से हुई तबाही के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम से राहत अभियान शुरू किया था। इस बीच भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री लेकर 'आईएनएस घड़ियाल' शनिवार सवेरे यांगून पहुंच गया। भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने राहत सामग्री यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी। इससे पीड़ितों को राहत मिलेगी।

C-17 विमान 31 टन सामग्री लेकर पहुंचा

श्रीलंका ने रिहा किए 14 भारतीय मछुआरे

- भारत-श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय वार्ता का परिणाम

कोलंबो। श्रीलंका की जेलों में बंद 14 भारतीय मछुआरों को रविवार को रिहा कर दिया गया। मछुआरों की ये रिहाई पीएम मोदी के दौरे के महज कुछ घंटों के अंदर ही की गई है। मछुआरों की गिरफ्तारी और उनकी रिहाई को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी, जो आखिरकार दोनों देशों के नेताओं की बातचीत के बाद सफल हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि हमने मछुआरों के मुद्दों पर बातचीत की है। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने मछुआरों की तत्काल रिहाई और उनकी नावों को वापस करने पर जोर दिया है। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित अवैध शिकार के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से मुख्य रूप से तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी से तनाव का माहौल था।

कांग्रेस का अधिवेशन कल से अहमदाबाद में

- अधिवेशन आठ-नौ को साबरमती रिवर फ्रंट पर

नई दिल्ली। कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में आठ-नौ को अप्रैल को साबरमती रिवर फ्रंट पर होगा। कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने लड़ने का जज्बा या जोश नहीं खोया है, बदलाव धीरे-धीरे होता है। अहमदाबाद में एआईसीसी के अधिवेशन से पहले कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने एक इंटरव्यू में यह बात कही। गुजरात में हो रहा एआईसीसी अधिवेशन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है, जब ध्यान संबंधित राज्य में पार्टी को मजबूत करने और वहां इसका पुराना गौरव बहाल करने पर है। यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव का समय आ गया है, पायलट ने कहा कि कोई भी बदलाव रातोंरात नहीं होता बल्कि धीरे-धीरे होता है। पार्टी पिछड़ों, युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों की स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेतृत्व की भूमिकाएं संभाल रहे युवा

- पायलट ने कहा कि पार्टी के मंच पर हमने उदयपुर घोषणा पत्र को स्वीकार किया और उसका पालन कर रहे हैं। पार्टी की सभी नियुक्तियों में हम उस घोषणापत्र को ध्यान में रख रहे हैं। (पीढ़ीगत) बदलाव अपने आप हो रहा है, कई लोग अब नेतृत्व की भूमिकाएं संभाल रहे हैं चाहे वह संसद के भीतर हो या संसद के बाहर, राज्यों में हो या एआईसीसी में नए लोगों की नियुक्ति हो, युवा अब नेतृत्व की भूमिकाएं संभाल रहे हैं।

ड्रग्स मामलों में केरल नंबर वन

महाराष्ट्र दूसरे और पंजाब तीसरे नंबर पर

नई दिल्ली। केरल 85,000 से ज्यादा दर्ज मामलों के साथ सूची में सबसे ऊपर है। महाराष्ट्र 35,000 से ज्यादा मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसके बाद पंजाब है, जो ड्रग से जुड़े मामलों के लिए जाना जाता है। लेकिन क्या केरल में नशीली दवाओं से जुड़े मामलों में यह वृद्धि कोई हालिया ट्रेंड है? 12 मार्च को लोकसभा के आंकड़ों के अनुसार राज्य में नशीली दवाओं की तस्करी हमेशा से एक बड़ा मुद्दा नहीं था। 2016 में केवल छह हजार मामले दर्ज किए गए थे, जो 2017 में बढ़कर 9,244 हो गए। अगले दो वर्षों तक यह संख्या 9,000 के आसपास रही और 2020 में घटकर लगभग 5,000 हो गई। ऐसा लगता है कि पिछले तीन सालों में यह समस्या और भी बढ़ गई है। 2022 में केरल में ड्रग तस्करी के मामले बढ़कर 26,918 हो गए, जो कि 373 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। 2023 में यह संख्या बढ़ती रही और 30,715 तक पहुंच गई, जो 2024 में थोड़ी कम होकर 27,701 हो गई।

सिंथेटिक ड्रग्स की जब्ती के आंकड़े जारी

- केरल में एटीएस और एमडीएमए सहित सिंथेटिक ड्रग्स की जब्ती के आंकड़े भी जारी किए। 2021 में केवल 5। 42 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया गया, जो 2022 में बढ़कर 9.6 किलोग्राम हो गया। हालांकि 2023 में जब्ती बढ़कर 2,543.22 किलोग्राम हो गई, जिसमें एटीएस की हिस्सेदारी सबसे बड़ी थी। 2024 में यह मात्रा काफी कम होकर 25.85 किलोग्राम हो गई। लेकिन भारत के बारे में क्या? लोकसभा के आंकड़ों के अनुसार, भारत में ड्रग लॉ एंफोर्समेंट एजेंसियों ने सबसे अधिक मात्रा में मारिजुआना जब्त किया, जो कुल 18. 8 लाख किलोग्राम था। एलएसडी 45,814 ब्लॉट्स के साथ दूसरे नंबर पर सबसे अधिक जब्त किया गया ड्रग्स रहा, उसके बाद सीबीसीएस 41,450 लीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहा। अफीम 20,970 किलोग्राम जब्त की गई, जो चौथे नंबर पर रही।

न्यूज BRIEF

कर्नाटक : डीके के पास पार्टी की कमान

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने रविवार को बताया कि पार्टी हाईकमान ने उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पार्टी के राज्य प्रमुख के रूप में बने रहने को कह दिया है। सीएम सिद्धारमैया खेमे के माने जाने वाले कई विधायक और मंत्री चाहते हैं कि शिवकुमार की कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख के पद से छुट्टी हो जाए।

पंजाब : डल्लेवाल का अनशन खत्म

चंडीगढ़। पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने फतेहगढ़ साहिब में किसान महापंचायत में अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने और किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए केंद्र के साथ बातचीत के लिए आगे आने की अपील की थी।

एमए बेबी सीपीएम के नए महासचिव

मदुरै। वरिष्ठ सीपीआई-एम नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य एमए बेबी को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नए महासचिव के रूप में चुना गया है। पार्टी की 24वीं कांग्रेस मदुरै में चल रही है। पोलित ब्यूरो द्वारा बेबी की पदोन्नति की सिफारिश को मंजूरी दिए जाने के साथ ही वे दिग्गज ईएमएस नंबूदरीपाद के बाद इस पद पर आसीन होने वाले केरल के दूसरे नेता बन गए हैं।

बलूच नेताओं को पाक आर्मी ने घेरा

आगे बढ़ने पर रौंद डालने की चेतावनी

बलूचिस्तान। बलूचिस्तान में आर-पार की लड़ाई चल रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी से जुड़ी बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के हजारों समर्थक क्वेटा घेरने के लिए निकल रहे हैं। लेकिन बीच में ही आर्मी ने उन्हें घेर लिया है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को क्वेटा की ओर बढ़ने से रोकने के लिए भारी संख्या में बल तैनात किया है और चेतावनी दी है कि अगर बलूच नेता आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें "रौंद डाला जाएगा"। पाकिस्तानी आर्मी की कोशिश बीएनपी-एम के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल को गिरफ्तार करने की है, ताकि किसी भी तरह बलूच विद्रोहियों को क्वेटा पहुंचने से रोका जा सके। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने लकपास में बलूच नेताओं चारों ओर से घेर लिया। बलूचिस्तान पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए हजारों जवान मौजूद हैं।

वक्फ कानून के खिलाफ जंग

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में दो फाड़, मदनी खिलाफ

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन के मुद्दे पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में दो फाड़ हो गया है। एक तरफ जहां मुस्लिम संगठन ने वक्फ कानून के खिलाफ देशभर में आंदोलन करने की बात कही है, वहीं जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने यह कहकर झटका दे दिया कि सड़कों पर आना मुसलमानों के लिए मुफीद नहीं। मदनी ने कहा, "हम किसी भी मसले को लेकर सड़कों के ऊपर नहीं आते। हम ये समझ रहे हैं कि सड़कों पर आना मुसलमानों के लिए मुफीद भी नहीं है।" उन्होंने वक्फ बिल को लेकर कहा, "संविधान द्वारा दिया गए अल्पसंख्यकों के अधिकार को मौजूदा सरकार छीन रही है।" मदनी ने कहा, "हमारे वक्फ बोर्ड में आप हिंदुओं को क्यों रख रहे हैं। हम खुद इससे निपट लेंगे।

कश्मीर में मासूम की मौत, 6 झुलसे

त्राल। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल में रविवार को आग लगने से 10 साल के एक छात्र की मौत हो गई और छह अन्य लोग झुलस गए। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि त्राल के हमदान दारुल उलूम में आग लग गई, जिसमें एक लड़के यासिर अहमद गग्गी की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग झुलस गए।

गोरखपुर में पांच बैंककर्मी गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर में पूर्व बैंक मैनेजर समेत अन्य बैंककर्मियों ने रुपयों का लालच देकर पहले बैंक समूहों को ऋण दिया। ऋणधारकों को मृत दिखाकर ऋण और बकाया किस्त माफ कराने के साथ पूर्व से इंश्योर किए गए रुपए का गबन कर इंश्योरेंस कंपनी को भी चूना लगाया। पुलिस ने इस मामले में पांच बैंककर्मियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व बैंक प्रबंधक समेत 10 आरोपी फरार हैं। वर्तमान बैंक प्रबंधक की ओर से डेढ़ साल पहले दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद चार आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

- फर्जी डेथ सर्टिफिकेट से इंश्योरेंस कंपनी को लगाया चूना
- पूर्व बैंक प्रबंधक समेत 10 आरोपी फरार

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड इंडसइंड बैंक की शाखा की ब्रांच मैनेजर ने 28 अक्टूबर 2023 को गबन और धोखाधड़ी के संबंध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उनकी तहरीर पर गोला थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। उनकी संस्था का प्रमुख कार्य ग्रामीण एंव अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में महिलाओं का समूह बनाकर स्वरोजगार एवं आय सृजन हेतु आसान ई-केवाईसी के माध्यम से समूह के सदस्यों को बैंक एकाउण्ट में लोन देने एवं साप्ताहिक आसान किस्तो में संग्रह की प्रक्रिया है।

भारत मंडपम में स्टार्टअप इवेंट महाकुंभ

आकर्षण का केंद्र विश्व की सबसे छोटी एंबुलेंस

नई दिल्ली। दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिनों तक चलने वाले स्टार्टअप इवेंट महाकुंभ का आयोजन तीन से पांच अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस आयोजन में भारत समेत 50 देशों की करीब तीन हजार से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां शामिल हुईं। इस महाकुंभ आयोजन में जिसने सबसे ज्यादा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वो है दुनिया की सबसे छोटी एम्बुलेंस। ये सबसे पहली और छोटी सोलर इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस है, जिसकी लंबाई महज 2.9 मीटर है, जो कि टाटा नैनो से भी .2 मीटर छोटी है। यह इवेंट 'स्टार्टअप इंडिया @ 2047 भारत की कहानी का खुलासा' थीम पर आधारित है।

- पुणे के एक छात्र ने तैयार की डिज़ाइन
- 50 देशों की स्टार्टअप कंपनियां शामिल

सुधांशु पाल ने किया डिज़ाइन

इस अनोखी एंबुलेंस को पुणे के इंटरनेश्नल स्कूल में पढ़ने वाले सुधांशु पाल ने डिजाइन किया है। सुधांशु ने बताया कि अभी तक जितने भी एंबुलेंस बने हैं, वो किसी न किसी गाड़ी में फिट किए गए हैं, लेकिन यह पहली गाड़ी है, जिसे एंबुलेंस के लिए डिजाइन किया गया है।

कंपनी ने पार की क्रूरता की हदें

एर्नाकुलम। केरल में एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ऐसी सजा दी है, जिसमें कंपनी ने क्रूरता की हदें पार कर दी हैं। इस उत्पीड़न का वीडियो वायरल होने के बाद केरल के श्रम मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने पूरी घटना की जांच रिपोर्ट मांगी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह ऐसी घटना है, जो नहीं होनी चाहिए थी। इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का उत्पीड़न दोबारा नहीं होना चाहिए।

- 'गले में पट्टा, कुत्तों की तरह बर्ताव'
- कर्मचारी ने नहीं पूरा किया 'टारगेट'
- केरल के श्रम मंत्री ने मांगी रिपोर्ट

एर्नाकुलम श्रम अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है। केरल की जिस कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ऐसी क्रूर सजा दी है, वह बीस वर्षों से कलूर में काम कर रही है। कंपनी के मालिक ने टारगेट पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों पर अमानवीय और क्रूर अत्याचार किया है। ये क्रूरता कंपनी में मार्केटिंग के कर्मचारियों पर की जाती है, जो उत्पाद बेचने के लिए घरों में आते हैं। टारगेट पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों को पैंट उतारकर एक-दूसरे के गुप्तांग पकड़ने, कमरे में कुत्ते की तरह पेशाब करने, किसी का चबाया हुआ फल उठाकर थूकने और फर्श पर पड़े सिक्कों को चाटने जैसे अत्याचार किए जाते हैं।

मुंबई का व्यावसायिक भविष्य

एनएसई के विस्तार को प्लॉट सी-82 आवंटित

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दूरदर्शी नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री तथा एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, इनके उपस्थिति मे मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के 'जी' ब्लॉक में स्थित प्लॉट क्रमांक सी-82 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) को आवंटित करने की कार्योत्तर मंजूरी प्रदान की है। यह निर्णय एमएमआरडीए के भूमि विनियमन नियम, 1977 के विनियम क्रमांक 16 के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है।

- एमएमआरडीए द्वारा बीकेसी में दी मंजूरी
- एमएमआरडीए की 159वीं प्राधिकरण बैठक में अनुमोदित

नवीन आवंटित प्लॉट का विवरण :

- प्लॉट क्रमांक : सी-82
- प्लॉट क्षेत्रफल : 5,500 वर्ग मीटर
- अनुमन्य एफएसआई : 4.00
- नागर विमानन प्राधिकरण की एनओसी (दिनांक 18/09/2018) के अनुसार अनुमन्य ऊँचाई : 69.52 मीटर
- निर्मित क्षेत्रफल : 22,000 वर्ग मीटर
- लीज अवधि : 80 वर्ष
- प्रस्तावित उपयोग : एनएसई के नए प्रशासनिक भवन के लिए (वाणिज्यिक)
- लीज प्रीमियम : 757.90 करोड

19 जुलाई 2024 की अधिसूचना

आवंटित प्लॉट पर 4.00 अनुमन्य एफएसआई से अधिक निर्मित क्षेत्रफल विकसित करने का प्रावधान किया गया है। महाराष्ट्र शासन की 19 जुलाई 2024 की अधिसूचना के अनुसार, एनएसई आवश्यक प्रीमियम का भुगतान कर एमएमआरडीए से अतिरिक्त निर्मित क्षेत्रफल प्राप्त कर सकता है। उपमुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री तथा एमएमआरडीए के अध्यक्ष द्वारा प्लॉट क्रमांक सी-82 के आवंटन संबंधी आयुक्त के प्रस्ताव को, प्राधिकरण की कार्योत्तर मंजूरी के अधीन, स्वीकृति प्रदान की गई। इस स्वीकृति के बाद एमएमआरडीए ने सात मार्च 2025 को एनएसई को आधिकारिक ऑफर लेटर जारी किया। अतिरिक्त क्षेत्र के इस आवंटन से न केवल एनएसई की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि बीकेसी के व्यावसायिक विकास को भी बल मिलेगा। नए प्रशासनिक भवन की स्थापना को प्रोत्साहन देकर यह कदम बीकेसी को एक अग्रणी वित्तीय और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाता है।

विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता : फडणवीस

इस नीति पर टिप्पणी करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा "यह निर्णय महाराष्ट्र की वित्तीय प्रगति और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनएसई को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपने विस्तार की सुविधा देकर हम न केवल मुंबई की पहचान को भारत की वित्तीय राजधानी के रूप में और सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख संस्थाओं के लिए अनुकूल व्यावसायिक वातावरण भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

प्रमुख वित्तीय केंद्र के रूप में सुदृढ़ बनाने का प्रयास : शिंदे

उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने कहा कि कि एनएसई को प्लॉट सी-82 का आवंटन बीकेसी को एक प्रमुख वित्तीय केंद्र के रूप में सुदृढ़ बनाने के एमएमआरडीए के प्रयासों का हिस्सा है। यह कदम व्यावसायिक विकास को गति देगा, एनएसई के विस्तार को समर्थन देगा और मुंबई के आर्थिक विकास में योगदान करेगा। एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने कहा कि "एमएमआरडीए का ध्यान मुंबई के व्यावसायिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केंद्रित है। एनएसई को प्लॉट सी-82 का आवंटन उसके विस्तार में सहायक होगा और बीकेसी को एक शीर्ष व्यवसायिक केंद्र के रूप में और सशक्त बनाएगा।

एमएमआरडीए की 159वीं प्राधिकरण बैठक

यह प्रस्ताव एमएमआरडीए की 159वीं प्राधिकरण बैठक में अनुमोदित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने की। 11 अक्टूबर 2024 को एनएसई द्वारा अतिरिक्त भूखंड हेतु लगभग 4 से 5 लाख वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल क्षमता वाले प्लॉट की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए, एमएमआरडीए ने इस वित्तीय संस्था के महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पर विचार किया। इससे पूर्व, वर्ष 1993 में एमएमआरडीए ने 'जी' ब्लॉक में प्लॉट क्रमांक सी-1 (क्षेत्रफल 16,038.3 वर्ग मीटर, निर्मित क्षेत्रफल 31,044.05 वर्ग मीटर) एनएसई के मुख्यालय 'एक्सचेंज प्लाझा' के लिए आवंटित किया था, जिसमें एमएमआरडीए के भूमि विनियमन नियम, 1977 के कुछ प्रावधानों में छूट

वक्फ के खिलाफ भिवंडी में भारी प्रदर्शन

भिवंडी। वक्फ संशोधन विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से विधेयक पर दस्तखत करने के बाद भी यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। हालांकि संसद में वोटिंग के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सांसद अनुपस्थित भी रहे जिन पर लोग सवाल भी कर रहे हैं। हालांकि एक सांसद ने इस पर अब अपनी सफाई भी दी है। यहां पर वक्फ को लेकर भारी विरोध हो रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी से एनसीपी (शरद पवार) के लोकसभा सांसद

वोटिंग से गायब रहे सांसद ने दी सफाई

सुरेश म्हात्रे, जिन्हें बाल्या मामा के नाम से भी जाना जाता है, ने अपनी सफाई में कहा कि वे अस्वस्थ होने की वजह से वक्फ संशोधन विधेयक पर वोटिंग के दौरान सदन में हाजिर नहीं हो सके थे। सुरेश म्हात्रे की अनुपस्थिति ऐसे समय में हुई, जब भिवंडी में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिसमें शनिवार देर रात को भी क्षेत्र में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शामिल है। संसद के दोनों सदन में वक्फ बिल पास हो गया। यहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल शनिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी। इस बीच भिवंडी में वक्फ अधिनियम के खिलाफ लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और वहां के नेताओं ने राष्ट्रपति से समय मांगा है।

पश्चिम रेलवे चलाएगी दो समर स्पेशल ट्रेनें

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल किराये पर दो स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

1. ट्रेन संख्या 09029/09030 [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस-बनारस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 04.30 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 अप्रेल से 26 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09030 बनारस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 09.30 बजे बनारस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रेल से 27 जून तक चलेगी।

2. ट्रेन संख्या 09033/09034 [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09033 उधना - बरौनी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 20.35 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 03.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। यह ट्रेन नौ अप्रेल से 25 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09034 बरौनी - उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 05.30 बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रेल से 27 जून तक चलेगी।

बदलापुर में 13 साल की कैंसर पीड़िता से रेप

बदलापुर। ठाणे जिले के बदलापुर से शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां बिहार से कैंसर का इलाज कराने आई 13 वर्षीय लड़की के साथ दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब मेडिकल जांच में वह गर्भवती पाई गई। आरोपी युवक भी बिहार का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पीड़िता मुंबई में इलाज कराने आई थी, लेकिन आरोपी उसे उसके परिवार वालों को साथ लेकर बदलापुर ले आया। बिहार में रहने वाली एक 13 वर्षीय लड़की को कैंसर होने का पता चला। वह इलाज के लिए मुंबई आना चाहती थी, इसलिए पास के गांव में रहने वाले एक 27 वर्षीय व्यक्ति ने उसकी मदद की और बदलापुर में एक घर किराए पर ले लिया। इस बीच उसने कैंसर से पीड़ित 13 साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया।

माजीवाड़ा फ्लाईओवर 19 तक बंद

ठाणे। ठाणे के माजीवाड़ा फ्लाईओवर 19 अप्रैल तक रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

घोड़बंदर और नासिक तक वाहन से जाने वाले लोगों को फ्लाईओवर के बजाय पुल के नीचे से यात्रा करनी होगी। परिवहन उपायुक्त पंकज शिरसाट ने बताया कि मेट्रो स्टेशन माजीवाड़ा होने के कारण इस दौरान इसका गर्डर बिछाने का काम किया जाएगा। मुंबई से घोड़बंदर रोड और नासिक की ओर यात्रा करने वालों के लिए वाहनों को वैकल्पिक मार्ग दिए गए हैं। इस दौरान यातायात जाम से बचने के लिए यातायात नियमों को लागू करने के लिए 1 पुलिस निरीक्षक, दो अधिकारी, 10 कर्मचारी और 35 ट्रैफिक वार्डन तैयार रहेंगे और रात्रि टीम भी सतर्क रहेगी। वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का आग्रह किया गया है।

परियोजना स्थल पर पहुंचे विक्रोली पुल के सभी गर्डर्स

मुंबई। मुंबई के पूर्व और पश्चिम उपनगरों को जोड़ने वाले विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास के उड़ान पुल का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस पुल के सभी गर्डर्स परियोजना स्थल पर पहुंचा दिए गए हैं। इस पुल का काम तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण का काम पूरा हो गया है। पहले चरण में छह गर्डर्स स्थापित कर दिए गए हैं। बाकी दो चरणों का काम प्रगति पथ पर है। इन दो चरणों में कुल 12 गर्डर्स रखे जाएंगे। मुंबई मनपा की योजना है कि मई के अंत तक इस पुल को यातायात के लिए खोल दिया जाए। मुंबई मनपा आयुक्त और प्रशासक भूषण गगराणी के मार्गदर्शन में मुंबई मनपा के पुल विभाग द्वारा महत्त्वपूर्ण आधारभूत सुविधाओं और विभिन्न परियोजनाओं को हाथ में लिया गया है। मुंबईकर नागरिकों की यात्रा में कम से कम समय लगे, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर उड्डाणपुलों का निर्माण, रेलवे मार्ग पर गर्डर्स स्थापित कर पुलों का निर्माण, सड़कों की गुणवत्ता बेहतर हो इसके लिए सीमेंट कांक्रीट की सड़कों का निर्माण आदि परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसी क्रम में विक्रोली रेलवे स्टेशन परिसर में मध्य रेलवे मार्ग पर पुल निर्माण का कार्य हाथ में लिया गया है। इस पुल के मुख्य गर्डर रखने का कार्य शीघ्र ही हाथ में लिया जाएगा। विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास मध्य रेलवे मार्ग पर निर्मित हो रहे पुल की कुल चौड़ाई 12 मीटर तथा लंबाई 615 मीटर है। इसमें से 565 मीटर का निर्माण मनपा कर रही है, जबकि शेष 50 मीटर लंबाई का निर्माण रेलवे द्वारा किया जाएगा। इस पुल पर रखे जाने वाले गर्डर लगभग 25 मेट्रिक टन वजनी हैं। इन गर्डर्स की लंबाई 25 से 30 मीटर है। पुल के तीन चरणों में इन गर्डर को रखा जाएगा। प्रत्येक चरण में 6, इस प्रकार कुल तीन चरणों में 18 गर्डर रखी जाएंगी। इनमें से पहले चरण के 6 गर्डर्स सफलतापूर्वक रखे जा चुकी हैं। शेष दो चरणों का कार्य प्रगतिपथ पर है। इस पुल के कुल 19 स्तंभों में से पूर्व दिशा की ओर 12 तथा पश्चिम दिशा की ओर 7 स्तंभ खड़े किए गए हैं।

- उड़ान पुल का कार्य अंतिम चरण में
- मई अंत तक पुल को यातायात को खोलने की योजना

पश्चिम रेलवे चलाएगी तीन समर स्पेशल ट्रेनें

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

ट्रेन संख्या 09183/09184 [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 22.50 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10.30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रेल से 25 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को वाराणसी से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 04.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रेल से 27 जून तक चलेगी।

ट्रेन संख्या 09043/09044 [24 फेरे]

ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08.00 बजे बढ़नी पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.50 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 अप्रेल से 30 जून तक चलेगी।

ट्रेन संख्या 09195/09196 [26 फेरे]

ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 19.00 बजे वडोदरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.45 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 अप्रेल से 30 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09196 मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल मऊ से प्रत्येक मंगलवार को 23.45 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 00.45 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 अप्रेल, से एक जुलाई तक चलेगी।

मध्य रेलवे वित्त वर्ष 2024-25

मल्टी-ट्रैकिंग और बुनियादी ढांचे में हासिल की भारी सफलता

मुंबई। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 325.93 किलोमीटर ट्रैक की कमीशनिंग पूरी करके मध्य रेल ने बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इसमें कमिश्नर रेलवे सेफ्टी द्वारा दी गई 258.44 किलोमीटर ट्रैक की संरक्षा मंजूरी और 67.49 किलोमीटर ट्रैक का इंजन ट्रायल रन पूरा करना शामिल है। इस वित्त वर्ष के दौरान दो प्रमुख यातायात सुविधा कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए हैं।

325.93 किलोमीटर ट्रैक की कमीशनिंग पूरी की

- 24 कोच वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए सीएसएमटी पर प्लेटफॉर्म नंबर 10/11 और प्लेटफॉर्म नंबर 12/13 का विस्तार और यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान।
- कसारा यार्ड में अप और डाउन लाइनों में 3-3 रीसीट और डिस्पैच लाइनों का विस्तार और कसारा में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 का विस्तार और चौड़ीकरण।
- 00 से अधिक रूट वाले 9 प्रमुख यार्डों में यार्ड रीमॉडलिंग जैसे कि सीएसएमटी, खंडवा, सिंदी, पुणतांबा, पचोरा, भांदक, सेलू रोड, हिंगणघाट और चिकनी रोड।
- - 3 प्रमुख यार्डों में परिवर्तन जैसे कि कसारा, चालीसगांव और गोधनी।

रेलवे बोर्ड को कुल 19 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई हैं, जिनमें से 6 को मंजूरी दे दी गई है और 13 अंतिम मंजूरी की प्रतीक्षा कर रही हैं।वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, "योजना शीर्ष" (पीएच) 30 के तहत 3 रोड ओवर ब्रिज और 3 रोड अंडर ब्रिज पूरे किए गए हैं।

मध्य रेल की 72 अतिरिक्त सेवाएं ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा

अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1058 ट्रेनों की घोषणा

मुंबई। मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1058 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 986 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 72 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा। अतिरिक्त 72 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

एलटीटी मुंबई-रक्सौल- एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

05558 विशेष । 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी मुंबई से 07.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी। (12 सेवाएं)। 05557 विशेष। आठ अप्रेल से 24 जून तक मंगलवार को 19.15 बजे रक्सौल से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.50 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। **(12 सेवाएं)**

एलटीटी मुंबई-सहरसा- एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

05586 विशेष। 13 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को 16.35 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 09.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। **(12 सेवाएं)**। 05585 विशेष । 11 अप्रेल से 27 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को 17.45 बजे सहरसा से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.30 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। **(12 सेवाएं)**

एलटीटी मुंबई-धनबाद-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

03380 विशेष । 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 17:00 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 08.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। **(12 सेवाएं)**। 03379 विशेष । आठ अप्रेल से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को 23.00 बजे धनबाद से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 14.15 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। **(12 सेवाएं)**।

मिलजुल कर करना होगा जनकल्याण :श्री श्री आनन्दमूर्ति

परमपुरुष साधना मार्ग में आगे ले चलने का दायित्व लेते हैं, किन्तु पथ निर्देशना के साथ-साथ उसकी सामग्री का भी प्रबन्ध करते हैं । ताकि जिससे सब आगे बढ़ सके, जिससे समाज के लोग आगे चलता रहे और यह प्रेरणा भी वे ही देते हैं । ऐसा न होने पर मनुष्य अन्धकार में ही रह जाता और उसी में उँघता रहता और कहता-मैं ठीक हूँ और अच्छा ही हूँ । जैसे, कुएँ का मेंढक जानता है कि कुऐं के बाहर पृथ्वी नहीं है । धर्म एक ऐसी वस्तु है, जो मनुष्य के जीवन के सभी क्षेत्रों के लिए प्रेरणा देती है । धर्म, मनुष्य जीवन में सब कुछ को लेकर है । मनुष्य का जीवन एक फूल नहीं है, बल्कि फूलों का एक गुच्छा या गुलदस्ता है, उसमें विभिन्न प्रकार के रुप, रस, रंग और विभिन्न प्रकार का माधुर्य है। वे उस माधुर्य को चारों ओर सभी कोनों में विकीर्ण करते चलते हैं । इसके भीतर ही रहती है उनके अस्तित्व की सार्थकता और चरितार्थता ।

अब यदि एक मनुष्य धार्मिक है, तो वह जीवन के प्रति स्तर में अपनी धार्मिकता का चिन्ह अंकित करता चलेगा । वह व्यक्तिगत जीवन में न तो अन्याय करेगा और न अन्याय को सहेगा ही । वह सामाजिक जीवन में भी जनगोष्ठी के बारे में कोई अन्याय नहीं होने देगा, किसी अन्याय को सहन नही करेगा । मनुष्य का अस्तित्व जड़, स्थूल सूक्ष्म और कारण इन सबको लेकर है । जिससे सभी मनुष्य सतपथ पर रह सकें, जिससे अन्न, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा की व्यवस्था हो, उस ओर वह अवश्य देखेगा । त्रुटि-विच्युति के फलस्वरुप यदि कोई चोर बनता है तो उस चोर का जितना दायित्व है, उससे लाख गुना अधिक दायित्व समाज का है, क्योंकि समाज ने ही उसको चौर्य वृत्ति में प्रवृत्त किया था । कृष्ण जिस युग में अविर्भूत हुए थे, उस युग में भारत छोटी जनगोष्टियों में, छोटे-छोटे राष्ट्रों में विभक्त था । वे एक दूसरे के साथ केवल संघर्ष में लिप्त रहा करते थे, यह संघर्ष कोई आदर्शगत संघर्ष नहीं था, यह संघर्ष तत्कालीन राजाओं की साम्राज्य-लिप्सा के कारण होता था । इसके पीछे और न तो कोई दर्शन था, न कोई शुभ भावना थी, और न ही कोई कल्याण प्रेरणा थी । केवल व्यक्तिगत स्वार्थसिध्दि, व्यक्तिगत लोभवृत्ति को चरितार्थ करने के लिए राजा लोग एक दूसरे राज्य के ऊपर आक्रमण करते थे-ऐसी ही थे उनकी साम्राज्य-लिप्सा । उनके भीतर धर्म बोध का अभाव था । इसलिए वे इस तरह अन्याय करते थे, देश टुकड़ों-टुकड़ों मे बँट गया था । कृष्ण ने देखा कि ये छोटे-छोटे देश अकेले आत्मरक्षा में असमर्थ हैं । जो आत्मरक्षा में असमर्थ है, वे जनकल्याण करने में भी असमर्थ है । इसलिए जिससे वे लोग आत्मरक्षा की व्यवस्था कर सकें, जिसके वे यथायथ तरीके से जनकल्याण कर सकें। इसीलिए उन्होंने निश्चय किया कि सबको एक धर्मराज में बाँद देंगे, टुकड़ों में बँटे भारत को एक कर देंगे, ताकि उसके जनगोष्ठी संयम हो सके । यह संयत और धर्म भित्तिक भारत मनुष्य जाति को नया पथ दे सके । मनुष्य जाति को नये रुप से समझा सके कि तुम मनुष्य हो, मनुष्य के विचार से तुमको मिलजुल कर आगे बढ़ना होगा, मिलजुल कर जनकल्याण करना होगा । टुकड़ों में खण्डीकृत भारत एक हो सके, महाभारत का गठन हो सके। इसी के लिए उन्होने समस्त धर्मबुध्दि संपन्न राजाओं को, धर्मबुध्दि सम्पन्न मनुष्यों को, साधारण मनुष्यो को भी, केवल साधारण मनुष्य ही नहीं, अवज्ञात मनुष्य को भी जैसे विदुर कोई साधारण मनुष्य भी नहीं थे, वे अवज्ञागत मनुष्य थे-सभी को लेकर एक धर्मराज्य प्रतिष्ठा के स्वप्न को वास्तव रुप देने का प्रयास किया । उस समय देश छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त था, इस प्रकार के छोटे राज्य अपने को बचा नहीं पाते, रक्षा नहीं कर पाते । यह बात कृष्ण पहले ही समझ गये थे तथा तद्नुयायी व्यवस्था भी की थी । उस समय अंग, बंग, कलिंग सौराष्ट्र, मगध इत्यादि छोटे-छोटे राज्य थे । इस प्रकार समस्त धार्मिकों को एक झण्डे के नीचे लाकर एक धर्मराज्य, एक महाभारत बनाने का उनका प्रयास था ।

प्रस्तुतिः दिव्यचेतनानन्द अवधूत

शहर में एक लाख 50 हजार 590 मीटर लंबाई वाले 21 नाले

वसई विरार शहर में नालों की सफाई शुरू

विरार। वसई विरार शहर में शुक्रवार से नालों की सफाई का काम शुरू हो गया है। यह सफाई मशीनी तरीकों से मानसून से पहले पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए 24 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। शहर के नालों की सफाई अक्सर मानसून से पहले की जाती है। शहर में 1 लाख 50 हजार 590 मीटर लंबाई वाले 21 नाले हैं। अवैध निर्माण, मिट्टी का भराव, विकास के नाम पर अवरुद्ध किए गए प्राकृतिक नाले, कचरा, गाद और मिट्टी के मलबे ने नालों को अवरुद्ध कर दिया है। इसके अलावा,नालों के अवरुद्ध होने से पानी के बहाव में दिक्कतें होती हैं, दूसरी ओर, नागरिकों को मच्छरों के प्रकोप और बदबू की समस्या को सहना पड़ता है। इसके कारण पिछले कुछ वर्षों से वसई विरारकर बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं।अगर एक घंटे भी बारिश होती है, तो निचले इलाकों में पानी जमा हो जाता है। इसलिए, मनपा ने इस साल अप्रैल महीने में ही नाला सफाई का काम शुरू करने का फैसला किया था। तदनुसार, शुक्रवार से एक साथ 9 वार्डों में नाला सफाई का काम शुरू किया गया है। 2024 में भी, मनपा ने अप्रैल के मध्य में नाला सफाई शुरू की थी।इस वर्ष नगर पालिका ने नाला खुदाई और बाढ़ निरोधक कार्यों के लिए 24 करोड़ रुपए का अलग से प्रावधान किया है। मानसून आने से पहले शहर के सभी नालों की सफाई कर कचरा निकाली जाएगी। इससे बारिश के पानी की तेजी से निकासी हो सकेगी, ऐसा उपायुक्त नानासाहेब कामठे (ठोस अपशिष्ट) ने बताया। नालों की सफाई करते समय नगर पालिका ने पानी या दलदली क्षेत्रों से कचर निकालने के लिए ड्रेन मास्टर नामक आधुनिक मशीन का उपयोग करना शुरू किया है, जहां पोकलेन मशीन या जेसीबी नहीं पहुंच पाती। कुछ नाले वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। चूंकि इसके लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक है, इसलिए नगर पालिका ने वन विभाग को पत्र लिखा है। प्रतिदिन होने वाले नाला सफाई कार्य की निगरानी प्रत्येक वार्ड के उपअभियंता, सहायक आयुक्त, उपायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त करेंगे। प्रत्येक अधिकारी को निगरानी के लिए एक नाला दिया गया है। नगर पालिका ने विश्वास जताया कि इस योजना से नाला सफाई का काम सुचारू रूप से हो सकेगा।शहर में चल रहे नाले की सफाई के काम की निगरानी अधिकारियों द्वारा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह काम सही तरीके से और प्रभावी ढंग से हो। सहायक आयुक्त, उपायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त हर हफ्ते शहर के 9 वार्डों में नालों की निगरानी करेंगे। नालों से निकाली गई कचरों को डंप करने के लिए जगह भी चिन्हित की गई है। वसई विरार शहर में 180 किलोमीटर की लंबाई वाले 150 से अधिक नाले हैं। सबसे ज्यादा नाले जी-वालिव (51) और एफ-पेलहर (43) वार्ड में हैं।

निरीक्षण गृहों में स्थापित होंगे हेल्प डेस्क

▸▸ प्रस्ताव को सीएम फडणवीस की मंजूरी

▸▸ विधि संघर्षित बालकों के पुनर्वास के लिए कानूनी, सामाजिक व परामर्श सेवाएं कराई जाएंगी उपलब्ध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। विधि संघर्षित बालकों (सीसीएल) के पुनर्वास के लिए कानूनी, सामाजिक व परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु राज्य के निरीक्षणगृहों में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। यह प्रस्ताव समाजसेवी उद्योगपति अज़ीम प्रेमजी द्वारा दिया गया था, जिसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वीकृति दी है। ये हेल्प डेस्क सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। सीसीएलबच्चों के पुनर्वास के उद्देश्य से टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टिस), किशोर न्याय संसाधन केंद्र (आरसीजेजे), और महिला व बाल विकास विभाग, महाराष्ट्र सरकार के बीच एक ऐतिहासिक समझौता किया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह हेल्प डेस्क विधिसंघर्षित बालकों को सम्मान और सहानुभूति के साथ देखने का एक प्रयास है।

▸▸ बच्चों को बनेगा सशक्त माध्यम हेल्प डेस्क

इन बच्चों की सामाजिक और कानूनी समस्याओं को सुनने और मदद पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम होगा। इससे कम उम्र में ही उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। विधिसंघर्षित बच्चों से जुड़े मुद्दे केवल मानवाधिकारों के नहीं, बल्कि सतत मानवी विकास के भी गंभीर विषय हैं। इन बच्चों का पुनर्वास करना महाराष्ट्र सरकार की एक महत्वपूर्ण और नैतिक जिम्मेदारी है। हेल्प डेस्क की स्थापना के बाद कानूनी प्रक्रिया को बेहतर समझा जा सकेगा, बच्चों के शोषण व गलतफहमियों में कमी आएगी, न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिससे पुनर्वास और समाज में पुनः एकीकरण को बल मिलेगा।

गरीब और कमजोर वर्ग से होते बच्चे

अक्सर ये बच्चे गरीब और कमजोर वर्ग से होते हैं, जिनके पास कानूनी जानकारी नहीं होती। कई बार वकीलों से मिली गलत सलाह, सामाजिक कलंक और भावनात्मक आघात के कारण न्यायिक प्रक्रिया में बाधाएं आती हैं। माता-पिता भी अक्सर कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ होते हैं। ऐसे में नशे से दूर रखने और समुपदेशन के लिए हेल्प डेस्क की मदद ली जाएगी। सीसीएल बच्चों और उनके अभिभावकों को उनके अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, बाल न्याय बोर्ड, वकील, सीडब्लयुसी व अन्य संबंधित संस्थाओं से समन्वय किया जाएगा, और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा निरंतर सेवा प्रदान की जाएगी। यह योजना पहले चरण में नागपुर, यवतमाल, लातूर, पुणे और ठाणे इन पाँच जिलों में लागू की जाएगी, जहाँ 4,000 बच्चों तक पहुँचने का लक्ष्य है।

हेल्प डेस्क में दी जाने वाली प्रमुख सेवाएं

किशोरों और उनके पालकों को किशोर न्याय प्रणाली की जानकारी व मार्गदर्शन। कानूनी सहायता और पुनर्वास के लिए संदर्भ सेवा। सामाजिक जांच रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना। शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, नशामुक्ति और फॉलोअप सेवा। 24 घंटे हेल्पलाइन सेवा। बाल न्याय, बाल संरक्षण एवं अन्य संबंधित संस्थाओं से समन्वय और लंबित मामलों का निवारण।

वॉकएबल सिटीज़ मुंबई कॉन्क्लेव 2025

सामाजिक कार्यकर्ता मंजू लोढ़ा सम्मानित

■ 'प्रमुख स्टार सिटीजन ऑफ मुंबई' सम्मान से नवाजा

■ वाई. बी. चौहाण सभागृह में आयोजित कार्यक्रम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरपर्सन, अंतर्राष्ट्रीय हिंदी जैन साहित्य संगम की अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष, 'परमवीर चक्र वॉर डायरी' की लेखिका, प्रसिद्ध कवयित्री, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरणादायी वक्ता डॉ. मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा को 'प्रमुख स्टार सिटीजन ऑफ मुंबई' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वॉकएबल सिटीज़ मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में उनके सतत सामाजिक योगदान और मुंबई को अधिक सुलभ, सुरक्षित व सतत शहर बनाने के लिए किए गए प्रयासों हेतु प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम वाई. बी. चौहाण सभागृह में आयोजित किया गया था। यह प्रतिष्ठित सम्मान बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पर्यावरण एवं सतत विकास टास्क फोर्स के सदस्य श्री पाशा पटेल तथा ग्लोबल होलिस्टिक हेल्थ गुरु एवं प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट के एम्बेसडर श्री मिक्की मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। डा. मंजू लोढ़ा ने इस अवसर पर कहाकि "कहते हैं कि वह व्यक्ति बुद्धिमान होता है जो बीमार होकर दवाई लेकर ठीक हो जाता है, लेकिन वह सच्चा, खुशहाल और दूरदर्शी चिकित्सक वही है जो अपनी दैनिक दिनचर्या में थोड़ा-सा बदलाव कर ले और खुद को बीमार ही न पड़ने दे। चलना, जागरूकता और जीवनशैली में सुधार-यही स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव है।"

यह सिर्फ चौड़ी सड़कों या बेहतर फुटपाथ की बात नहीं है। यह हर मुंबईकर की रोजमर्रा की यात्रा में सम्मान, सुरक्षा और सहजता लौटाने की बात है। एक वॉकएबल शहर एक जीवंत शहर होता है, जहाँ हर बच्चा, बुजुर्ग और नागरिक को लगना चाहिए कि यह शहर उनका अपना है। मैं इस पहल की सराहना करती हूं और एक बेहतर मुंबई के लिए यह कॉन्क्लेव सनविन ग्रुप द्वारा प्रायोजित था, जिसके टाइटल स्पॉन्सर संदीप बजोरिया थे। डा. लोढ़ा ने बजोरिया का इस अद्भुत आयोजन और सम्मानजनक आमंत्रण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

आंजणा पटेल समाज, मुंबई

राजेश्वर भगवान जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▸▸ रामनवमी महोत्सव में दिखी श्रद्धालुओं की की श्रद्धा

▸▸ महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित

▸▸ समाज की एकजुटता और चेतना का प्रतीक बना आयोजन

मुंबई। श्री राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव तथा रामनवमी महोत्सव का आयोजन आंजणा पटेल समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में समाज के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जो समाज की एकजुटता और चेतना का प्रतीक बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरखाराम ने की। अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में उन्होंने समाज बंधुओं से शिक्षा, एकता और सामूहिक विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। संस्था के सचिव पीराराम ने विशेष रूप से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने, नशा मुक्त समाज की दिशा में काम करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

समाज के गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति

■ इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ व सक्रिय सदस्यों गोवाराम,अखाराम, जगसीराम,मुलाराम,प्रभुराम,नरेन्द्र,सांवलाराम,वगताराम,डायारामजी,नरसीराम , ओखाराम वम्मल, धवल,नेताराम,तलसाराम,तीकमाराम,वगताराम अरणाय, भगवानाराम,लुम्भाराम,मंजीराम,जोराराम,नेथीराम तथा अन्य सभीसमिति सदस्य व भादरूणा गांव के भामाशाहों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गौरव प्रदान किया।

सांस्कृतिक व धार्मिक समागम बना प्रेरणा स्रोत

■ पूरे आयोजन में भक्ति, संस्कृति और समाज सुधार की गूंज सुनाई दी। राजेश्वर भगवान की आराधना के साथ रामनवमी की पावन जयंतियां एक साथ मनाकर समाज ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जीवंत किया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक समारोह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, शिक्षा के महत्व, सांस्कृतिक जागरूकता और समाज सुधार की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हुआ। इस तरह के आयोजनों से समाज में नई पीढ़ी को दिशा देने की प्रेरणा मिलती हैं।

गोंदिया में 50 से ज्यादा लोग बीमार

गोंदिया। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक गांव में शादी समारोह में खाना खाने के बाद बच्चों समेत 50 से अधिक लोग बीमार हो गए और उनमें से कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों का गोरेगांव तहसील के ग्रामीण अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और गोंदिया के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रभावित लोगों ने शनिवार को बाबई गांव में एक शादी में खाना खाया था। हालांकि इस खाने में क्या मिला था, जिसकी वजह से लोग बीमार पड़े, ये जांच का विषय है। फिर भी इस मामले की इलाके में काफी चर्चा है, जिसने कई लोगों को बेमतलब में अस्पताल पहुंचा दिया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

■ शादी में दावत खाना पड़ा भारी

राजस्थानी रावल ब्राह्मण समाज-मुंबई

53 विद्यार्थियों को 4.50 लाख की मदद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। जय महादेव शिक्षा संस्था (राजस्थानी रावल ब्राह्मण समाज-मुंबई महानगर) की वार्षिक बैठक का आयोजन श्रीबेन्केट हॉल, चिरा बाजार में आयोजित की गई। जिसमे अध्यक्षीय भाषण देते हुए संस्था अध्यक्ष कनुभाई रावल भंदर ने शिक्षा सस्था द्वारा पिछले वर्ष के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले वित्तिय वर्ष में संस्था ने समाज के 53 विद्यार्थियों को करीब 4.50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था के संरक्षक बाबूभाई रावल फलवदी ने बताया कि सस्था समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए अच्छे कार्य कर रही है। समाज में दानदनाओं की कमी नहीं है। कार्ययोजना अच्छी होनी चाहिए।

प्रवक्ता कान्तिभाई भन्दर ने बताया की आगामी वर्षो में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को विशेष सहायता की प्रदान की जाएगी। भवरजी बेडा,सुरेश पेशुआ सहित कई समाज बंधुओं ने शिक्षा के लिए विशेष सहायता राशि की घोषणा की गई। मंच संचालन जीतूभाई सारणेश्वर ने किया एवं आगामी वर्ष मे कक्षा 9 से उपर के विद्यार्थियों को ही आर्थिक सहायता प्रदान करना। विधवा माँ के बच्चे तथा निराश्रित बच्चों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव पास किया गया। संगठन अध्यक्ष मूकेशभाई पिण्डवाडा ने संस्था द्वारा समाज में किये जा रहे अच्छे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा सभी से आवाह्न किया कि इस संस्था से जुड़कर समाज विकास में अपनी भूमिका निभाएं। रविवार के कार्यक्रम में चंदू पिंडवाड़ा,भंवर ,सुरेश ,गोविंद ,सरूप ,पंकज भाई,बद्रीभाई,हरीश भाई,जसराज ,हस्तीमल ,मनोहर ,सुरेंद्र ,पुखराज , दिलीप ,राजूभाई, नेम ,चंदूभाई,सुरेशभाई,जीतूभाई,अशोकभाई,मनोजभाई,नरेशभाई,जगदीश आदि युवा समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

नालासोपारा में निकाली रामनवमी शोभा यात्रा

नालासोपारा। श्रीरामनवमी पर सकल हिन्दू समाज की ओर से रविवार को निकाली गई शोभायात्रा में जय श्रीराम के जयकारे लगे। शोभायात्रा में शामिल लोग बाइक पर सवार थे। भगवान अवधूत राम आश्रम से शोभा यात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा धानिव बाग, श्रीराम नगर, विलालपाडा, गोराई नाका, संतोष भुवन स्थित पेट्रोल पंप तक गई। यात्रा में शामिल लोग भगवा झंडे और पगड़ी धारण किए हुए थे। हर-हर महादेव, जय बजरंग बली, जय श्रीराम जैसे जयघोष कर रहे थे। शोभायात्रा में शामिल आयोजक मंडल के पदाधिकारी ने बताया कि वसई- विरार में श्रीरामनवमी को लेकर खास उत्साह है। शोभायात्रा में विधायक विलास तरे सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। उधर शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी अलर्ट थी। सहायक पुलिस आयुक्त बजरंग देसाई,पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी, क्राइम ब्रांच यूनिट 2 के पुलिस निरीक्षक साहुराज रणवरे और ईओडब्ल्यू के पुलिस निरीक्षक विलास सूपे कमान संभाले हुए थे।

ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की पहल

पार्टी के कई कार्यकर्ताओं का मिला समर्थन

एनसीपी पवार गुट की पूर्व नगरसेवक भाजपा में शामिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। ठाणे में भाजपा के स्थापना दिवस (छह अप्रैल) और श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के पूर्व नगरसेवक छायाताई राव, मधुर राव, सामाजिक कार्यकर्ता योगेश भंडारी और घोड़बंदर क्षेत्र के लांड्री एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कनोजिया के साथ कई अन्य कार्यकर्ताओं सहित भाजपा में शामिल हुए। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले द्वारा मीडिया को दी गई। रविवार की सुबह भाजपा के ठाणे संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की पहल पर पिछले कुछ दिनों से सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न दलों के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की पूर्व पार्षद रागिनी बैरीशेट्टी भी वहां पहुंचीं। पूर्व शिवसेना पार्षद और अब राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सदस्य, श्रीमती छाया राव और मधुर राव, भाजपा में शामिल हो गए। वहीं उथलसर के सामाजिक कार्यकर्ता योगेश भंडारी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा थाम लिया।

एचसीसी का 129वें वर्ष में पदार्पण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। हिन्दुस्तान चेंबर ऑफ कामर्स (एचसीसी)के 129वें वर्ष में पदार्पण के शुभ अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव एवं संस्थापना दिवस समारोह रामनवमी छह अप्रैल को चेंबर में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान राम की पूजन आरती की गई और प्रसाद वितरण किया । इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष सुशील गाड़िया, उपाध्यक्ष गोविन्द सराफ, सम्मान्य मंत्री महेन्द्र जैन, अमृत खिवेसरा , कोषाध्यक्ष अनुराग, पोद्दार स्कूल अध्यक्ष देवीचंद चौपड़ा, संरक्षक हरीराम अग्रवाल, शिखरचंद जैन, अशोक पारेख, पारस जैन, श्यामसुंदर चाचान , महेश उपाध्याय, सुरेन्द्र झा तथा सभी स्टाफ उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं चेंबर दिनों दिन प्रगति करे और व्यापार में वृद्धि हो ऐसी कामना की।

▸▸ रामनवमी में की आरती और प्रसाद वितरण

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : भूषण गगराणी

मुंबई। मुंबई महानगर में सीमेंट कांक्रीट सड़कों के निर्माण का कार्य व्यापक स्तर पर जारी है। इस कारण मनपा प्रशासन पर बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है। लेकिन, इस आलोचना को सकारात्मक रूप में लेना चाहिए, और इसे अवसर एवं चुनौती के रूप में देखना चाहिए। यदि वर्तमान में जारी कांक्रीटीकरण का कार्य मानसून पूर्व पूरा कर लिया जाए, तो गड्ढों की समस्या में कमी आएगी, सड़क जुड़ाव में वृद्धि होगी और मुंबईकरों की यात्रा और अधिक सुगम होगी। मुंबईकरों को एक सुखद अनुभव प्राप्त होगा, ऐसा प्रतिपादन मुंबई मनपा आयुक्त तथा प्रशासक भूषण गगराणी ने किया। कांक्रीटीकरण के कार्य अधिक तेज़ी से करते समय गुणवत्ता से कोई भी समझौता कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ठाणे में पूर्व भाजपा पार्षद कार्यालय पर हमला

ठाणे। ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में पांच अप्रैल की रात्रि 10.41 बजे अचानक पांच-सात अज्ञात लोग मुंह कपड़े से ढके हुए थे,पूर्व भाजपा पार्षद रोहित महादिक के कार्यालय पर तलवारों से हमला कर पूरा कार्यालय तहस नहस कर दिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। गिरोह ने कार्यालय में तोड़फोड़ की और वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमला करते हुए तलवारों से वार पर वार करते रहे। हमला करने के बाद वह मौके से फरार हो गए। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

सीएम कर रहे हर घर का सपना साकार : अतुल भातखलकर

मुंबई। हर घर का सपना अब राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा पूरा किया जा रहा है। कांदिवली पूर्व विधानसभा के विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्व-विकास के संबंध में जो निर्णय लिए हैं, उनसे उन्हें खुशी मिली है, इसके लिए वे उनका जितना भी आभार व्यक्त करें, कम है। उन्होंने यह बात आर्य चाणक्य नगर में स्वयंभू सहकारी आवास सोसायटी की विकास परियोजना के भूमि पूजन समारोह में भाग लेते हुए कही। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्व-पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए 'एकल खिड़की' प्रणाली योजना लागू की है। भातखलकर ने कहा कि इस प्रणाली के तहत स्व-पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक अनुमतियां और संबंधित प्रक्रियाएं अब तेज और अधिक पारदर्शी हो गई हैं। मुंबई जिला बैंक ने भी इन स्व-पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया है। इसके लिए मुंबई जिला बैंक के अध्यक्ष, विधायक प्रवीण दारकेकर और मुंबई जिला बैंक के अतुल भातखकर ने आभार व्यक्त किया है। आर्य चाणक्य नगर में स्व-पुनर्विकास परियोजना पूरे कांदिवली पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए एक मिसाल कायम करेगी। कांदिवली पूर्व के स्थानीय विधायक अतुल भातखलकर ने आश्वासन दिया कि मराठी लोगों का 'अपने अधिकार का एक बड़ा घर' का सपना निश्चित रूप से तेज गति से पूरा होगा और वे इस परियोजना के लिए हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

■ कांदिवली के चाणक्य नगर में स्वयंभू सहकारी आवास सोसायटी की विकास परियोजना के भूमि

बीड की मस्जिद में विस्फोट का मामला

दो आरोपी गिरफ्तार, लगा यूएपीए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के बीड जिले में ईद पर एक मस्जिद में विस्फोट का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया था। वहीं अब गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 'आतंकवादी कृत्य' के लिए गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा लगाई है। ईद-उल-फित्र की पूर्व संध्या पर 30 मार्च को गेवराई तहसील के अर्ध मसला गांव की एक मस्जिद में विस्फोट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने जिलेटिन की छड़ों का उपयोग करके इस घटना को अंजाम दिया था। यह घटना कथित तौर पर जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद घटी, जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने विस्फोट के कुछ ही घंटों के भीतर स्थानीय निवासी विजय राम गव्हाने (22) और श्रीराम अशोक सागड़े (24) को गिरफ्तार कर लिया था।

मीरा रोड में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

ठाणे। एमबीवीवी पुलिस कमिश्नरेट की सीमा के भीतर सात गंभीर अपराधों का आरोपी अंबिका छोटू केसरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जल्द ही उसके तड़ी पार होने की संभावना है। पीटा एक्ट, अर्धहत्या और अन्य गंभीर अपराधों में आरोपी अंबिका केसरी को एमबीवीवी पुलिस ने सेक्स रैकेट मामले में गिरफ्तार किया है। ठाणे जिले के मीरा रोड स्थित ओल्ड गोल्डन नेस्ट हिमालय टॉवर में रहने वाले अंबिका छोटू केसरी पर कई गंभीर अपराधों का आरोप है, लेकिन शीतल नगर क्रुणाल हाउस, एम. टी. एन. एल. रोड, एवेन्यू लॉजिंग बोर्डिंग और भायंदर पूर्व नवघर रोड स्थित ओम साईं गेस्ट हाउस में रहने वाले अंबिका छोटू केसरी को बांग्लादेशी लड़कियों द्वारा जबरन वेश्यावृत्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। एएचटीयू (मानव तस्करी निरोधक इकाई) की टीम ने जाल बिछाकर फर्जी ग्राहक की मदद से वेश्यावृत्ति के लिए लड़की की मांग कर रंगे हाथों अंबिका केसरी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि आरोपी के 500 से ज्यादा ग्राहक हैं और 200 से ज्यादा लड़कियां उसके संपर्क में हैं। क्राइम ब्रांच ने उसे आईपीसी और पीआईटीए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। वह पिछले 15 वर्षों से बांग्लादेशी व अन्य लड़कियों के जरिए सेक्स रैकेट चला रहा था।

अंबिका छोटू केसरी गिरफ्तार

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

एसआई भर्ती मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

भागने की फिराक में थी डमी कैंडिडेट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। पुलिस ने एसआई भर्ती घोटाले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। पत्नी ने फर्जी कैंडिडेट बनकर महिला अभ्यर्थी के लिए एग्जाम दिया था। इसके बाद महिला अभ्यर्थी ने पुलिस को दोनों के नाम बताए थे। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि मामले में पति नरपत राम (29) को गोवा वाइन शॉप (गोवा), पत्नी इंद्रा (27) निवासी बढ़ानिया पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर खेमे का कुआं जोधपुर से गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा है।

डमी कैंडिडेट के 15 लाख दिए

आईजी विकास कुमार ने बताया कि यह बात इंद्रा के पति नरपत को मालूम चली तो उसने हरखू से रुपए मांगने का प्लान बनाया। इसके लिए 15 लाख रुपए हरखू से लिए। इंद्रा ने हरखू की जगह डमी कैंडिडेट बनकर एग्जाम दिया था। ऐसे में हरखू पास भी हो गई। हरखू अंतिम रूप से चयनित होकर प्लाटून कमांडर बन गई। लेकिन, अपने लिए दिए एग्जाम में इंद्रा का इंटरव्यू में चयन नहीं हो सका। आईजी विकास कुमार ने बताया- पूछताछ में सामने आया कि नरपत ने इन्हीं 15 लाख में अपनी पत्नी इंद्रा को एसआई भर्ती इंटरव्यू में पास कराने के लिए किसी बिचौलिए से बात कर रखी थी। इस दौरान एसओजी गिरफ्त में आने को सूचना दोनों पति-पत्नी को मिली तो दोनों फरार हो गए। नरपत गोवा भाग गया, जबकि इंद्रा खेमे का कुआं में छिपकर फरारी काटने लगी।

आरएएस का एग्जाम दे चुकी इंद्रा

रेंज आईजी ने बताया कि एसओजी ने नरपत राम और इंद्रा को पकड़ने का टास्क जोधपुर रेंज को सौंपा था। अलग टीमें बनाकर दोनों की तलाश की जा रही थी। पता चला कि इंद्रा का खेमे का कुआं में आना-जाना है। यही से आकर वह गोवा में रह रहे अपने पति नरपत को कॉल करती थी। इनपुट के बाद एक टीम ने गोवा में नजर रखनी शुरू की जबकि दूसरी टीम खेमे का कुआं जोधपुर में पत्नी इंद्रा पर नजर रख रही थी।

फर्जी ने पति-पत्नी का नाम लिया

रेंज आईजी ने बताया कि 2021 में हुए एसआई भर्ती पेपर में एसओजी हरखू जाट तक पहुंची थी। हरखू से पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। एसओजी की पूछताछ में सामने आया था कि हरखू और इंद्रा की मुलाकात एक लाइब्रेरी में हुई थी। हरखू पढ़ने में कमजोर थी, जबकि इंद्रा होशियार थी। ऐसे में हरखू ने इंद्रा को उसकी जगह पेपर देने का ऑफर दिया।

फरार होने वाली थी इंद्रा

जिस समय साइक्लोन सेल की टीम इंदिरा को पकड़ने के लिए पहुंची तो इंदिरा अपना सामान पैक कर रही थी, पूछताछ में उसने बताया कि उसके रिश्तेदार के जरिए उसे सूचना मिली कि उसके पति को गोवा में पुलिस ने पकड़ लिया है अब उसे भी पकड़ने वाली है तो वह फरार होने के लिए अपना सामान पैक कर रही थी।

भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर में रविवार को घोड़ों, रथों पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली गई। इसमें केसरिया साफा पहने युवक-युवतियां शामिल हुई। हाई स्कूल मैदान में राम बने नन्हे बच्चे को पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी ने गोद में लिया। शोभायात्रा में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष से शहर गूंज उठा। हाई स्कूल से रवाना हुई शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों युवा भगवान राम के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा के लिए जगह-जगह द्वार लगाए गए और फूल बरसाकर स्वागत किया। दरअसल, श्रीरामनवमी महोत्सव समिति की ओर से बाड़मेर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सर्किलों और मार्ग को भगवा ध्वजों से सजाया गया। शोभायात्रा में विभिन्न समाज और संगठनों की ओर से झांकियां निकाली गई। डीजे की धुन व ढोल की थाप पर युवा नाचते नजर आए। शोभायात्रा में घोड़ों पर युवक-युवतियां केसरिया साफा पहनकर शामिल हुई। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर रविवार को बाड़मेर में शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले साधु संतों ने भगवान श्रीराम की तस्वीर का पूजन किया गया। शोभायात्रा में सबसे पहले श्रीराम भगवान का रथ रवाना हुआ। इसके पीछे महिलाएं मंगल कलश सिर पर लेकर, राम भक्त अपने हाथों में केसरिया ध्वज लेकर परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद से संबंध रामनवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में अयोजित इस प्रोग्राम में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वीर हनुमान मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में कई संतों का सानिध्य मिलेगा।

शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत

समिति के रमेश सिंह इंदा ने बताया- शोभायात्रा हाई स्कूल से शुरू होकर लक्ष्मीपुरा, विश्वकर्मा सर्किल, तनसिंह सर्किल, सरदार पटेल मार्ग, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेशन रोड, अहिंसा सर्किल, सुभाष चौक, द्वारकादास डोसी मकान, हमीरपुरा, प्रतापजी की प्रोल, पीपली चौक, जवाहर चौक, वीर हनुमानजी मंदिर होते हुए पुनः हाई स्कूल पर पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

जोधपुर में ग्राहक-होटल स्टाफ के बीच मारपीट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। जोधपुर के खांडा फलसा थाना क्षेत्र के जालोरी गेट स्थित शानदार भोजनालय में खाना खाने के लिए गए लोगों के साथ रेस्टोरेंट संचालक और उनके स्टाफ ने मिलकर मारपीट कर डाली। खांडा फलसा थाने में प्रकाश गहलोत, रेशव गहलोत पुत्र गणपत गहलोत घांची निवासी महामंदिर घांचियों का बास ने रिपोर्ट दी। बताया कि एक अप्रैल की रात 10:30 बजे के करीब

शानदार भोजनालय जालोरी गेट पर खाना खाने के लिए गए थे, यहां पर होटल मालिक और कर्मचारियों के साथ खाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई।

होटल संचालक ने दर्ज करवाया केस

रिपोर्ट में बताया कि इसके बाद पंकज भाटी, राहुल भाटी और 25-30 अन्य लोगों ने मिलकर लाठियां से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। होटल संचालक राहुल की ओर से भी खाने की बात को लेकर झगड़ा करने और मारपीट करने के आरोपों को लेकर मामला दर्ज करवाया गया है। पूरे मामले को लेकर शानदार भोजनालय के संचालक का कहना है की दुकान पर ग्राहक खाना खाने की बात को लेकर विवाद करने लगे, जबकि भोजनालय के अंदर भीड़ थी इस पर उन्हें थोड़ी देर रुकने को कहा गया तो ग्राहक बहस करने लग गया और बाद में उन्हें देख लेने की धमकियां देकर चले गए।

धार्मिक पर्यटन

परंपरा और आस्था के संगम में रमे पर्यटक

जैसलमेर। मरुभूमि की तपती रेत पर बसे स्वर्णनगरी के मंदिरों में इन दिनों एक नया दृश्य देखने को मिल रहा है। लोक आस्था की परंपराओं में रमे ये मंदिर अब विदेशी सैलानियों की श्रद्धा के केंद्र बनते जा रहे हैं। दुर्ग परिसर से लेकर गड़ीसर के घाटों तक, हर धार्मिक स्थल पर विदेशी चेहरे भाव-विभोर नजर आते हैं। सोनार दुर्ग के लक्ष्मीनाथ मंदिर की सुबह की आरती हो या गड़ीसर झील किनारे स्थित गज मंदिर की सजीवता विदेशी सैलानी मंत्रोच्चार और घंटियों की ध्वनि में न सिर्फ भागीदारी निभा रहे हैं, बल्कि ध्यान और साधना में भी डूब रहे हैं। परंपराओं की इस धूप-दीप भरी दुनिया में वे कुछ ऐसा तलाशते हैं, जो उनकी आत्मा को स्पर्श कर जाए। राजस्थानी साफा और ओढ़नी में सजे कुछ पर्यटक मंदिर प्रांगण में बैठे मिले। स्थानीय पुजारियों से वे पूजा की विधि, देवी-देवताओं के अर्थ और पर्वों की कहानी सुन रहे थे। कुछ ने 'प्रणाम', 'धन्यवाद' जैसे शब्दों का प्रयोग कर भाषा के माध्यम से भी आत्मीयता जताई। ये पर्यटक केवल देखने नहीं आए, वे जानना चाहते हैं की यह संस्कृति कैसे जीती है? इन देवस्थलों में वह कौन सी शक्ति है जो इतनी दूर से उन्हें खींच लाई? वे कहते हैं, यह केवल यात्रा नहीं, एक आत्मिक अनुभव है। जर्मनी से आई सोफिया बताती है कि आरती के समय मैंने आंखें मूंद लीं जैसे किसी ऊर्जा से जुड़ गई हूं। इटली निवासी लुका का कहना है कि मंदिरों में सिर्फ मूर्तियां नहीं, जीवन है, भावनाएं हैं। ऑस्ट्रेलिया से आई एमिली का कहना है कि ध्यान करते समय एक गहराई का अनुभव हुआ, जो मेरे देश में मुश्किल है।

विदेशियों का जैसलमेर प्रेम

- हर साल जैसलमेर में 60 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक आते हैं।
- जैन मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर, स्वांगिया माता मंदिर, रामदेवरा जैसे स्थल अब धार्मिक पर्यटन स्थल
- विदेशी सैलानियों में योग, संस्कृत, ध्यान और भक्ति संगीत में गहरी रुचि

जोधपुर : शोभायात्रा में केदारनाथ की झांकी

जोधपुर। जोधपुर में रामनवमी के मौके पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा को लेकर अलग-अलग झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसी क्रम में जोधपुर में लखारा समाज की ओर से अनूठी झांकी तैयार की गई है। जोधपुर के पांचवी रोड स्थित समस्त लखारा समाज युवा संगठन की ओर से रामनवमी के मौके पर निकलने वाले शोभा यात्रा में भव्य केदारनाथ की झांकी प्रस्तुत की गई है। जिसमें बाबा केदारनाथ के मंदिर का स्वरूप झांकी के तौर पर सजाया गया है, खास बात यह है कि थर्माकोल और ऑयल पेंट की मदद से इसे तैयार किया गया है।

झांकी आकर्षण का केंद्र

इसे बनाने में करीब 28 दिनों की मेहनत लगी। शोभायात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर सुख समृद्धि की मंगल कामना भी कर रहे हैं। खास बात यह है कि ट्रैक्टर के अंदर 360 डिग्री में घूमती हुई झांकी हर किसी को आकर्षित कर रही है।

बाड़मेर : पांच दिन भीषण लू का अलर्ट

बाड़मेर। रेगिस्तानी जिले बाड़मेर में इन दिनों गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन के बाद रात में भी गर्मी हो रही है। अन्य रातों की अपेक्षा बीती रात गर्म होने से तापमान में भी तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। तापमान चढ़कर 28.8 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पास चल रहा है। मौसम विभाग ने 11 अप्रैल तक हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया है। दरअसल, मार्च में शुरू हुई गर्मी अप्रैल के फर्स्ट वीक में रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिन-रात का तापमान लगातार बढ़ रहा है। 31 मार्च को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री दर्ज किया गया था। छह दिनों में न्यूनतम तापमान में नौ डिग्री बढ़ा है। वहीं अधिकतम तापमान चार डिग्री चढ़कर 43.7 डिग्री पहुंच गया है। वहीं शुक्रवार व रविवार को राजस्थान में बाड़मेर से सबसे गर्म जिला रहा है। रविवार को अलसुबह से गर्मी शुरू हो गई। सूरज की किरण निकलने के साथ और तेज हो गई। सुबह करीब 10 बजे के आसपास गर्म हवाएं शुरू हो गई। तेज लू व गर्मी से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है।

बालोतरा : किसान ने लगाए कश्मीरी रेड एप्पल बेर

बालोतरा। बेर के पौधे लगाने के बाद सिंचाई के लिए ड्रिप सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं। बूंद-बूंद पानी देकर पौधों की सिंचाई हो रही है तो पानी का ज्यादा उपयोग भी नहीं होता है। वहीं बेर को पक्षियों से बचाने के लिए पूरे बगीचे के चारों तरफ जाली से ढका जाता है। आस-पास के गांवों में कई किसान अनार के साथ ही बेर की पैदावार ले रहे हैं। एप्पल बेर की तासीर ठंडी होती है, जो पित्त को शांत करता है। इसमें फास्फोरस, विटामिन्स, खनिज, लवण और शर्करा जैसे पोषक तत्व भरपूर होते हैं, जिससे यह हिमालयी सेब की बराबरी करता है। बालोतरा जिले में अनार की बंपर पैदावार के बाद अब किसान बूंद-बूंद सिंचाई व कम लागत में होने वाली बागवानी कर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। कम पानी के बावजूद आसानी से होने वाली अनार, खजूर व बेर की खेती किसानों के लिए वरदान बन रही है। किटनोद गांव में प्रगतिशील किसान अब पारंपरिक खेती से हटकर फल उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं। गांव के एक किसान ने दो बीघा जमीन में दो साल पहले कश्मीरी रेड एप्पल और बाल सुंदरी किस्म के बेर की खेती शुरू की है, अब लाखों की आमदनी का का जरिया बन गई है। शुरूआत में तीन लाख के निवेश से शुरू हुई बागवानी अब हर साल चार से पांच लाख की आमदनी देने लगी है।

व्यापार जगत

भारत को डेयरी प्रोडक्ट तो अमेरिका को पीनट बटर

नई दिल्ली। जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाया है, भारत हर स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है। ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए टैरिफ के बाद भारत अपने व्यापार समझौतों पर सावधानी से बातचीत करेगा। एक अधिकारी ने अपना नाम न बताने की शर्त पर कहा कि भारत डेयरी और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करेगा। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका भी पीनट बटर को लेकर संवेदनशील है। दरअसल, इस बातचीत में भारतीय डेयरी प्रोडक्ट और अमेरिका के पीनट बटर के नाम का जिक्र आया।

चीन पर भी भारत की नजर

अधिकारियों ने कहा कि चीन जैसे देशों से होने वाले सामानों के डंपिंग को रोकने के लिए भारत विश्व व्यापार संगठन के ढांचे के भीतर सभी उपाय करेगा। सरकार घरेलू उद्योग को ऐसी स्थिति में सामानों की डंपिंग की किसी भी संभावना से बचाने के लिए है।

रातोंरात नहीं होते समझौते

अधिकारी ने कहा, 'हमें धैर्य रखना होगा। व्यापार समझौते रातोंरात नहीं होते हैं। यह एक सावधानीपूर्वक और स्थिर प्रक्रिया है। चीजों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाता है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका में मांग पर थोड़ा सा प्रभाव चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाए गए जवाबी टैरिफ के बाद भारत 'विजेता बनकर उभरा' है। उन्होंने बताया कि देश को द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला मूवर एडवांटेज है। भारत और अमेरिका इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारतीय निर्यातक अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।

टाटा मोटर्स ने लिया बड़ा फैसला

मुंबई। टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी कंपनी जागुआर लैंड रोवर ने शनिवार को बड़ा फैसला लिया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने अमेरिकी बाजार में होने वाले एक्सपोर्ट को रोक दिया है। यह फैसला डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद लिया गया है। ट्रंप ने पिछले दिनों ऐलान किया था कि कार इंपोर्ट पर अब देश में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। बता दें, जागुआर लैंड रोवर का एक बड़ा मार्केट शेयर अमेरिका में है। कंपनी की बेवसाइट पर दी जानकारी में कहा गया है कि हम इस तरह परिस्थितियों के आदि हैं। कंपनी का कहना है कि वो लक्जरी ब्रांड हैं। जिनके प्रोडक्ट की दुनियाभर में मांग है। कंपनी का फोकस अब अमेरिका की जगह अन्य देशों पर भी है। जागुआर लैंड रोवर ने कहा है कि वो यूएस ट्रेडिंग टर्म का आकलन कर रहे हैं। टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी के प्रॉफिट में दिसंबर क्वार्टर के दौरान 17 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। अब इस फैसले का भी असर कंपनी के वित्तीय स्थितियों पर पड़ेगा। ऐसे में टाटा मोटर्स के लिए डोनाल्ड ट्रंप का फैसला मुश्किलें खड़ी कर सकता है। टाटा मोटर्स के टारगेट प्राइस में कटौती की गई है। ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने 930 रुपए से टारगेट प्राइस घटाकर 765 रुपए प्रति शेयर कर दिया है। यानी 18 प्रतिशत की कटौती टाटा मोटर्स के टारगेट प्राइस में हुई है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ आउटपरफॉर्म की रेटिंग दी गई है। शुक्रवार को टाटा मोटर्स के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी के शेयर छह प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। जिसके बाद स्टॉक का भाव बीएसई में 613.85 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था। बता दें, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 606.20 रुपए प्रति शेयर है।

टाटा मोटर्स ने अमेरिकी बाजार में एक्सपोर्ट को रोक दिया

आप का राशिफल 7 अप्रैल

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक 2 4 6

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही चल पाएंगे। स्वास्थ्य का पारा भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन का की कू ए ड छ के को हा

यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में व्याधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक 2 4 6

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कामकाज की व्यस्तता से सुख चैन प्रभावित होगा। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

तुला दा दी ह रे रो ता ती तू ते

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय सकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

मकर भे जा जी खी खू खे खो गा गी

मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

74 तक टूटेगा यह पावर शेयर

मुंबई। एनएचपीसी के शेयर लगातार कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 1% से अधिक गिरकर 83.49 रुपए पर बंद हुए थे। हाइड्रो पावर कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 10% तक गिर गए हैं। पीएसयू के शेयर की कीमत में भारी गिरावट देखी गई है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। एनएचपीसी के शेयरों में तेज गिरावट ने खुदरा निवेशकों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। एनएचपीसी की कंपनी के मजबूत फंडामेंटल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में बाजार हिस्सेदारी के बावजूद इसके शेयर दबाव में हैं।

क्या है टारगेट प्राइस

ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने 'सेल' रेटिंग और 74 के रिवाइज टारगेट प्राइस के साथ मंदी की ओर रुख किया है। वहीं, CLSA ने शेयर पर अपनी 'हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म' रेटिंग को बरकरार रखा है और प्रति शेयर 117 का प्राइस टारगेट दिया है। विदेशी ब्रोकरेज को यह भी उम्मीद है कि अगले चार सालों में शेयर की कीमत दोगुनी हो जाएगी।

कंपनी के शेयरों के हाल

एनएचपीसी के शेयर की कीमत एक बार 100 रुपए के पार चली गई थी। हालांकि, अब शेयर की कीमत में गिरावट आई है और यह 90 रुपए से भी नीचे कारोबार कर रहा है।

एनएचपीसी के शेयर की कीमत पिछले एक साल में 10 फीसदी गिर गई है।

1407 करोड़ रुपए में डेल्हीवेरी खरीद रही 'इकॉम एक्सप्रेस'

नई दिल्ली। डेल्हीवेरी ने बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने शनिवार को दी जानकारी में कहा है कि उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी इकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी।

इसके कंपनी 1407 करोड़ रुपए तक पैसा खर्च करेगी। डेल्हीवेरी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि बोर्ड ने टारगेट कंपनी (इकॉम एक्सप्रेस) और उनके शेयरहोल्डर्स के साथ शेयर खरीद एग्रीमेंट के एक्शन की मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने बताया है कि इस अधिग्रहण के बाद इकॉम एक्सप्रेस एक सब्सिडियरी के तौर पर काम करेगी।

कंपनी ने क्या कुछ कहा?

डेल्हीवेरी के एमडी और सीईओ साहिल बरुआ कहते हैं, "इस अधिग्रहण से हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और नेटवर्क बेहतर होगा। जिससे दोनों कंपनियों के ग्राहकों को अच्छी सर्विस प्रदान करने में मदद मिलेगी। इकॉम एक्सप्रेस के फाउंडर्स और मैनेजमेंट ने एक अच्छी टीम और नेटवर्क बनाया है। जो डेल्हीवेरी के संचालन में मदद करेगा।"

इकॉम एक्सप्रेस की छंटनी और आईपीओ प्लान

- इस साल फरवरी में रिपोर्ट में सामने आया था कि इकॉम एक्सप्रेस ने 500 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। साथ ही अपने आईपीओ के प्लान को भी रोक दिया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का खर्च बढ़कर 2921.50 करोड़ रुपए पहुंच गया था। इस दौरान कंपनी का रेवन्यू 2609.20 करोड़ रुपए रहा था। जोकि सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। इकॉम एक्सप्रेस की वेबसाइट पर दी जानकारी के अनुसार कंपनी के पास 15,600 कर्मचारी हैं। वहीं, 27000 पिन कोड पर अपनी सर्विसेज दे रहे हैं। वहीं, डेल्हीवेरी की बात करें तो शुक्रवार को कंपनी के शेयर बाजार के बंद होने के समय पर 258.25 रुपए के लेवल पर था।

जालोर जिला बना राममय

रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा

भीनमाल। रामनवमी को लेकर विहिप-बजरंग दल द्वारा नगर में विशाला शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विहिप नेता राव वचन सिंह मंनधर के नेतृत्व में स्थानीय फ़ाफरिया हनुमान जी मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ,जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर शाम को स्थानीय माघ चौक पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। कार्यक्रम में सनातन धर्म के लोगों ने अपने कारोबार बंद रखकर

केसरिया साफा व दुपट्टा पहनकर और हाथ में ध्वज दंड के साथ भाग लिया। शोभायात्रा का विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं विभिन्न संगठनों व समाज की तरफ से शीतल पेयजल व शरबत की व्यवस्था की गई थी। इस बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं शोभायात्रा मार्ग व कार्यक्रम के दौरान कानून व शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर प्रदीप के गावड़े व पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी, एसडीएम आईएएस अधिकारी मोहित कासनियां और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई व पुलिस उपअधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।इस दौरान नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी भी मौजूद रहे।

जय श्रीराम के जयकारों से भक्तिमय सायला

सायला। उपखंड मुख्यालय पर रविवार को सनातन महोत्सव समिति सायला द्वारा रामनवमी महोत्सव पर वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली को लेकर सवेरे से ही क्षेत्रभर से हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रातः 11 बजे तक बडी संख्या में लोग बालाजी मंदिर के आगे एकत्रित हो गए। इसके बाद वाहन रैली को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। जो अम्बे माता मन्दिर, पुराना बस स्टैंड, जैन मन्दिर, पुरानी नर्सरी रोड, कोटवालों का वास, नया बस स्टैंड, लहर भारती कुटिया से होती हुई श्रीराम सर्कल पहुंचकर विसर्जित हुई। वाहन रैली में युवा राष्ट्रवादी व हिन्दुवादी गीतों की सुमधुर स्वरलहरियों पर झूमते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इनके पीछे केसरियां ध्वजाओं से सुसज्जित दुपहिया व चोपहिया वाहन चल रहे थे। वही सुसज्जित रथ पर भगवान राम की तस्वीर विराजमान थी। रैली को देखने के लिए ग्रामीण आसपास की दुकानों और घरों की छतों पर चढ़ गए। पुराना बस स्टैंड पर रामभक्तों ने भगवा वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विक्रम सिंह दहिया, नैनमल लखारा, सुरेश राजपुरोहित, मांगीलाल राजपुरोहित, प्रकाश मेघवाल, पदमाराम चौधरी, नेहरूभाई सुथार, नैन सिंह चौहान, मुकुंद दवे आदि शामिल थे।

- रामनवमी पर सायला में विशाल भगवा वाहन रैली का आयोजन

रामनवमी पर भगवा वाहन रैली पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत

सांचौर। रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की विभिन्न झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। पूरा शहर भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया, शोभायात्रा सुबह स्थानीय राममंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर शहर के व्यापारियों ने श्रद्धा पूर्वक अपने प्रतिष्ठान आधे दिन तक बंद रखे, बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, वहीं कई झांकियों में रामायण के प्रसंगों को जीवंत किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, नगरवासियों ने शोभायात्रा को देखकर अपने को धन्य माना और भगवान श्रीराम के जयकारों से समूचा वातावरण गूंज उठा, शोभायात्रा को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी, सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो ने मिलकर निकाली ।

कन्या पूजन कर मनाया रामनवमी का पर्व

जसवंतपुरा। सुंधामाता पर्वत पर स्थित बम-बम का धुना भेरू गुफा में चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी को लेकर आचार्य पंडित दिनेश दवे कारलू के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित दवे ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा विशेष कल्याणकारी मानी जाती है। नवरात्रि में अष्टमी व नवमी का खास महत्व होता है। कन्या पूजन का खास महत्व होता है। इस दिन मिट्टी के नौ कलश रखे जाते हैं और देवी दुर्गा के नौ रूपों का ध्यान कर उनका आह्वान किया जाता है। राम नवमी को लेकर कन्या पूजन किया गया। महंत ललितगिरी महाराज ने बताया की राम नवमी पर कन्या पूजन किया। इस दौरान कन्याओ के पैर धोखकर एंव तिलक लगाकर पूजन किया।

रामनवमी पर लगाए परिंडे

जसवंतपुरा। उपखंड के निकटवर्ती गांव कलापुरा में रामनवमी के पावन अवसर पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। यह सेवा कार्य पिछले 12 वर्षों से निरंतर रूप से किया जा रहा है। गर्मी के बढ़ते तापमान को देखते हुए यह पहल गौभक्त शंकरलाल प्रजापति व युवानेता एवं समाजसेवी राजू बी. पुरोहित के नेतृत्व में संपन्न हुई। रामसेना व गांव के युवाओं की टीम ने इस कार्य को अंजाम दिया। राजू पुरोहित ने कहा कि जब तक जीवन है, यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान गांव के कई युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया, जिनमें भीमराज पुरोहित, जीतुभाई माली, रवी पुरोहित, पदम सिंह देवल, पोसाराम प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति, प्रिंस रोहित, निखिल, मगनाराम प्रजापति, कमलेश प्रजापति, महेंद्र प्रजापत, पुयस कुमार, देवराज, कालुभाई माली, जीतेंद्र कुमार, भरत वाघेला, कमलेश राणा व नारनाराम राणा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस सेवा कार्य से लोगों में पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

जीवाणा: पोषाणा मंडल में मनाया भाजपा स्थापना दिवस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जीवाणा। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी पोषाणा मंडल के तिलोडा व दादाल ग्राम में मंडल अध्यक्ष रघुनाथ सिंह राजपुरोहित व स्थापना दिवस कार्यक्रम के मंडल संयोजक उदय सिंह परमार के निर्देशानुसार भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मनाया गया। इस दौरान उदय सिंह परमार ने 6 अप्रेल 1980 को भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक नेताओं व कार्यकर्ताओं के संघर्ष व बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि देश में कई नेताओं ने भाजपा के लिए बलिदान दिया, जिन्हें हम श्रद्धा से याद करते है। आज हमारा भाजपा परिवार बहुत बड़ा है। हमें खुशी हैं कि भाजपा के नेतृत्व मे देश के विकास को गति मिली हैं और विश्व मे पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना हो रही है। इस दौरान मंडल महामंत्री रमेश गर्ग पोषाणा, कार्यक्रम के सहसयोजक हाजा राम देवासी, मनोहर सिंह तिलोडा, भगवान सिंह, गणपत सिंह, जगत सिंह, बगा राम, मेसा राम मेगवाल, गंगदा राम, मंगल सिंह, खेम सिंह मिस्त्री जनक सिंह, शैतान सिंह,दान सिंह, बग सिंह गबा राम, तार सिंह मोंग सिंह, रणजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा के गिनाए काम

सांचौर। भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर सांचौर में पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भाजपा के झंडे के साथ सेल्फी ली गई एवं उसके बाद देवजी पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की अनुशासित पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान शासन काल में राम मंदिर का निर्माण हुआ और भी हजारों देश हित निर्णय लिए गए। भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान सरकार भी राज्य के किसान, युवा, व्यापारी एवं महिलाओं के विकास के लिए प्रतिदिन नवीन योजनाओं के माध्यम से लाभ दे रही है। इस दौरान जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष शंभू सिंह राव, हजारीमल सीलू, रतन देवासी, सांवलाराम गोलासन, सांवलाराम पुरोहित पालड़ी, मांगीलाल दर्जी, विक्रम गवारिया, सायब खा, गोविंद पुरोहित, गंगदाराम चौधरी, अर्जुन माली, भरत जीनगर, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग को किया याद

भीनमाल। भाजपा नगर मंडल द्वारा रविवार को स्थानीय महेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की मौजूदगी में मनाया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और वर्षों के लंबे संघर्ष के कारण ही पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है।
उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व है कि इस पार्टी को और मजबूत बनाएं और राष्ट्रहित व जनहित में कार्य करते रहेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सेवा के रूप में जनहित के कार्य करती है और सदैव राष्ट्रहित व जनहित में कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और एक दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेंद्र सोलंकी, नगर संयोजक भरत सिंह भोजानी, सह संयोजक प्रवीण दवे, वरिष्ठ भाजपा नेता बद्रीनारायण गौड़, केराराम चौधरी, सुरेश बंजारा, जोरावर सिंह राव, हेमलता जैन, भाविका नामदेव, महादेवाराम घांची, नरिंगाराम चौधरी, भरत सिंह राव, इंद्रसिंह राव, कुलदीप यागी, भरत माहेश्वरी, विक्रम बंजारा, नरपत सिंह राव, श्रवण जीनगर, राजमल परमार, कालू सिंह सोलंकी, मेघराज परमार, ओमप्रकाश सुंदेशा, किशोर सांखला, सुरेश वोरा, वीराराम राणा, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, हितेश माली, हक सिंह राव व विकास बोहरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा पूर्व विधायक देवल ने कहा कि पार्टी ने 45 साल का सफर पूरा कर लिया है। उन्होंने बतायाकि कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा से भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है। देवल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाकर कश्मीर में शांति स्थापित की गई। भाजपा 6 से 12 अप्रेल तक स्थापना सप्ताह मनाएगी। इस दौरान हर बूथ पर कार्यकर्ता विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराया। इस दौरान रानीवाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी, महामंत्री गोविंद रावल, हीरालाल सारस्वत, सोनाराम चौधरी, भीखा राम चौधरी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री रमेश मेघवाल, रमेश चौधरी गोंग, उम्मेद सिंह कागमाला, मलाराम सियाक, बाबूलाल बेनीवाल, दिनेश गर्ग, आदि मौजूद रहे।

चौरा के ग्रामीणों का आमरण अनशन जारी

सांचौर। क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने व चौरा ढाणी को चौरा ग्राम पंचायत में यथावत रखने व करावड़ी में शामिल करने का विरोध करते हुए ग्रामीणों की भूख हड़ताल पांचवें दिन जारी रही। इस दौरान सरपंच सुनिल बिश्नोई ने कहा कि सोमवार से सात लोग आमरण अनशन शुरू करेगें। मांगे नहीं मानी गई तो पूरा चौरा गांव धरना स्थल पर भूख हड़ताल करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनकी मांगों पर विचार कर फैसला दे। वहीं प्रशासन द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठकर शूरू कर दिया। वहीं चार ग्रामीणों का अनशन जारी रहा। जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपुत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने अनशन जारी रखा।

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में 450 युवाओं ने ली दीक्षा

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम और धर्म सभा का आयोजन किया गया। आदर्श विद्या मंदिर रानीवाड़ा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित हिंदू धर्म सभा को पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने संबोधित किया। विश्व हिन्दू परिषद प्रांत प्रचार प्रमुख नरेश बोहरा ने कहा कि हमने वीरों के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया है,जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत माता की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया। हमने जिनका मार्ग चुना है वो हमारे देश के महापुरुष हैं शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, सुभाष चंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई जैसे वीरों के

- महापुरुषों के बताए मार्ग पर चल रहा बजरंग दल : देवल

रास्ते चुने हैं। ऐसे वीरों का संकल्प लिया है जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए संपूर्ण जीवन संकल्प लेकर जिया और उन्हीं के रास्ते पर चलने का निश्चय बजरंग दल का है। इस मौके पर त्रिशूल वितरण करते हुए युवाओं से देश और धर्म की रक्षा का आह्वान किया। आयोजन में करीब 500 से ज्यादा युवाओं को त्रिशूल दीक्षा दी गई। त्रिशूल दीक्षा को लेकर युवाओं में काफी जोश नजर आया। रानीवाड़ा शहर सहित आसपास के क्षेत्र से भी युवा पहुंचे।

बड़सम नाले पर अवैध निर्माण का मामला

बैकफुट पर नगर परिषद

सोशल मीडिया पर फूटा जन आक्रोश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। बड़सम नाले की परिधि में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर नगर परिषद सांचौर अब बैकफुट पर आ गई है। दो दिन की चुप्पी के बाद अब नगर परिषद ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नगर परिषद के अधिशासी अधिकारी का कहना है कि नाला क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर परिषद जल्द ही नोटिस जारी कर कार्रवाई करेगी। हालांकि, नाले के बहाव क्षेत्र में खातेदारी जमीन बताकर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल नाले का प्राकृतिक बहाव बाधित हो रहा है, बल्कि भविष्य में भारी जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। प्रशासनिक उदासीनता और नगर परिषद की अनदेखी को लेकर आमजन और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। ईओ की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर परिषद की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई में देर क्यों हुई। इस मामले को लेकर नगर परिषद सभापति ने भी गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने ईओ से इस पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है और कहा है कि यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही पाई गई, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर विरोध

इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। बड़ी संख्या में नागरिकों ने पोस्ट और टिप्पणियों के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर की है। लोगों ने दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि समय रहते अवैध निर्माण नहीं रोका गया, तो वे जनआंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले मानसून में बड़सम नाला क्षेत्र में गंभीर जलभराव की स्थिति बन सकती है। नाला के बहाव क्षेत्र में कोई भी पक्का निर्माण करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित होता है। चाहे वह जमीन खातेदारी हो या नहीं, जल अधिनियम और पर्यावरण नियमों के तहत नालों के प्राकृतिक बहाव को बाधित करना मना है, क्योंकि इससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है और आसपास के क्षेत्र में जलभराव हो सकता है। भू-राजस्व कानून में भी यह स्पष्ट किया गया है कि नालों, नदी, तालाब या जल निकासी मार्गों को बाधित करना गैरकानूनी है।

गुड़ामालानी : मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

गुड़ामालानी। गुड़ामालानी उपखंड क्षेत्र सहित सरकारी बस स्टैंड और ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद झोलाछाप व बंगाली चिकित्सक मरीजों के जानमाल से खिलवाड़ कर रहे हैं। कई वर्षो से नियमों को ताक पर रखकर बगैर किसी डर भय के बेरोकटोक मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। साथ ही बिना फार्मेसिस्ट व बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन झोलाछाप डॉक्टरों के बारे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है जिससे क्षेत्रवासियों में रोष है। साथ ही कार्मिकों की मौन प्रवृति को देख विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। जानकारी के अनुसार गुड़ामालानी मुख्य बाजार सहित सरकारी बस स्टैंड, रतनपुरा, डेडावास, आमलियाला, भेडाना, उदरी, धांधलावास, मौखावा, बारासन, रामजी गोल सहित अन्य कई गांवों में बगैर किसी डिग्री के ये नीम हकीम वर्षो से लोगों का इलाज कर रहे हैं। सस्ता व सुलभ उपचार के नाम पर ये झोलाछाप डॉक्टर अपने मनमाने तरीके से इलाज करते हैं और मरीजों की बगैर कोई जांच किए इंजेक्शन, ड्रिप लगाने के साथ ही अवैध रूप से ऐलोपेथी दवाइयां देकर अपना उल्लू सीधा करने मे लगे हुए हैं। मजे की बात यह है कि इन हकीमों में से कई अपने आपको अनुभवी डॉक्टर बताते हुए घर पहुंचकर महिलाओं के प्रसव भी करवाते हैं। साथ ही कई दिनों के उपचार के बाद मरीजों के सही नहीं होने पर ये रोगी को नजदीकी बड़े अस्पताल रेफर कर देते हैं। इस पर पहले उपचार मे हुई देरी व इनके गलत उपचार करने से कई मरीज दम तोड़ देते है। ऐसे कई मामले घटित हो चुके है इस स्थिति में ये नीम हकीम प्रभावशाली लोग से माध्यस्थता कराकर पीड़ित परिवार को मुआवजे के तौर पर थोड़ा बहुत पैसे देकर मामले को शांत करा देते है। उपखंड क्षेत्र में विभागीय नियमों को दरकिनार के बारे मे चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के नीचे से उच्च स्तर के अधिकारी अच्छी तरीके से वाकिफ है। समय समय पर ग्रामीण भी इन्हे शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग करते है लेकिन अधिकारी टालमटोल रवैया अपनाते है। कुछ मामलों में औपचारिकता के तौर पर कागजी खानापूर्ति जरूर करते हैं लेकिन कार्रवाई के अभाव में झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बागरा रेल्वे ब्रिज के नीचे हादसा

जालोर। निकटवर्ती बाग़रा में रेल की चपेट में आने से एक युवक मी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जालोर भेजा गया। बागरा थाने के सहायक उपनिरीक्षक पुनमाराम ने बताया की रविवार शाम को चूरू जिले के बिंदासर निवासी सीताराम पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत मजदूरी कों लेकर सिरोही में मकान किराए पर लेकर निवास कर रहा हैं। की रविवार को घर से बिना बताये निकल कर बागरा रेल्वे ब्रिज के नीचे पहुंच कर वहां से गुजर रही रेल की चपेट में आने से मोके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर बागरा पुलिस ने जीआरपी थाने जालोर में देने के बाद वहां से आये कॉंस्टेबल श्री राम ने घटना स्थल का जायजा लेकर शव कों निजी वाहन से जालोर के मोर्चरी में भेजा गया। और घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई। और समाचार लिखे जाने तक कोई परिजन नहीं पहुंचे थे।

फर्जी शिक्षक सम्मान सूची जांच ठंडे बस्ते में

जीवाणा। जालमपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक विक्रम सिंह मीना व प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह द्वारा फर्जी दस्तावेज से राज्य स्तर शिक्षक सम्मान सूची में नाम जुड़वाने के मामले में करीब 8 माह बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। ज्ञात हो कि शिक्षक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य ने जालमपुरा के भामाशाहों का फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शिक्षा निदेशालय बीकानेर को शिक्षक दिवस पर राज्यस्तर पर सम्मानित होने के लिए सूची में नाम डलवा दिया था।
जिसकी जानकारी भामाशाहों व ग्रामीणों को लगने पर ग्रामीणों द्वारा भारी विरोध किया गया। जिस पर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार ने ग्रामीणों की शिकायत पर निदेशालय को अवगत कराते हुए सूची से नाम विलोपित कराया गया था। वहीं शिक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तावित की गई थी। जाली दस्तावेज तैयार कर राज्य स्तर पर सम्मानित होने के लिए सूची में नाम डलवाने के मामले में 8 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हो पाने के चलते शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है। जालमपुरा के शिक्षक व प्रधानाचार्य द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर राज्य स्तर सम्मान सूची में नाम डलवाने के मामले में विभाग व मामले की जांच को लेकर जसवन्तपुरा सीबीईओ टीकमाराम देवासी के जिम्मे सौंप रखी है। लेकिन उन्होंने भी जांच मामले में कोई खास रुचि नहीं दिखाने के चलते अभी तक उक्त प्रकरण की जांच ठंडे बस्ते में है। शिक्षक व प्रधानाचार्य द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर राज्य स्तर शिक्षक सम्मान सूची में नाम डलवाया था। मामले में ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर सहित विभाग के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिए लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हो पाई।

सुविचार

सफलता को इससे ना आकें कि अभी आप कैसे कार्य कर रहे हो? छोटे-छोटे कदमों से ही बड़ी सफलता मिलती है।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

रामलला का सूर्य तिलक

अयोध्या में राम जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे रामलला का सूर्य तिलक हुआ। भगवान सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक का चार मिनट तक अभिषेक करती रहीं। पूरे दुनिया इस दृश्य की साक्षी बनी। सूर्य तिलक को सही तरीके से कराने के लिए इसरो के साथ देश के विभिन्न आईआईटी के वैज्ञानिक इसका पूर्वाभ्यास करते रहे। शनिवार को अंतिम बार इसका सफल ट्रायल किया गया था। रामजन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर ठीक 12 बजे रामजन्म के साथ ही सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक रामलला का 'सूर्य तिलक' किया। अध्यात्म व विज्ञान के इस अदभुत संगम को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित दिखा। इसके पहले सुबह 3:30 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए। रामलला का श्रृंगार, राज-भोग, आरती व दर्शन का क्रम चलता रहा। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। भजन, स्तुति के बीच जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 की ओर बढ़ीं, लोगों की आतुरता भी बढ़ती गई। पुजारी ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... छंद गायन शुरू कर दिया। पूजन के साथ ही भगवान भास्कर ने रामलला का राजतिलक किया। मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गई। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराई। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया। रामनवमी पर्व की पूर्व संध्या पर अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं। आरपीएफ के जवानों ने शनिवार को इंस्पेक्टर यशवंत सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में फ्लैग मार्च कर यात्रियों में सुरक्षा का अहसास कराया। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 200 आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। यात्रियों के प्रवेश के लिए तीन एंट्री गेट बनाए गए हैं, जबकि निकासी के लिए दो गेट और एक आपातकालीन गेट निर्धारित किया गया है। पूरे स्टेशन परिसर में 235 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। किसी भी यात्री को ट्रैक पार करने की अनुमति नहीं है।

चीन-अमेरिका व्यापार युद्ध

भारत पर क्या असर पड़ेगा?

शाहिद ए. चौधरी

डोनल्ड ट्रम्प ने पहली गोली चलाई और अब इस जंग में चीन भी शामिल हो गया है। उसने ईंट का जवाब पत्थर से देते हुए अमेरिकी गुड्स पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। प्रभावी दर की अगर फरवरी व मार्च से तुलना की जाए तो वह बहुत अधिक है। ऐसा प्रतीत होता है कि विश्व का सबसे बड़ा खरीदार और सबसे बड़ा विक्रेता (जिनकी मिलाकर ग्लोबल जीडीपी 40 प्रतिशत से अधिक है) एक-दूसरे के साथ व्यापार करने के इच्छुक नहीं हैं। यह भारत सहित शेष संसार के लिए अच्छी खबर नहीं है; क्योंकि ग्लोबल सप्लाई चेन इन दोनों के इर्दगिर्द ही घूमती है। हालांकि तुलनात्मक दृष्टि से ट्रम्प टैरिफ की मार (26 प्रतिशत) भारत पर कम पड़ी है कि निर्यात आय में छह माह में 8-10 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा, लेकिन चीन की सख्त जवाबी कार्यवाही ने अनिश्चितता को अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है। इस समय निवेशक डरे हुए हैं।

इमेज

निवेशक बैंक गोल्डमैन सैक्स का अनुमान अमेरिका में 35 प्रतिशत मंदी का है और उसके बड़े प्रतिद्वंदी जेपी मॉर्गन की भविष्यवाणी है कि इस साल ग्लोबल मंदी 60 प्रतिशत तक हो सकती है। बहरहाल, अगर ग्लोबल मंदी होती है तो यह भारत के लिए बहुत ही बुरे समय पर आएगी। पिछली मंदी 2008-09 में आयी थी और वह भी पांच वर्ष के मजबूत विकास के बाद। इस समय हम धीमे पड़ते विकास के बीच में हैं। इसलिए सरकार को तुरंत कुछ करना होगा। ट्रम्प को चीन का तुल्यभार चाहिए। एआई और सेमीकंडक्टर में हमारी महारत नहीं है, लेकिन हमारे पास सस्ते श्रम की भरमार है। लेकिन प्रतिस्पर्धा की तुलना में हमारा औद्योगिक एस्टेट बहुत छोटा है। निर्माण हब बनने के लिए हमें चंद औद्योगिक राज्यों पर ही नहीं पूरे देश पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अमेरिका के साथ हमारा व्यापार धीरे-धीरे बढ़ रहा है, लेकिन हमें विविधता लाने की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि अन्य देशों व ब्लॉक्स से व्यापार समझौते किए जाएं। चीन से हमारा सीमा विवाद अवश्य है, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि वह निर्माणरत सुपरपॉवर है और इसलिए उससे संबंध बेहतर करने की ज़रूरत है, विशेषकर इस कारण से कि ट्रम्प का 'आज़ादी दिवस' ग्लोबल बाज़ारों के लिए 'प्रलय दिवस' बन गया है। स्टॉक्स गोता खा रहे हैं। एप्पल, एन वीडिया, नाइके और अन्य बड़ी कम्पनियां वैल्यू में सैंकड़ों बिलियन गंवा चुकी हैं। विश्व नेता जवाबी कार्यवाही और समझौते के बीच झूल रहे हैं। लेकिन ट्रम्प के कट्टरपंथी समर्थक, जो अब 'मागा वामपंथी' से प्रतीत होने लगे हैं, को लगता है कि सभी आयात पर भारी टैरिफ लगाना 'हिसाब के दिन' जैसा है कि वाल स्ट्रीट मुंह छुपा रही है और श्रमजीवी वर्ग को अपनी आवाज़ मिल गई है। उनका सवाल है कि अगर टैरिफ इतना ही खराब है तो उसका प्रयोग अन्य देश अपने श्रमिकों व किसानों की सुरक्षा के लिए कैसे कर रहे हैं? इसका कोई सरल उत्तर नहीं है। अन्य देश अमेरिकी उत्पादों पर जो टैरिफ लगाते हैं उसका एक चार्ट वाइट हाउस ने जारी किया है, जो हर किसी की ज़बान पर है-अमेरिकी निर्यात पर कम्बोडिया 97 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, वियतनाम 96 प्रतिशत, चीन 65 प्रतिशत ...। इस चार्ट पर निरंतरत सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन 'मागा वामपंथ' के लिए यह नई बाइबिल है। झूठ ही इस दौर का सच है, दुनियाभर में। ट्रम्प समर्थक अमेरिकी श्रमिकों को खराब व्यापार समझौतों का पीड़ित समझते हैं। उन्हें लगता है कि उनके उद्योग समुद्र पार भेज दिए गए हैं और चीन में 'गुलामों के वेतन' पर कार्य कराया जा रहा है। अमेरिका के छोटे शहरों में लोगों को दो जून की रोटी के लिए दो या तीन जॉब्स करने पड़ रहे हैं, ऐसा उनका अनुमान है। इसलिए 'मागा वामपंथियों' के लिए ताबड़तोड़ टैरिफ लगाने वाले ट्रम्प श्रमिक वर्ग के 'हीरो' हैं और उन्हें इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा है कि उन पर महंगाई की मार पड़ रही है। उन्हें इस 'वर्ग संघर्ष' में आनंद आ रहा है। ट्रम्प के समर्थक उनके अंधभक्त से हैं। इसमें शक नहीं है कि इस समय जो अमेरिका बनाम चीन ट्रेड युद्ध चल रहा है, उसमें अन्य देश भी जल्द शामिल हो जाएंगे। इसका नतीजा क्या निकलेगा? दुनियाभर में मंदी, महंगाई व बेरोजगारी देखने को मिलेगी। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन पर जितना टैरिफ लगाया था, उतना ही जवाब में चीन ने भी लगाया है। इससे इन दोनों देशों के बीच अधिकारिक तौर पर ट्रेड युद्ध आरंभ हो गया है। लेकिन इस युद्ध का नुकसान इन दोनों देशों तक सीमित नहीं रहने वाला है,अन्य देश भी इससे प्रभावित होंगे। अनुमान यह है कि इस युद्ध में यूरोपीय संघ, जापान व दक्षिण कोरिया भी शामिल होंगे। जब हाथी आपस में टकराते हैं तो आपको मालूम है कि घास का क्या होता है। दर्द तो उन देशों को भी होगा जिन पर ट्रम्प टैरिफ की गाज नहीं गिरी है। यह वास्तव में तीसरा विश्व युद्ध है, इस अंतर के साथ कि बंदूकों का स्थान व्यापार ने ले लिया है। डब्लूटीओ की भविष्यवाणी है कि अमेरिका द्वारा शुरू की गई जंग के कारण विश्व व्यापार सिकुड़ जायेगा और जो सामान्य तौरपर उसका 3 प्रतिशत से विकास हो रहा था वह नहीं होगा। आईएमएफ का कहना है कि विश्व व्यापार धीमा पड़ जाएगा। अमेरिका व चीन के बीच जो टैरिफ टकराव चल रहा है। उसका तीसरी दुनिया के देशों पर अधिक गहरा प्रभाव पड़ेगा। बांग्लादेश की ही मिसाल लीजिए, जिस पर 37 प्रतिशत ड्यूटी लगाई गई है। यह भारतीय निर्यात पर लगाई गई ड्यूटी से 11 प्रतिशत अधिक है। ट्रम्प टैरिफ से अचानक अमेरिकी बाज़ारों में बांग्लादेशी गारमेंट्स की तुलना में भारतीय गारमेंट्स अधिक सस्ते हो गये हैं। अर्थशास्त्रियों ने जो चार्ट जारी किया है उससे मालूम होता है कि एशिया में ट्रम्प टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव वियतनाम पर पड़ेगा, भारत व चीन से भी ज्यादा। बहरहाल, जब आर्थिक विकास धीमा पड़ जाता है तो मांग कम हो जाती है। इससे निर्यात बाज़ार सभी के लिए सिकुड़ जायेगा। इस व्यापार युद्ध का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, उसका असर करेंसी व ब्याज दरों पर भी पड़ेगा। किसी वस्तु पर अगर एक बार आयात ड्यूटी लगती है तो उसका दाम एक बार ही बढ़ता है। अगर ड्यूटी अगले साल नहीं बढाई जाती है तो अगले वर्ष उस वस्तु के दाम में कोई अंतर नहीं आएगा। लेकिन व्यापार युद्ध के कारण समय के साथ दामों में परिवर्तन आता रहता है। इसे ही महंगाई कहते हैं। इसके अतिरिक्त टैरिफ परिवर्तन में अनिश्चितता निवेश को प्रभावित करती है और आर्थिक विकास पटरी से उतर जाता है। अगर निवेशक भारत से अपना पैसा निकालेंगे तो फोरेक्स मार्केट में डॉलर की मांग बढ़ जाएगी। बहुत तेज़ या अचानक रुपए के गिरने से दामों को नियंत्रित रखना कठिन हो जाएगा। यही स्थिति सब जगह हो सकती है इसलिए यह जो व्यापार युद्ध छिड़ा है, उसे जीतेगा कोई नहीं, हारेंगे सब।

पंचांग

सोमवार, 7 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - दशमी 20.01 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - आश्लेषा अहोरात्र
- योग - धृति 18.19 तक
- करण - तैतिल 07.38 तक
- सूर्योदय - 06.29 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.52 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.27 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.59 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कर्क
- अभिजित् मुहूर्त - 12.16 से 13.05
- राहु काल - 08.01 से 09.34
- व्रत, त्यौहार - धर्मराज दशमी, विश्व स्वास्थ्य दिवस
- दिशा शूल - पूर्व

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

धर्म-कर्म

कामदा एकादशी पर जरूर करें इन पांच चीजों का दान

कामदा एकादशी प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन मनाई जाती है। इस साल कामदा एकादशी का व्रत 8 अप्रैल को रखा जाएगा। हिंदू धर्म में इस एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कामदा का अर्थ हर कामना को पूर्ण करने वाली, इसलिए इस दिन व्रत रखने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने पर जातक को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। वहीं अगर कुछ विशेष वस्तुओं का दान किया जाए तो भी भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति होती है। तो कामदा एकादशी के दिन किन-किन चीजों का दान करना शुभ माना जाता है।

वस्त्र-कामदा एकादशी पर वस्त्र दान करना भी शुभ माना जाता है। आप अपने सामर्थ्य के अनुसार इस दिन नए व पुराने लेकिन साफ-सुथरे वस्त्रों का किसी जरूरतमंद को दान कर सकते हैं। ऐसा करने से जातक को आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलता है व जीवन में खुशहाली आती है।

अन्न और जल-कामदा एकादशी के दिन अन्न और जल का दान अत्यधिक पुण्यकारी माना जाता है। खासकर उन लोगों को जो लोग इस दिन उपवास या फिर निर्जला व्रत रहते हैं, उन्हें जल दान करने से विशेष लाभ मिलता है। इसके अतिरिक्त गरीब और जरूरतमंदों को भोजन देने से घर में हमेशा अन्न की भरपूरता बनी रहती है और समृद्धि का वास होता है।

धार्मिक पुस्तकें-धार्मिक पुस्तकों का दान ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक होता है। इस दिन आप श्रीमद्भागवत गीता या विष्णु सहस्रनाम जैसी धार्मिक पुस्तकें दान कर सकते हैं। इससे आध्यात्मिक उन्नति होती है और जीवन में शांति बनी रहती है।

फल और मिठाई-भगवान विष्णु को फल और मिठाई बहुत प्रिय है। इस दिन इनका दान करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। एकादशी के दिन आप अपने पसंद के फल या मिठाई दान कर सकते हैं और अगर संभव होता केले या पीले रंग की मिठाई भी दान कर सकते हैं।

किसी कहानी से कम प्रेरक नहीं

सोनाली बेंद्रे की आपबीती

कैलाश सिंह

गंभीर बीमारी में महिलाओं को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक समय ऐसा भी था, जब सोनाली को अहसास हुआ कि वह अपने परिवार और आसपास के लोगों को ही खुश करने में लगी हुई हैं और ऐसा करते में वह खुद को पूरी तरह से नज़रंदाज़ कर रही हैं। लेकिन थैरपी ने उन्हें सिखाया कि आत्म-प्रेम बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी शुरुआत करना मुश्किल था क्योंकि महिलाओं को कंडीशन किया जाता है कि वह हर व्यक्ति को अपने से बढ़कर समझें। इस कंडीशन से उबरने के लिए सोनाली को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अगर आपको मदद की ज़रूरत है तो आपको मदद मांग लेनी चाहिए, इसमें कोई बुराई नहीं है। ऐसा सोनाली का अपने अनुभव की रोशनी में कहना है। अब सोनाली अपने करियर में नया अध्याय जोड़ने के लिए तैयार हैं। अब वह उन भूमिकाओं को करना चाहती हैं, जो उनकी आयु के अनुरूप हों। जब आप अपनी आयु के मुताबिक भूमिकाएं करने की बात करते हैं तो एक खास क़िस्म के रोल आपके लिए आते हैं। आप या तो हाई सोसाइटी में अति ग्लैमरस हैं या आप मज़ाक़ सा बनकर रह जाते हैं। सोनाली ऐसे रोल्स नहीं करना चाहतीं।

साल 2018 में सोनाली बेंद्रे को मालूम हुआ कि उन्हें स्टेज फोर का मेटास्टेटिक कैंसर है। उन्होंने इस सूचना को छुपाया नहीं, जैसा कि आम तौर से लोग करते हैं बल्कि सोशल मीडिया में खुद इसकी जानकारी दी। उनके इस खुलेपन से ग़लतफ़हमी उत्पन्न हो गई। कुछ लोगों ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहा। यह स्वाभाविक था। जब आप एक्टर होते हैं, तो आपकी हर बात को ऐसे ही देखा जाता है, जैसे 'आप सिर्फ़ पब्लिसिटी ही चाहते हैं'। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हर किसी का जीने का अपना अंदाज़ होता है। सोनाली का भी है। इसलिए उन्होंने अपनी डायग्नोसिस के बारे में बोलना शुरू कर दिया। हालांकि उनके खुलेपन पर कुछ लोगों ने सवाल भी उठाए, लेकिन एक रिपोर्ट से यह तथ्य भी सामने आया कि सोनाली से प्रेरित होकर महिलाओं में टेस्टिंग दर में वृद्धि आई। आज भी बहुत सी महिलाएं सोनाली के पास आकर उनसे कहती हैं, "आपने जब अपने अनुभव सार्वजनिक किए तो हम टेस्ट कराने के लिए प्रेरित हुईं और कैंसर की जल्द पहचान होने के कारण हमारी जान बच सकी।" दरअसल, सोनाली ने अपनी डायग्नोसिस को इस वजह से सार्वजनिक अधिक किया था; क्योंकि वह अपनी कहानी का नियंत्रण अपने ही हाथ में रखना चाहती थीं। जब वह एक रियलिटी शो की शूटिंग कर रही थीं, तब उन्हें पता चला कि उन्हें कैंसर है। वह सोचने लगीं कि वह दो सप्ताह का छोटा सा ब्रेक लें, कैंसर का ऑपरेशन कराएं और वापस शूटिंग पर आ जाएं। लेकिन कैंसर शुरुआती न था बल्कि चौथे स्टेज का था। इसलिए डायग्नोसिस के तीन दिन बाद ही उन्हें इलाज के लिए विदेश जाना पड़ गया। तब तक सोशल मीडिया का दौर आरंभ हो चुका था, जिसमें खबर (या अफवाह) जंगल की आग की तरह फैलती है। ऐसे में गॉसिप फैलने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। रियलिटी शो पर सोनाली की जगह कोई लेना चाह रहा था। सोनाली नहीं चाहती थीं कि संबंधित व्यक्ति से उनके टकराव की झूठी खबरें फैलें या उनको रिप्लेस करने के बारे में उलटी सीधी कहानियां बनायी जाएं। इसलिए उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी डायग्नोसिस की सूचना शेयर की। सोशल मीडिया का यही लाभ है। कोई भी खुलकर सीधा कम्युनिकेट कर सकता है। सोनाली इसे लक्ज़री कहती हैं, जो एक्टर्स को पहले प्राप्त नहीं थी। आज जब सोनाली पीछे मुड़कर देखती हैं तो सोचती हैं कि कठिन समय से गुज़रने का एक ही तरीका है कि उसका सामना ऐसे किया जाए, जैसे वह ही आपके जीवन का अंतिम दिन है। वह अपने कठिन समय में वास्तव में दो हैशटैग का प्रयोग करती थीं। एक था 'वन डे ऐट ए टाइम' और दूसरा था 'स्विच ऑन द सनशाइन'। जब भी उन्हें महसूस होता कि अब बर्दाश्त नहीं किया जा रहा है तो वह अपने आप से कहतीं, "ओके, आज का दिन गुज़रने दो और मुझे सोने दो। कल मैं हार मान जाऊंगी।" जब दर्द अधिक बढ़ जाता, तो वह खुद से कहतीं, "कल से मैं यह दवाई नहीं लेने की, यह बहुत बड़ी समस्या है। लेकिन आज मुझे दवाई लेने दो।" स्वयं से यह बातें करते हुए आहिस्ता आहिस्ता दिन बीतने लगे, छह महीने गुज़रे, नौ माह बीते और इस तरह दिन जाते रहे। 'एक दिन जीना' उनका मंत्र था लम्बा जीवन पाने का। गंभीर बीमारी में महिलाओं को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक समय ऐसा भी था, जब सोनाली को अहसास हुआ कि वह अपने परिवार और आसपास के लोगों को ही खुश करने में लगी हुई हैं और ऐसा करते में वह खुद को पूरी तरह से नज़रंदाज़ कर रही हैं। लेकिन थैरपी ने उन्हें सिखाया कि आत्म-प्रेम बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी शुरुआत करना मुश्किल था क्योंकि महिलाओं को कंडीशन किया जाता है कि वह हर व्यक्ति को अपने से बढ़कर समझें। इस कंडीशन से उबरने के लिए सोनाली को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अगर आपको मदद की ज़रूरत है तो आपको मदद मांग लेनी चाहिए, इसमें कोई बुराई नहीं है। ऐसा सोनाली का अपने अनुभव की रोशनी में कहना है। अब सोनाली अपने करियर में नया अध्याय जोड़ने के लिए तैयार हैं। अब वह उन भूमिकाओं को करना चाहती हैं, जो उनकी आयु के अनुरूप हों। जब आप अपनी आयु के मुताबिक भूमिकाएं करने की बात करते हैं तो एक खास क़िस्म के रोल आपके लिए आते हैं। आप या तो हाई सोसाइटी में अति ग्लैमरस हैं या आप मज़ाक़ सा बनकर रह जाते हैं। सोनाली ऐसे रोल्स नहीं करना चाहतीं। वह अपने वर्तमान जीवन को प्रतिविम्बित करने वाली भूमिकाएं चाहती हैं। ज़ाहिर है उन्हें यह तय करने में समय लगा। कुछ रोल उनके पास आए भी, लेकिन वह बहुत डार्क थे। वह अदाकारी और जीवन को अलग-अलग करने में अधिकतर एक्टर्स से अधिक सक्षम हैं, लेकिन डार्क रोल्स से फ़िलहाल इसलिए बचना चाहती हैं ; क्योंकि इनका गहरा भावनात्मक असर पड़ता है और अभी वह उपचार की स्टेज में ही हैं। वह डार्कनेस के साथ जीना नहीं चाहती हैं।

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

तारीख विशेष

विश्व स्वास्थ्य दिवस

जीवन का हर पहलू स्वास्थ्य से प्रभावित होता है, चाहे वह दीर्घायु हो या खुशी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जागरूक होना वर्तमान समय में बहुत महत्वपूर्ण हो गया है, खासकर महामारी के मद्देनजर, क्योंकि मानव कल्याण के विभिन्न पहलुओं ने केंद्र में जगह बना ली है। विभिन्न बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों और निवारक देखभाल की आवश्यकता के बारे में बढ़ती जागरुकता के चलते स्वास्थ्य दुनिया भर में एक प्रमुख प्राथमिकता बन गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना का भी प्रतीक है, जो वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित एक विशेष संयुक्त राष्ट्र संगठन है, जिसकी स्थापना 1950 में हुई थी। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का विषय होगा "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य।" टाले जा सकने वाली मौतों को कम करने और माताओं और नवजात शिशुओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए, अभियान सरकारों और स्वास्थ्य संगठनों से उच्च प्रभाव वाली पहलों को वित्तपोषित करने का आह्वान करता है जो मातृ और नवजात शिशु के स्वास्थ्य और उत्तरजीविता को बढ़ाती हैं। 1948 में प्रथम स्वास्थ्य सभा में इसकी स्थापना से लेकर 1950 में इसके प्रभावी होने तक, विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए चिंता के प्राथमिकता वाले क्षेत्र को उजागर करने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता पैदा करना रहा है। WHO की स्थापना महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और बिना सरकारी हस्तक्षेप के स्वायत्त रूप से काम करने के लिए की गई थी। वैश्विक स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस घोषित किया गया। पिछले 50 वर्षों में इसने मानसिक स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों को प्रकाश में लाया है। इस उत्सव में ऐसी गतिविधियां शामिल हैं, जो इस दिन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं और वैश्विक स्वास्थ्य के इन महत्वपूर्ण पहलुओं पर दुनिया भर का ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

गीता सार

यं सन्न्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव ।
न ह्यसन्न्यस्तसङ्कल्पो योगी भवति कश्चन॥

भावार्थ :

हे पाण्डुपुत्र! जिसे संन्यास कहते हैं, उसे ही तू योग (परब्रह्म से मिलन कराने वाला) समझ, क्योंकि इन्द्रिय-सुख (शरीर के सुख) की इच्छा का त्याग किये बिना कभी भी कोई मनुष्य योग (परमात्मा) को प्राप्त नहीं हो सकता है। (२)

पाठक पाती

अनावश्यक मुकदमों से बचें केन्द्रीय मंत्रालय

विधि मंत्रालय द्वारा केंद्रीय मंत्रालयों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचने और उनकी संख्या को न्यूनतम करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग 7 लाख मामले ऐसे हैं, जिनमें केंद्र सरकार पक्षकार है और राज्य सरकारों में भी लगभग समान स्थिति है। नए दिशानिर्देशों का लक्ष्य है मुकदमेबाजी को कम करना, समन्वय बेहतर करना और न्याय में देरी को रोकना। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहयोग से इसके लिए एक मजबूत ज्ञान प्रबंधन प्रणाली और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उपाय भी शामिल किए गए हैं, इस समस्या के दो मुख्य पहलू हैं। एक ओर न्यायालयों में मुकदमों का अंबार लग रहा है, जिससे न्याय प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है। दूसरी ओर सरकारी अधिकारी अक्सर नोटिस जारी करके मुकदमा ठोक देते हैं। इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए, निधि मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्रालयों को निर्देश दिए हैं कि वे छोटे-छोटे मामलों को संबंधित विभाग की पेनल्टी लगाकर अपने स्तर पर निपटा लें।

मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

बोले तो...

बीते 10 वर्षों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज दोगुना किया है। इसका बड़ा कारण हमारा शानदार मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। 10 वर्षों में हमने रेल, रोड, एयरपोर्ट, पानी, पोर्ट, बिजली, गैस पाइप लाइन... ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट 6 गुना बढ़ाया है।

- नरेंद्र मोदी

मैं अभी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। आईपीएल खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा, ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं।

- महेन्द्र सिंह धोनी

बीजेपी ने जनता के दिलों में जगह बनाई है। हम चाहते हैं कि जनता जो पार्टी काम करे, उसे धन्यवाद दे और जो पार्टी काम न करे उसके कान मरोड़े।" पार्टी का उद्देश्य जनता से जुड़ाव बढ़ाना और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करना है।

- मदन राठौड़

कुछ अलग | अजब गजब

एमपी का गजब गांव : जहां 100 में से 70 लड़कों की नहीं होती शादी, वजह जान चौंक जाएंगे आप

छतरपुर जिले के लवकुश नगर से लगभग 15 किमी दूर स्थित मिढ़का गांव की कहानी अजब-गजब है। यहां ज्यादातर लोग किसानी करते हैं और उनके शिक्षित बच्चे भी गांव में रहकर खेती करते हैं, लेकिन यहां किसानी करना गुनाह है। क्योंकि गांव में युवाओं की शादी नहीं होती है। हालात ये हैं कि हर साल 100 में से 30 लड़कों की ही शादी होती है।

किसान परिवार में नहीं देना चाहते बेटी

गांव मिढ़का के रहवासी युवा अभय तिवारी बताते हैं कि गांव का लड़का कितना भी एजुकेटेड हो, लेकिन गांव में आकर किसानी से जुड़ गया तो फिर उसकी शादी मुश्किल है, क्योंकि यहां पिछले कुछ सालों से खेती में कुछ खास मुनाफा नहीं हो रहा है। शायद यही वजह है कि किसान परिवार में कोई भी अपनी बेटी नहीं देना चाहता है। 20 साल से लेकर 35 साल के युवा रडुआ बने बैठे हैं। इंतजार करते हैं कि गांव में कोई अपनी बेटी देकर जाएगा लेकिन अब हालात और बेकार होते जा रहे हैं।

100 में से 20 लड़कों की ही होती शादी

ग्रामीण बताते हैं कि गांव की सभी जातियों के लड़कों की यही हालत है।

यहां 100 में से 70 से ज्यादा पढ़ें लिखे लड़के कुंवारे रह जाते हैं। यहां-वहां से हांथ पैर जोड़ने पर बमुश्किल 20 लड़कों की शादी हो पाती है। ग्रामीण बताते हैं कि ये सच है कि गांव में किसी भी जाति का लड़का है, उसकी शादी में दिक्कत आ रही है। जैसे सब गांव हैं वैसे ही हमारा मिढ़का गांव है। गांव में बढ़िया रोड भी डला है, वाहन आने में भी दिक्कत नहीं है फिर भी शादी के लिए लाले पड़े हैं। हालांकि, इस गांव में पानी भी एक बड़ी समस्या है और दूसरी वज़ह किसानी करना भी है। पिछले 5 सालों से पानी के अभाव ऊखेती में कुछ ख़ास नहीं हो रहा है। पहले यहां गन्ना की खेती भी होती थी लेकिन यहां से जो नदी निकली हुई है, वही सूख गई है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

भाजपा स्थापना दिवसः कार्यकर्ताओं ने लिया पार्टी की नीतियों के साथ चलने का संकल्प

जागरूक टाइम्स संवाददात

सिरोही। शहर समेत जिलभर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने भाजपा का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर कार्यकर्ताओं ने एक. दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। वक्त ाओं ने भाजपा की स्थापना की जानकारी साझा की। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को 46वां स्थापना दिवस मनाया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल सगरवंशी, भूबाराम माली, बद्री भाई माली, छगनलाल मिस्त्री, मनोरमा भट्ट, कल्पना पुरोहित, मंजू देवी पुरोहित, विमल सिंघी के घरों पर जाकर पार्टी का दुपट्टा, टोपी,पहना कर स्वागत -सत्कार किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने घर पर पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी की रीति और नीति के साथ चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक बहुत बड़ा व विशाल वैचारिक संस्थान है। भाजपा मंडल अध्यक्ष चिराग रावल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध एवं शक्ति शाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल माली, नगर महामंत्री प्रकाश पटेल, रामलाल मेघवाल, नगर उपाध्यक्ष गोविंद माली, नगर मंत्री राजेंद्रसिंह चौहान, गोविंद सैनी, अजय भट्ट, रमजान खान, प्रकाश मेघवाल इंदरसिंह मकवाना, गोविंदसिंह बारड, प्रवीण राठौर, रतन प्रजापत, महेंद्रसिंह परमार, चुन्नीलाल पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिवगंज। भाजपा नगर मंडल की ओर से भाजपा स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉ रक्षा भंडारी के सानिध्य एवं राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष भंडारी के निवास पर भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाया। जिला अध्यक्ष भंडारी ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी इसलिए हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य मंत्री देवासी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता है। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सरकार की योजनाओं को प्रचार प्रसार कर पार्टी के हित में कार्य कर रहे है। मंडल अध्यक्ष कुमावत ने बताया कि शिवगंज नगर में पार्टी एकजुट होकर कार्य कर रहे है। मंच का संचालन महामंत्री नरेश सिंधी ने किया। वरिष्ठ नेत्री पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्रीमती तारा भंडारी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बिंदल, जिला महामंत्री नरपतसिंह, मंडल उपाध्यक्ष वेनाराम प्रजापत, राकेश सोनी, महामंत्री रूपेश देवासी,नैनमल जैन, आनंदीबेन, अर्जुन गहलोत, पूर्व पार्षद राजेंद्र सोलंकी, असोक कुमावत, शंकर कुमावत, इस्माईल खान, नारायण हिरागर, रूपाराम रेगर, चम्पतराज जटिया, कांतिलाल माली, वरिष्ठ नेता गंगाराम गोयल, लक्ष्मी नारायण गहलोत, जुंजारसिंह, प्रकाश भाटी, खेमसिंह चौधरी, जितेंद्र कोठारी, ओम प्रकाश परिहार, प्रकाश खंडेलवाल, मोहन मेघवाल, राजेंद्र पुरोहित, तेजकवंर, अंजू अग्रवाल, उषा सोनी, जीव देवी आदि मौजूद थे।

परशुराम जयंती महोत्सव तैयारियां को लेकर बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। परशुराम जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को शाम को परशुराम भवन में विप्र समाज की बैठक होगी। विप्र समाज के सदस्य सुमित जोशी ने बताया की बैठक में ब्रह्मण समाज के सभी साथी संगठन पुष्करणा समाज, श्रीमाली समाज, रावल समाज, वैष्णव समाज, मैथिली ब्रह्मण समाज, गौड समाज, गोमतीवाल समाज, पुरोहित समाज, राजपुरोहित समाज, विप्र फाउंडेशन उपस्थित रहेंगे।

पांचवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जेकेपुरम। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जेके पुरम लोडर कालोनी में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। सभी विधार्थियों को प्रवेश पत्र भी वितरित किए। सभी बच्चों को अच्छी पढ़ाई करके विद्यालय का नाम रोशन करने की हिदायत दी गई। प्रधानाध्यापक गोविंद समेत सभी स्टाफ मौजूद थे।

भक्तों को सुनाया मीरा बाई का वृतांत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। शिवगंज के काम्बेश्वर में एक दिवसीय सत्संग समागम व निःशुल्क नामदान का आयोजन हुआ। सत्संग में मीरा बाई के बारे में बताया कि मीरा बाई को भी जब सतगुरु मिले तब जाकर मीरा बाई का मोक्ष सम्भव हुआ। क्योकि बिना गुरु के भगति किसी की भी सफल नहीं होती है। इसलिए मनुष्य जन्म में पूर्ण गुरु बनाना आवश्यक है। तब ही मोक्ष संभव है की जानकारी दी। सत्संग आयोजनकर्ता जैसादास जोयला एवं धनादास राड़बर ने बताया कि संत रामपाल महाराज से नाम दीक्षा निःशुल्क दी जाती है कही कोई भी शुःल्क नहीं लिया जाता है। चतरादास, प्रभुदास, सुरेशदास, नारायणदास, दीपकदास, रमेशदास,वरदाराम दास, रामस्वरूप दास, सूरज दास समेत कई जने मौजूद थे।

मयूर अकेडमी शिवगंज सात विकेट से विजेता रही

जागरूक टाइम्स संवाददाता

शिवगंज। पैवेलियन में सिरोही -शिवगंज के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमे मयूर क्रिकेट अकेडमी शिवगंज की टीम 7 विकेट से विजेता रही। सुरेश कच्छवा ने बतया कि शिवगंज पेवेलियन मैदान मे 30 ओवर का वन डे मैत्री मैच का आयोजन किया गया। जिसमें टॉच जीत कर सिरोही की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रतन देवासी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 की पारी खेली और निर्धारित 30 ओवर मे 10 विकेट खो कर 176 रन बनाए। मयूर अकेडमी को जीत के लिए 177 रन का लक्ष्य दिया। मयूर क्रिकेट अकेडमी के ओपनर हितेश बोराणा पहली ही बोल मे आउट होकर पैवेलियन लोट आए। जयेंन्द्रसिंह का अतुल मालवीय ने साथ देकर दोनों ने बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। मालवीया ने 86 रन बनाकर अपना विकेट खो दिया। जयेंन्द्रसिंह का साथ देने आए लक्की भाटी ने बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19 ओवर मे ही अपनी टीम को जीत दिला दी। मैच मे प्लेयर ऑफ द मैच अतुल मालवीया और गेंदबाज जितेन भाटी रहा। मैन ऑफ दी मैच के खिताब के रूप मे ट्रेवलिंग बैग भामाशाह अजय भाटी द्वारा और मयूर अकेडमी के कोच सुरेश कच्छवा द्वारा स्पोर्ट शूज दिए। खिलाड़ियों को पारितोषित सिरोही जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी और समाज सेवी कांतिलाल सोनी द्वारा दिया गया।

सरूपगंज। भारजा में रोहिड़ा मंडल ने भाजपा का 46वा स्थापना दिवस सफाई अभियान कर मनाया। मंडल अध्यक्ष कांतिलाल जणवा के सानिध्य एवं अध्यक्षता में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा का स्थापना दिवस कार्यक्रम हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कांतिलाल जणवा का स्वागत किया गया। इसके बाद स्वच्छता अभियान के तहत हनुमान मंदिर एवं मंदिर के बाहर श्रमदान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वक्फ बोर्ड को समाप्त करने के लिए राज्यसभा और लोकसभा में प्रस्ताव पारित करवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री कालूराम जनवा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेंमेद्रसिंह देवड़ा, मण्डल अध्यक्ष कान्तिलाल जणवा, पूर्व मंडल अध्यक्ष व कार्य म के संयोजक रोहित रावल, पंचायत समिति सदस्य मोहनलाल मेघवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भेराराम चौधरी, पशुपालन प्रकोष्ठ के प्रभुराम देवासी ने संबोधित किया। स्थापना दिवस सहसंयोजक ईश्वरदास वैष्णव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमीला सोनी, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष सवाराम देवासी, त्रांबकलाल दवे, कालुराम चौधरी, मांगीलाल मेगवाल, राजनसिंह, छोगालाल, सवाराम, रमेश घांची वाटेरा, छगनलाल मकवाना सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

पिण्डवाड़ा। भाजपा झाड़ोली मंडल की ओर से कालाभाटा वीर भगवान मंदिर प्रांगण में स्थापना दिवस मनाया। झाडोली मंडल अध्यक्ष जितेंद्र देवासी की अध्यक्षता, जिला उपाध्यक्ष किरण राजपुरोहित, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनाराम मीणा संहित पदाधिकारी ने कार्य म को संबोधित किया। सभी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष कालूराम माली, लीलाराम प्रजापत, मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हिम्मतराम रावल नांदिया, मंडल महामंत्री कालूराम सेन, मंडल उपाध्यक्ष शिवलाल गहलोत, दिग्विजयसिंह, मन की बात के जिला सहसंयोजक चेतन दवे, मोहन प्रजापत अर्जुनसिंह राव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रिंकू वैष्णव,दक्षा प्रजापत, अर्जुन राजपुरोहित, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शांतिलाल रावल, अचलाराम देवासी अर्जुन गरासिया, हिम्मत गर्ग राजेंद्र राव आदि मौजूद थे।

मंडार। भटाना के माताजी मंदिर में मंडल अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयोजक दिनेश चौधरी, रेवाराम, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह राव, सुरेश जोशी, मोतीराम देवासी, हरजीराम देवासी, बाबूराम दर्जी, रामसिंह, अमराराम चौधरी, मोहन कोली एवं दानाराम भील आदि मौजूद थे।

नए विचार का पर्याय है और देश की विजय यात्रा में एक मुख्य सेवक बन कर अपनी भूमिका निभा रही है। मंडल महामंत्री अमराराम मेघवाल, अनिल वैष्णव, महिला मोर्चा प्रभारी मंजुला चारण, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जोराराम कोली, महामंत्री शंकरलाल कोली, प्रह्लाद ओड, बूथ अध्यक्ष ईश्वर घांची, दशरथ सुथार, गोदाराम चौधरी आदि मौजूद थे। इधर भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। अनादरा के मुनीराज नगर में पूर्व जिला महामंत्री मदनसिंह थल के नेतृत्व एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डायालाल दवे, पूर्व अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्रसिंह देवड़ा, पूर्व रेवदर मंडल अध्यक्ष दीपाराम चौधरी के सानिध्य में मनाया गया। पूर्व अनादरा मंडल अध्यक्ष देवड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी आज 12 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह केवल कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या एवं बलिदान से संभव हो पाया है। पूर्व जिला महामंत्री थल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। जिसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई थे। पूर्व अनादरा मंडल अध्यक्ष दवे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में आप सभी अपने घरों पर भाजपा का ध्वज जरूर फहराएं। पूर्व भाजपा रेवदर मंडल अध्यक्ष दीपाराम चौधरी ने पंचायती राज चुनाव में एकजुटता दिखाते हुए हम सभी को भारतीय जनता पार्टी को जिताने की बात कही। अनादरा मंडल महामंत्री केसाराम कोली, मंडल महामंत्री अशोक पुरोहित, अनादरा मंडल उपाध्यक्ष जयदीपसिंह देवड़ा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पृथ्वीसिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रजापत, डाक उप सरपंच दीपाराम देवासी, अनादरा मंडल मंत्री सुल्तानसिंह थल, भानाराम मेघवाल, किसान नेता नाथूराम चौधरी, पूर्व मंडल महामंत्री धनाराम कोली, मीठालाल जोशी, सुरेंद्रसिंह देवड़ा, योगेंद्रसिंह देवड़ा आदि मौजूद थे।

रेवदर। भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मंडल संयोजक दशरथ सोनी ने बताया की आज भाजपा रेवदर मंडल के सभी 42 बूथ पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। रेवदर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश लौहार की अध्यक्षता, प्रदेश मोर्चा मंत्री प्रकाश मेघवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा के सानिध्य में ध्वजारोहण कर मनाया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मिठाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लौहार ने कहा की हमारा समर्पण है मां भारती को, हमारा समर्पण है देश के कोटि-कोटि जनों को, हमारा समर्पण है देश के संविधान को। आज भाजपा विकास और विश्वास का पर्याय है,

आशापुरा माता मंदिर की प्रतिष्ठा 30 को, तैयारी जोरों पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। आशापुरा माता मंदिर टेकरी पर शनिवार शाम को ट्रस्ट की बैठक अध्यख छोगाराम माली एवं मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष रघु भाई माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ट्रस्ट के सहसचिव प्रकाश बी माली ने बताया कि आशापुरा टेकरी ट्रस्ट की ओर से भामाशाह के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 30 अप्रैल को आयोजित होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों की आम बैठक हुई। ट्रस्ट अध्यक्ष माली ने बैठक में टेकरी ट्रस्ट के सदस्यों को मंदिर निर्माण कार्य की चर्चा की और निर्माण कार्य का सदस्यों के साथ अवलोकन किया और सभी ट्रस्टियों को दिन में एक बाद टेकरी पहुंच कर कार्य व्यव-स्था में सहयोग देने की अपील की। मंदिर कमेटी अध्यक्ष माली

ने बताया कि आशापुरा ट्रस्ट के सदस्यों एवं शहरवासियों ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्राण.प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की ओर शहर वासियों की सैकड़ों वर्षों से मन में इच्छा थी। वह पूर्ण होने जा रही है, क्योंकि अब आशापुरा माता मंदिर, सोनाणा खेतलाजी एवं धारेश्वर महादेव का मंदिर बनकर तैयार हो गया है और 30 अप्रैल को मूर्ति प्राण.प्रतिष्ठा होगी। सचिव चंद्रप्रकाश दवे ने बताया कि सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा निमित आमंत्रण पत्रिका का आशापुरा टेकरी मंदिर पर विमोचन किया जाएगा। व्यवस्थापक भूपत भाई देसाई ने ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कमेटी को आभार व्यक्त किया आप सभी के मेहनत और सहयोग से चढ़ावा कर कार्य म सफल रहा और चढ़ावा लाभार्थी परिवार को बधाई दी। सलाहकार मोहनलाल माली पूर्व प्रधानाचार्य ने किया। बैठक में सचिव चंद्रप्रकाश दवे, कोषाध्यक्ष गोमाराम माली, उपाध्यक्ष गोविंदसिंह चौहान, घनश्याम माली, नथमल माली, वि मसिंह, लक्ष्मण भाई सुथार, दोलाराम माली, डूंगरमल गुप्ता, गांधी भाई पटेल, तुलसीराम माली, ताराराम माली, रमेश मीणा, किशन प्रजापत, चपत माली, भगाराम माली, कैलाश माली, नरेंद्र माली, दिनेश रावल पुजारी मौजूद थे।

सम्राट अशोक जयंती मनाई अर्पित की पुष्पांजलि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती का माउन्ट आबू के पातालेश्वर महादेव मंदिर के सभा भवन में आयोजित की गई। सभी ने सम्राट अशोक की तस्वीर पर माल्यर्पण कर सम्राट अशोक के जीवन परिचय पर चर्चा की। मुख्य अतिथि राजेन्द्रसिंह परमार, सुरेश कुमार नोगिया, विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा सिरोही एडवोकेट सुन्दर लाल मोसलपुरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरलाल बुनकर ने की। परमार ने बताया कि सम्राट अशोक का भारत बनाना है तो तथागत बुद्ध के बताए रास्ते पर चलना होगा। बुनकर ने समाज को संगठित कर के ही समाज को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला संयोजक एडवोकेट मौसलपुरिया ने बताया कि आज संविधान तथागत बुद्ध और सम्राट अशोक महान के दर्शन से प्रेरित हैं, भारत के संविधान की उद्देशिका में समताए स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व एवं समाजवादए धर्म निरपेक्षता जैसे शब्द अशोक महान से ही लिया गया है। भारत मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष आसूराम लूनिया ने कहा कि 9 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन में सिरोही जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय के बाहर जेल भरो आंदोलन का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें जिले भर से लोगों को आने का आह्वान किया गया। जीवाराम चौहान, राजकुमार राणा, अशोक राणा, विजय राणा, दिनेश राणा, शंकर बोरवत, मोहनलाल एवं हीरा भाई आदि मौजूद थे।

वार्षिकोत्सव में झलका उत्साह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मंडार। बड़ेची में मधुसूदन बाल विद्या मन्दिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि रेवदर विधायक मोतीराम कोली रहे। प्रधानाध्यापक हीरालाल ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार के बारे में प्रकाश डाला। समारोह में आयोजित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। विधायक ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहां की बालिकाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ा जाए ताकि वह दो घरों को सवारे। देवीसिंह का विधायक ने सम्मान किया। प्रशासक भवानीसिंह भटाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप, सीए देवीसिंह, विशालसिंह, गणेश देवासी, प्रवीण सोलंकी, सुरेश कुमार, थानाराम आदि मौजूद थे।

www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम-जय श्रीराम से गूंजा शहर

हर्षोल्लास से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, जिला हुआ भगवामय

जानकी संग निकले श्रीराम नगर भ्रमण पर,राममय हुई सिरोही नगरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। शहर समेत जिलेभर में रविवार को रामनवमीं का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण, हनुमान की प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों में भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला, कौशल्या हितकारी का कीर्तन कर श्रद्धाभाव से जन्मोत्सव मनाया गया। शोभायात्रा में रामदरबार को श्रद्धालुओं न पूरे मार्ग की यात्रा की। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने रामजी के जय.जयकार के नारे लगाए। एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम.जय श्रीराम से शहर गूंज उठा। रामनवमी महोत्सव पर पैलेसरोड स्थित महामंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। महामंदिर रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक हरीश दवे ने बताया कि प्रातः 9 बजे मंगला व प्रभात आरती के बाद 9 बजे महामंदिर से विशाल शोभायात्रा महंत राजगुरू सीतारामदास के नेतृत्व में साध्वी चेतनागिरी, महंत महेशदास हनुमान मंदिर गोयली रोड के नेतृत्व में निकाली गई। जहां से बालिकाओं ने पवित्र चम्पावती बावडी का गंगाजल कलश में भरा व रामझरोखा से मंगल कलश व शोभायात्रा महामंदिर पहुंची। जहां महाआरती महंत राजगुरू सीतारामदास ने की। आनंद मिश्रा, भीकसिंह भाटी,जय विक्रम हरण, गोपालसिंह राव, विकास रावल, लियो प्रकाश प्रजापति, दिनेश प्रजापत, अंकित रावल, रणजीत दवे, शैलेष शर्मा, राजेन्द्रसिंह तोमर का सहयोग रहा।

रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से रामझरोखा मेदान से दोपहर दो बजे भगवान राम के विग्रह की आरती के बाद शोभायात्रा निकाली गई। जिसका एक सिरा रामझरोखा पर तो दूसरा सिरा सरजावाव दरवाजे पर था। रामनवमी महोत्सव समिति के प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रामनवमी की शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा शहर राममय हो गया। शोभायात्रा में सनातन समाज के हर उम्र व वर्ग के लोग केसरिया साफा, भगवा दुपट्टे पहनकर व हाथों में झंडे थामे दिखे। बुजुर्गों के साथ महिलाएं, युवा, बच्चे सब राम के रंग में रंगे हुए नजर आए। शोभायात्रा में 35 से अधिक झांकियों की संख्या थी। जिसमें राम-सीता, गुरुकुल, राम- हनुमान, नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूप से संबंधित झांकियां शामिल हुईं। इसके साथ किसी ने शिवजी का रूप धारण की हुई झांकियों ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

शोभायात्रा का किया स्वागत व करवाया जलपान

शोभायात्रा को लेकर जगह-जगह मार्गों एवं चौराहों पर सजावट की गई। सम्पूर्णानंद कॉलोनी, बस स्टैण्ड, सिद्धी विनायक व्यापार मंडल, माणकचंद लक्ष्मीचंद, खण्डेलवाल मंदिर, सुनार समाज, नीलमणी चौक, सारणेश्वर दरवाजा, घांचीवाडा, आपेश्वर महादेव मंदिर एवं महामंदिर के बाहर श्रद्धालुओ के लिए शीतल जल, शरबत, अल्पाहार, फल की व्यवस्था कर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत किया। राम मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद शहर में ये दूसरी शोभायात्रा है।

शोभायात्रा में यह रहे मुख्य आकर्षण

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की 21 फीट की झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। नासिक के प्रसिद्ध ढोल-ताशा, चार अखाड़े भी लोगो के आकर्षण के केन्द्र थे। एक अखाडा महिलाओ का भी था अखाडो के युवको एवं युवतियों ने शस्त्रो के साथ प्रदर्शन कर सबको हेरत अंगेज किया। बालोतरा का गेर नृत्य, वनवासी समाज का गैर नृत्य, महाबली हनुमान के प्रतीकात्मक रूप में भी कलाकार अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते दिखे।

महाआरती से हुआ समापन

शाम को पैलेश रोड स्थित महामंदिर के श्रीराम मंदिर में महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान श्रीराम महोत्सव समिति के अतिथि केसरसिंह जेला, रामनवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मांगूसिंह बावली, उपाध्यक्ष नारायण लोहार, विहिप के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, नगर अध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी, प्रशांतसिंह, हिमांशु राजपुरोहित, पुखराज सुथार, मदन सेन, प्रकाश सेन, हितेश ओझा, दुर्गावाहिनी की पिंकी राजपुरोहित, मातृशक्ति की संयोजिका इन्द्रा खत्री, रंजनदेवी,पवन आर्य, चित्रलेखा जोशी, शालिनी वर्मा, बसंती आर्य, मंजुला खत्री, अनिता चव्हान, सहित भारी संख्या में महिलाए व पुरूष उपस्थित थे।

दिखा साम्प्रदायिक सौहार्द

रामनवमी शोभायात्रा के दौरान शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। सम्पूर्णानंद कॉलोनी में मुस्लिम समाज की ओर से शोभायात्रा पर फूल बरसाकर एवं शीतल जल पिलाकर राम भक्तों का स्वागत किया गया।

इनकी रही सहभागिता

शोभायात्रा में विहिप के केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य मंहत तीर्थगिरी महाराज, बैधनाथ मंदिर के मंहत पागल बाबा, रामगिरी महाराज, महेशदास महाराज, श्रवणदास साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सभी हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद थे।

आबूरोड। विहिप बजरंग दल के तत्वावधान में रामनवमी पर्व शोभायात्रा निकाली गई। सर्व समाज की सहभागिता के साथ विष्णु धर्मशाला से शुरु हुई शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली। शोभायात्रा में संघ, विहिप, बजरंग दल, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व शोभायात्रा में शामिल युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। विष्णु धर्मशाला पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया। आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। शोभायात्रा में ऊंट व अवश्वरोही हाथों में केसरिया थामे शान से चल रहे थे। इसके पीछे सिर पर कलश उठाए बालिकाएं व महिलाएं चल रही थी। नासिक ढोल व बैंड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा अम्बाजी चौराहा, गुरुनानक कॉलोनी चौराहा, हरियाणी तिराहा, सदर बाजार, मुख्य चौराहा होकर निकली। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं जगह-जगह ठंडे श्सीतल पेय की स्टॉले लगाई गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के भजनों पर थिरकते, जयघोष लगाते युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर आरएसएस, विहिप, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच, सामाजिक संगठनों, सर्व समाज व भाजपा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। शोभायात्रा में नासिक ढोल बजाने वालों ने समां बांध दिया। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम की जीवन यात्रा से जुड़ी आधा दर्जन से अधिक झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। वहीं बुलडोजर बाबा की झांकी ने समां बांध दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का स्वांग रचकर कमांडो से घिरे बुलडोजर पर बैठे युवक व योगी की स्टाइल में अभिवादन करना खासा आकर्पित रहा। वहीं शोभायात्रा के दौरान खाकी मुस्तैदी से तैनात रही। शहर के चौराहों समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। किन्नर समाज की ओर से बहुचर माता की शोभायात्रा निकाली गई। आबकारी से शुरु हुई शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर प्रारंभिक स्थान पर पहुंची। वैष्णव समाज नगर मंडल आबूरोड द्वारा जुनी खराड़ी स्थित रामजी मंदिर में रामजन्मोत्सव पर ध्वजा चढ़कर कीर्तन एवं राम धुन के साथ रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। शाम को अग्रवाल विश्व धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होते मंदिर प्रांगण में पहुंची। आरती के बाद कार्यं म का समापन किया। वरिष्ठ जगदीश वैष्णव, प्रवीण वैष्णव, पार्षद रमेश वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, वि' म वैष्णव, तुलसीदास वैष्णव, डूंगरदास वैष्णव, खीमदास वैष्णव, गणेशदास वैष्णव, सोहनदास वैष्णव, कमलेश वैष्णव,ओमप्रकाश वैष्णव, नितेश वैष्णव योगेश वैष्णव, हार्दिक वैष्णव आदि मौजूद थे।

मंडार। राम नवमी की शोभा यात्रा पूर्व विधायक जगसीराम कोली अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। विधायक कोली ने कहा भगवान राम विश्व के आराध्य देव हैं। महोत्सव की लेकर सभी रास्तों को भगवामय होर्डिंग लगाए गए। दुकानदारों ने भी दुकान के आगे स्वागत द्वार लगा लगाए हैं। शोभायात्रा का व्यापारियों की ओर से जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंच का सफल संचालन वीपीसिंह इंदा ने किया। रामनवमी कमेटी के तत्वावधान में डीजे तथा आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा रवाना हुईं जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः शोभायात्रा आदर्श विद्या मंदिर पहुंची। मुख्य वक्ता नरेश बोहरा नाडोल, प्रांत सह प्रचार प्रमुख, चंदनसिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष कालूराम चौधरी, अजय कुमार टांक कुलदीप रामपुरा, देवीसिंह देवड़ा, रणजीतसिंह परिहार, गमनाराम प्रजापत, दिनेश कोली, देवाराम रावल, महेश अग्रवाल, देवाराम पटेल, तगतसिंह परिहार, दिलीप कुमार माली, कांतिलाल माली, भरत कुमार माली, छोटूसिंह, बलवंतसिंह हुंमड, अर्जुन राणा, नानजीराम देवासी, जगदीश घांची, गुलाब माली,धनेश पटेल,जगदीश जीनगर, गजेन्द्रपालसिंह इंदा, हर्षवर्धनसिंह, इंदा,जयेश खंडेलवाल, नरभा राम पुरोहित सहित कही ग्रामीण मौजूद रहे। नायब तहसीलदार जब्बरसिंह देवड़ा, थानाधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित, एएसआई मोहनलाल विश्नोई, एएसआई दिनेश रावल, हैड कॉस्टेबल गणेशा राम, कांतिलाल, कॉस्टेबल जूठा राम, श्रवण कुमार, नरेन्द्रसिंह आदि मौजूद थे।

पिण्डवाड़ा। रामनवमी पर संतो के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर के प्रमुख राम मंदिर मे भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर समाधान गिरी एवं समाराम गरासिया की मौजूदगी मे शोभायात्रा को रवानगी दी। इस दौरान विहिप, आरएसएस, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी सहित विविध हिन्दू संगठन, भाजपा का सहयोग रहा। शोभायात्रा राम मंदिर से रवाना हुई। शोभायात्रा में जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शीतल पेय की व्यवस्था की गई। मस्जिद के बाहर मोमिन भाइयों ने भी स्वागत किया तथा पानी पिलाकर भक्तों का सम्मान किया।

झाड़ोली। विहिप के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। विहिप के मुख्य प्रवक्ता नरेश बोहरा ने भगवान राम के जीवनी पर प्रकाश डाला। विहिप जिला मंत्री अशोक रावल, जिला समरसता प्रमुख राधेश्याम गर्ग, प्रखंड मंत्री महेश राजगुरु की शोभायात्रा में उपस्थिति रही। शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरी। दुर्गा वाहिनी बहनों ने प्रदर्शन कर शौर्य का परिचय दिया। बजरंग दल युवाओं ने भी प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में रामदरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झाडोली ग्राम अध्यक्ष कांतिलाल पुरोहित ने आभार व्यक्त किया।

कालंद्री। कस्बे में रामनवमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विवेकानंद सर्किल से शोभायात्रा नकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश पुरोहित, भंवरलाल घांची, प्रवीण माली, करणसिंह, रमेश सेन समेत कई जने मौजूद थे। शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कालंद्री थाना पुलिस से एएसआई दिनेश कुमार मय जाब्ता तैनात रहा।

सरूपगंज। सरूपगंज कस्बे सहित आसपास के गावों में रविवार को रामनवमी पर भव्य कार्यं म आयोजित किए गए। सभी जगहो पर केसरिया झंडे के साथ शानदार शोभायात्रा निकाली गई। सरूपगंज में निकाली शोभायात्रा में रथ, ट्रेक्टरों के डीजे की धुन पर हजारों की संख्या में हिन्दू संगठन, बजरंग दल, विहिप, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता व महिलाएं सम्मिलित हुए। श्रीराम जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माली समाज धर्मशाला में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता संत अभयदास महाराज तखतगढ़ के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि संत फौजाराम ने भामाशाहों का सम्मान किया। मुख्य वक्ता अभयदास ने राम जन्मोत्सव पर उनकी जीवनी के साथ मातृ भूमि एवं हिंदुत्व पर विस्तृत जानकारी दी। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर लोगों को पानी पिलाने की व्यवस्था की। भजन कलाकार शंकरलाल चौधरी द्वारा शानदार राम भजनों की प्रस्तुति दी। जालोर विभाग मंत्री लक्ष्मणराम रावल, कार्यकारी अध्यक्ष ललित बंसल, प्रखंड अध्यक्ष सुभाषभाई, जिला संयोजक बजरंग दल कैलास सिंदल,नगर अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, अशोक कुमावत, गणेश देवासी, दीपेश अग्रवाल, योगेश टांक, ओम प्रकाश अग्रवाल सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के पदाधिकारियों ने संपूर्ण व्यवस्था संभाली वही प्रशासन द्वारा पिण्डवाड़ा उपखंड मजिस्ट्रेट मनसुख डामोर, पुलिस उप अधीक्षक भंवरलाल एवं थानाधिकारी कमलसिंह, आरआई चुन्नीलाल पुरोहित, पटवारी अनिल प्रजापत, संदीपसिंह देवड़ा व पुलिस जाब्ता ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया।

सादुलपुर में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। शहर में रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को सादुलपुर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। शोभायात्रा राजगढ़ शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। चारों ओर भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जैन अस्पताल निदेशक डॉ विनोद अग्रवाल डॉ उर्मिल अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति मुकेश सरावगी, डॉ सतबाला,भाजपा नेत्री नीलम पूनिया, श्याम शर्मा, जैन अस्पताल के एचडी प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा पारीक शनि मंदिर के पुजारी हीरालाल भार्गव दीपक गुप्ता, यूनुस भाटी रेनबो, वरिष्ठ संपादक मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन आदि ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसमें भाजपा विधानसभा प्रत्याशी प्रतिनिधि विवेक पूनिया, पंचायत समिति पूर्व प्रधान विमला पूनिया, भाजपा सादुलपुर शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप अत्रि, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, महेंद्र कालीरावणा, ईश्वर जांगिड़, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष सतपाल पाडिया, ग्रामीण ब्राह्मण समाजसेवी श्रवण शर्मा, मंदरूप पूनिया, हरपालु, सुभाष गगोर, संदीप लबोर बड़ी, अनुराग पूनिया सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। राजगढ़ शहर के केसर जी मंदिर के पास जाने-माने शनि महाराज के परम भक्त पूनम मोदी भजन गायक सेवा भावी मुकेश मोदी युवा सेवा भावी छगन लाल मोदी गुलाब के फूलों से भगवान श्री राम की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। शहरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए श्रद्धा और उत्साह से वातावरण को राममय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सद्भाव और एकता का संदेश देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। पुलिस प्रशासन ने यातायात को सुचारू बनाए रखते हुए शोभायात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया।

वहीं सिद्धमुख में रामनवमीं के पावन पर्व पर ि शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा श्री गोरखनाथ मंदिर से आरम्भ हुई और शिव मंदिर प्रांगण तक पहुंची। शोभा यात्रा में भगवान श्री राम की महिमा का गुणगान किया गया और उनकी जन्मोत्सव की खुशी में भगवा ध्वज लगाये गये। जय श्री राम के जयकारे लगाएं। यात्रा के दौरान मुख्य बाजार, पुराना बाजार, मुख्य बस स्टैंड, सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आगे से होते हुए शिव मंदिर पहुंची। पुजारी सुनील शर्मा ने बताया की शोभा यात्रा के आयोजन से सिद्धमुख के लोगों में एकता और भाईचारे की भावना दिखाई दी। यह यात्रा भगवान श्री राम की महिमा का गुणगान करने और उनकी जन्मोत्सव की खुशी मनाने का एक अच्छा अवसर था। इस अवसर पर जुगल किशोर शर्मा, शंकर लेगा, वीरेंद्र मुण्ड, देवीलाल जोशी, नरेश महला, अंजनी इंदौरिया, विक्रम शर्मा, प्रमोद चांदोरा, राकेश ढाका, सुरेंद्र इंदौरिया, वासुदेव इंदौरिया, हवा सिंह रणवा, शार्दुल ठाकुर,परसाराम गुरईया, बजरंग शर्मा, रमेश राजपुरोहित, चंद्रशेखर शर्मा, तरूण शर्मा, गोवर्धन भगत गण मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चौमूं। रामनवमी के पावन अवसर पर सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना को साकार करते हुए श्री गिरिराज परिक्रमा सेवा समिति, चौमू की ओर से दुसाद ब्लड बैंक में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्थानीय भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 21 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 'रक्तदान महादान है और ऐसे पुण्य कार्यों से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में सेवा की मिसाल भी कायम होती है।' उन्होंने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर समिति के सक्रिय कार्यकर्ता विजय शर्मा, ललित कुमार, महेश कुमावत, सूरज यादव, गणपत लाल मीणा, दिनेश, रजत, रोहित, ओम सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रामनवमी जैसे धार्मिक अवसरों पर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना हमारी प्राथमिकता है। भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। यह रक्तदान शिविर न सिर्फ रामनवमी की धार्मिक भावना को और अधिक सार्थक बनाता है, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

न्यूज ब्रीफ

श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने की महाआरती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर सुबह से ही दर्शनार्थों का कांटा लगा रहा। सुबह मंगल आरती के पश्चात संत भोले बाबा के सानिध्य में शहर में निकलने वाली प्रभात फेरिया का श्री राम मंदिर चूरु में समागम हुआ। प्रमोद मण्डावेवाला व राजेश मण्डावेवाला ने बताया कि महिला, पुरुष एवं बच्चों ने मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर कीर्तन किए। दोपहर 12:00 बजे भगवान श्रीराम के विग्रह का पूजन किया गया। सीमा मण्डावेवाला एवं ललित मण्डावेवाला ने दल बजाकर भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां बांटी गई। तत्पश्चात संत भोले बाबा के मुख्य अतिथि में जन्मोत्सव आरती प्रारंभ हुई जिसमें शहर के गण मान्य नागरिक एवं दर्शनार्थ उपस्थित थे आरती के प्रसाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

समाज सेवी कौम कजियाना सदर संजय भाटी ने किया शोभायात्रा का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। जिला मुख्यालय पर राम नवी शोभायात्रा का नई सड़क पहुंचने पर मुस्लिम समाज ने भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। समाज सेवी कौम कजियाना सदर संजय भाटी ने साथियों के साथ शोभायात्रा के लिए फ्रूटी जल पानी की शानदार व्यवस्था की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू, अंजुमन अल शबाब जिला अध्यक्ष जमील चौहान, नारायण बालन, धर्मेंद्र बुडानिया पार्षद विमल शर्मा, आरिफ पीठीसर जाकिर झरियावाला, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, सलीम गोरी, पार्षद, इस्माइल भाटी, आरिफ़ सिसालदार, नुमान अहमद, समीउल्लाह, युगेश ढाका, आदि ने युवा सांसद राहुल कसवा, सभापति पायल सेनी का भी स्वागत किया।

महाकाली धाम सेवा संस्थान द्वारा जागरण में महाकाली के गूंजे भजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के महाकाली मंदिर में आयोजित जागरण खूब जमा। महाकाली धाम सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जागरण में रतनगढ़ की कपिलशान एण्ड पार्टी के गायको ने मां महाकाली की आराधना में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। अम्बे तु है जगदम्बे काली..., बनादो कृपा की एक नजर... और तेरा है उपकार मां सुखी मेरा परिवार सहित भजनों की लड़िया प्रस्तुत करते हुए गायकों ने मां की वंदना की तो श्रोताओं ने तालियों के साथ संगत की। संस्थान के संस्थापक पुष्पदत्त गुप्ता, तेजपाल गुप्ता, राहित गुप्ता ने गायक कलाकारों का स्वागत किया। प्रेरक शिव पूजन गुप्ता ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सिधमुख में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। सिधमुख मंडल ने भारतीय जनता पार्टी 46 वा स्थापना दिवस मनाया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विचारों, रीति नीति की चर्चा की पार्टी को मजबूत बनाने की योजना बनाई गई। इस दौरान सिधमुख मंडल भाजपा अध्यक्ष बिहारी दान चारण, पवन कुमार छींपा किसान मोर्चा सिधमुख मंडल अध्यक्ष, नवीन चाहर, अंजनी शर्मा, राकेश इंदौरिया, विकाश राजपूत, वीरेंद्र चाहर, विनोद गैदर देवीलाल चाहर, भगवानदास इंदौरिया, संदीप छींपा, दिनेश छींपा, संजय शर्मा सुमेर सिंह, प्रभु सिहाग, राजकुमार, कानसिंह राठौड़ नरसी राठौर, मुकेश नोखवाल हनुमान ठेकेदार आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहीं

भाजपा जिला किसान मोर्चा ने भाजपा स्थापना दिवस मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। भाजपा जिला किसान मोर्चा कार्यालय सादुलपुर में भारतीय जनता पार्टी का 46वा स्थापना दिवस किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़ के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा शहर मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी ने की इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा असंख्य कार्यकताओं की विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने कहा कि देश में नरेन्द्र मोदी और राजस्थान में भजनलाल की सरकार डबल इंजन की सरकार है,सबका साथ, सबका विकास, सबको साथ लेकर चल रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा गुलपुरा मंण्डल अध्यक्ष मुकेश नेमिवाल, महंत जगदीश पुरी, सरपंच भालसिह मेहरा, प्रदीप कुमार, बजरंग शर्मा,अन्तर ढाका ,अशोक चांगल, राजेश भार्गव ठेकेदार,रोहिताश ढाका,पूर्व पार्षद दीपचंद प्रजापत,संजय भार्गव,सुमेरमल सैन, नासिर हुसैन,जगदीश प्रसाद, महेंद्र झाझडिया सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी की पुस्तक का विमोचन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। साहित्य सरोवर संस्था जयपुर के तत्वावधान में वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी की पुस्तक श्राजस्थानी कहावतां रा मुक्तक पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ पारीक गोपेश द्वारा किया गया। एन के पब्लिक स्कूल मुरलीपुरा के सभागार में आयोजित इस समारोह में गोपेश ने कहा कि राजस्थानी कहावतों के आधार पर रचा गया यह काव्य अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि अति समृद्ध राजस्थानी भाषा की मारवाड़ी, मेवाड़ी, ढूंढाड़ी, हाड़ौती, बागड़ी, शेखावाटी, मेवाती आदि बोलियां मिलकर इसे समृद्ध बनाती हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पी डी गुप्ता ने बताया कि राजस्थानी में हजारों कहावतें और ग्रंथ हैं जो साहित्य जगत की धरोहर हैं। हरिशंकर पारीक ने कहा कि हिंदी के निर्माण व विकास में राजस्थानी का महत्वपूर्ण योगदान है।कवि विद्यानिधि त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थानी कहावतों में समग्र जीवन दर्शन प्रगट होता है। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने बताया कि जिस वाक्य द्वारा जीवन के अनुभव का सार सुंदर व प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है उस वाक्य को कहावत कहते हैं। उन्होंने मींझर प्रकाशन के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रह्लाद कुमावत चंचल ने कहा कि कहावतों की आधारशिला पर हमारी परम्पराओं के स्तूप प्रतिष्ठित रहते हैं।

जीण माता मंदिर और महाकाली मंदिर में हुआ जागरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। शहर के धर्म स्तूप के पास प्राचीन जीण माता मंदिर में आयोजित रात्रि जागरण में भजनों की स्वर लहरियां गूंजी। दुर्गाष्टमी की शाम मंदिर में 1100 दीपकों से मां जीण की आरती की तो जहां परिसर दीपमाला से जगमगा उठा वहीं श्रद्धालुओं की ओर से की गई आरती में मां की वंदना के स्वय गूंज उठे। नवरात्र उपलक्ष्य में जीण माता मंदिर में आयोजित जागरण में गायक सरदारशहर की पिंकी पारीक, चूरू के मेहुल शर्मा, राकेश दाधीच, अनुज गोयल, आशीष शर्मा, श्यामलाल उपाध्या, और सुरेश निराणिया ने मां की आराधना में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, आई सिंह पर सवार.., जय जय जीण माता भवानी सहित गायक कलाकारों ने मां वंदना की तो श्रद्धालुओं ने तालियों के साथ संगत की। मां सहित भगवान श्रीराम, बालाजी और श्याम बाजा के भजन सुनाकर गायको ने जागरण में लोक गीत संगीत के साथ समां बांध दिया। आशाराम कालूराम प्रजापत ठेकेदार एण्ड सन्स की ओर से आयोजित जागरण में मां की पूजा करते हुए सवामणी का भोग लगाया गया। विनोद प्रजापति ने गायक कलाकारों का सम्मान कर सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पं.रामप्रताप, मातूराम, विनोद, महेश कुमार, मनोज, सौम्य, मनन और कृष्ण आदि ने आयोजकीय सेवाएं दी।

वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे विद्यार्थी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चूरू। पं.दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव अन्तर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। खेल स्पर्धाओं में क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं खो खो प्रतियोगिता हुई। इसी क्रम में कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में शनिवार शाम विद्यार्थियों ने गीत संगीत के माध्यम से समां बांधा। प्राचार्य डॉ.महेश मोहन पुकार ने बताया कि अंतिम तीन दिवस में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्तर्गत नाट्य, एकल एवं समूह नृत्य, गायन, अभिनय आदि प्रतियोगिताएं होगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन होने वाले समारोह में प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

रोटी बैंक शाखा द्वारा नागरिक अस्पताल में भोजन वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। कुरुक्षेत्र रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति नागरिक अस्पताल में रुग्ण और उनके परिजनों को एवं जरूरतमंदों को भोजन में रोटी सब्ज़ी और चावल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर अस्पताल पहुंचे और भोजन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतु अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। इसके साथ ही रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक की स्थापना सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्रीकांत जाधव द्वारा 2017 में की गई थी। उनके दिशा-निर्देशों से ही कुरुक्षेत्र में रोटी बैंक का श्रीगणेश वर्ष 2018 में किया गया। रोटी बैंक के महासचिव कर्म चंद ने कहा कि रोटी बैंक द्वारा पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में प्रतिदिन भोजन तैयार किया जाता है और अलग अलग स्थानों पर जाकर वितरण किया जा रहा है। रोटी बैंक के साथ न केवल पुलिस कर्मचारी जुड़े हैं अपितु जनता के लोगों द्वारा बहुत अधिक सहयोग किया जा रहा है।

सादुलपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति मूंग खरीद में अव्वल रही

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। भारत सरकार और राजफेड के माध्यम से खरीफ वर्ष 24-25 में मूंग की समर्थन मूल्य की खरीद में सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति राजस्थान में दूसरे स्थान पर एवं बीकानेर संभाग में पहले स्थान पर रही। मार्च माह तक समर्थन मूल्य पर हुई यहां की समिति ने जमकर मूंग खरीदा। जिससे किसानों को बड़ा लाभ पहुंचा। अब चना सरसों खरीद की तैयारी मूंग की खरीद के बाद अब अप्रेल से चना, सरसों की रबी फसल का समर्थन मूल्य पर खरीद करने की तैयारी की जा रही है। इस सीजन में एमएसपी पर चना 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 5 हजार 940 प्रति क्विंटल क्रय की जाएगी।

किसानों को भुगतान जारी : इस संबंध में सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष गणपतराम ख्यालिया ने बताया कि इस वर्ष समिति मूंग खरीद में बीकानेर संभाग में प्रथम तथा राजस्थान में द्वितीय स्थान पर रही है कृषकों को समय पर भुगतान किया गया। 9 जनवरी तक समस्त कृषकों का भुगतान हो चुका है। शेष भुगतान अगले सप्ताह में करवा दिया जाएगा। ख्यालिया ने बताया कि खरीफ फसल समर्थन मूल्य पर समिति ने 76 लाख 45 हजार 435 रुपए का कमीशन कमाया हैं। जो पिछले सभी वर्षों से एक सीजन का सर्वाधिक है। गणपत ख्यालिया ने सफलता पूर्वक समर्थन मूल्य पर खरीद कार्य होने पर भारत सरकार, नेफेड राजस्थान सरकार, सहकारी विभाग राजगढ़, जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन समिति कर्मचारी, कृषकों एवं संचालक मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।

तीन केंद्रों पर 94 करोड़ से अधिक की हुई खरीद : समिति अध्यक्ष गणपत ख्यालिया के अनुसार सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति ने 64 करोड़ 54 लाख 98 हजार 18 रुपए के 74 हजार 349 क्विंटल मूंग की खरीद की, जो एक कीर्तिमान है। इसी क्रम में उप केंद्र राजपुरिया जीएसएस ने 24 हजार 994 क्विंटल 21 करोड़ 69 लाख 97 हजार 908 रुपए, उप केंद्र भेसली जीएसएस ने 9287.50 क्विंटल 8 करोड़ 6 लाख 34 हजार 75 रुपए तथा कुल 1.08.630.50 क्विंटल 94 करोड़ 31 लाख 3001 रुपए की खरीद की गई।

नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सादुलपुर। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया है। हरियाणा के सभी जिलों में यह अभियान चल रहा है। इस कड़ी में आज झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों के साथ और विशेष रूप से बच्चों के साथ नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रयास फाउंडेशन ने सहयोग किया। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी, कर्म चंद और पंकज ठकराल विशेष रूप से पधारे हुए थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा रूह्हस् पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं।

जादूवासु के नवनिर्मित मंदिर में मां करणी की मूर्ति स्थापना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। तहसील के गांव जादूवास के नवनिर्मित मंदिर में शनिवार को मां करणी की मूर्ति स्थापना की गई मंदिर से रवाना हुई कलश यात्रा गांव के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची कलश यात्रा में झांकियां भी सजाई गई राधा बड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच रामनिवास मितड की अगुवाई में होने वाले इस कार्यक्रम में थानमठुई के महन्त निर्मल नाथ महाराज के सानिध्य व सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली के मुख्य आतिथ्य में मूर्ति मूर्ति स्थापना की गई। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं भामाशाह सरपंच रामनिवास मितड व कालरी सरपंच प्रमिला पूनिया थी, बलौदा के पंडितों ने पूजा कराई। इस मौके पर हुए यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर समृद्धि की कामना की। जागरण में बीएस फौजी एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

राडावा बस स्टैंड पर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का शिलान्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

12गुणा12 फीट में बनेगा स्मारक

बाली। बाली में महाराणा प्रताप सेवा समिति के तत्वावधान में राडावा बस स्टैंड पर श्री वीर दुर्गादास राठौड़ स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नगरपालिका बाली ने पुरानी चौकी को हटाकर समिति को जगह उपलब्ध कराई है। महाराणा प्रताप सेवा समिति के संयोजक नरेंद्र परमार ने बताया कि राम नवमी के शुभ अवसर पर स्मारक का शिलान्यास महामंडलेश्वर संतोषदास महाराज (छोटू महाराज) और संत विजयसिंह दत्तात्रेय आश्रम की निश्रा में किया गया। पंडित दीपक व्यास के मंत्रोच्चार के साथ 12गुणा12 फीट के क्षेत्रफल में स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमृत परमार, नगरपालिका अध्यक्ष भरत चौधरी, आयोजक नरेन्द्र परमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मिस्त्री नैनाराम चौधरी ने निर्माण कार्य की शुरुआत की। स्मारक पर वीर दुर्गादास राठौड़ की छह फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में महावीरसिंह देवड़ा, अजयपाल जोधा, प्रहलाद सिंह राठौड़, सुरेश कंसारा, गवेंद्र सिंह राणावत, नरेन्द्रसिंह चौहान, भंवर टेलर, मोतीसिंह राव, नेतीराम जनवा, छगन प्रजापत, अमित देवगन, जगदीश देवासी, किरण पूरी, पुखराज चौधरी पार्षद, जीवाराम चौधरी पार्षद, कमलेश सोनी पार्षद, मदन सिंह राव, जगदीश सोनी, दिनेश माथुर, नरपतसिंह राजपुरोहित, किशन सिंह पंवार, थानसिंह सोलंकी, मुकेश सीरवी, नरेश वर्मा, विक्रम सिंह सोलंकी, प्रवीण प्रजापत, किरण पूरी सहित विभिन्न समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

2101 कन्याओं ने किए कलश धारण

कलश यात्रा देखने उमड़ा खिंवाड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। स्थानीय कस्बे में दस अप्रैल को आयोजित होने वाले खिंवाड़ा बालाजी महाराज के मेले से पूर्व रविवार को खिंवाड़ा में बालाजी सेवा समिति, गायत्री परिवार, खिंवाड़ा व्यापार संघ, खिंवाड़ा बालाजी मंदिर ट्रस्ट, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड परिवार के संयुक्त तत्वावधान में निकली कलश यात्रा में जंहा हजारों की संख्या में कन्याएं शरीक हुई। वहीं इस कलश यात्रा को देखने के लिए सिवास, गजनीपुरा, गुड़ा ठाकुरजी, बर्री सहित समूचा खिंवाड़ा कस्बां उमड़ पड़ा। लोगों की भीड़ का आलम यह था कि बालाजी मंदिर से महाप्रसादी स्थल तक का महज आधा किलोमीटर मार्ग पर कलश यात्रा को निकलने में एक घंटे से भी ज्यादा समय लग गया। लोगों की भीड़ को देखते हुए कलश यात्रा का रास्ता भी छोटा हो गया। रविवार अल सवेरे से ही कस्बे के मध्य स्थित खिंवाड़ा बालाजी मंदिर प्रांगण में कन्याएं पीले वस्त्र धारण कर एवं सजधज कर आना शुरू हो गई। जो देखते-देखते हजारों की संख्या में कन्याएं शरीक हो गई। जो बालाजी मंदिर से लेकर जैन मंदिर, कुम्हारों का बास, उदावतों की पोल, रावला प्रांगण तक कन्याओं की कतार लग गई। सुबह नौ बजे मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा शुरू हुई जो रावला चौक, मुख्य बाजार, मेन बाजार होते हुए बालाजी महाप्रसादी स्थल पर जाकर संपन्न हुई। जंहा पर सभी कन्याओं ने गंगाजल छिडक़र एवं पण्डित रामलाल ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड परिवार द्वारा पूजा- अर्चना कर महाप्रसादी बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया। इस मौके पर खिंवाड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़, पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, बालाजी विकास सेवा समिति अध्यक्ष अमृतलाल खांटेड, खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, बालाजी मेला सेवा समिति के अध्यक्ष बहादूरसिंह उदावत, उपाध्यक्ष हस्तीमल दर्जी, चिमनाराम जाट, बालाजी पूजारी प्रकाश रावल, खैड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चंद सेवग, डाक्टर अंबेडकर सेवा संस्थान संयोजक बस्तीमल सोनल, अरावली क्षेत्रिय विकास के नगर प्रमुख हीरालाल मेवाड़ा, चेन्नई-मुंबई एकता परिषद के संयोजक केवलचंद माण्डोत, जितेंद्र सुथार, रुपचंद खांटेड, रमेश आचार्य, नरेश मेघवाल, केसाराम मेघवाल सहित कई जने उपस्थित थे। इससे पूर्व कलश यात्रा का कस्बे में जगह-जगह पर कस्बावासियों व व्यापारियों ने फूलों से स्वागत किया गया। इस मौके पर खिंवाड़ा पुलिस ने थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा व एएसआई माधूलाल के नेत्तृव में कस्बे के हर मोड़ एंव बाजारों में मुश्तैदी के साथ व्यवस्था की गई।

रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। बाली में श्री रामनवमी महोत्सव समिति ने रविवार सुबह भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। यात्रा का शुभारंभ श्री पिंपलेश्वर महादेव मंदिर से हुआ। यह यात्रा प्रताप चौक और पृथ्वीराज चौक होते हुए मुख्य बाजार से गुजरी। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बना राम जनवा प्रमुख रूप से शामिल हुए। समिति के नरेंद्र परमार और विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पालक प्रभारी लखमा राम परमार और रतनपूरी

भगवा ध्वज और बैंड-बाजों के साथ श्री राम जयकारों से गूंजा नगर

विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री बाली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में समिति के प्रमुख पदाधिकारी सुरेश कंसारा, अजयपालसिंह जोधा और भंवर मांगीलाल टेलर ने भी भाग लिया। समिति अध्यक्ष लक्ष्मण कंपाउंडर, उपाध्यक्ष मोतीसिंह राव, सचिव और कोषाध्यक्ष दिलीप सोनी, महावीर सिंह देवड़ा, प्रवीण प्रजापति, अमित बिरावत, गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बाली पुलिस थानाधिकारी परबतसिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही।

नवरात्रि महोत्सव में भजन संध्या, सुबह मंत्रोच्चार के बीच मंदिरों में ध्वजा चढ़ाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। स्थानीय कस्बे के श्री अंबे माता व संतोषी माताजी मंदिर के प्रांगण में भक्तराज राजेन्द्र भंडारी के सानिध्य तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के तहत शनिवार की रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया। दूसरे दिन रविवार को धूमधाम के साथ मंदिरों पर भक्त परिवारों की ओर से ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व शनिवार की शाम को माताजी मंदिर में महाआरती शुरू हुई, जिसमें भक्तों ने भाग लिया। उसके बाद रात्रि में भजन संध्या दिप प्रज्वलित कर अतिथियों से शुरू की। जिसके बाद भजन गायक नन्दलाल भाट ने गणपति और गुरु वंदना पेश की। उसके बाद शीतल वैष्णव, किशोर पालीवाल, ऐश माली और मोहिनु दीन ने मिलकर माताजी के दरबार मे रातभर भजन प्रस्तुत कर महोत्सव में उपस्थित भक्तों को श्री अंबे और संतोषी माताजी की भक्ति से सरोबार कर दिया। भजनों में नृत्यकारों ने नृत्य कर भक्तों का मनमोह लिया। तीन दिवसीय महोत्सव सहयोग देने वाले भामाशाहों ट्रस्ट कमेटी की ओर से बहुमान किया। इस दौरान भक्तराज राजेन्द्र भंडारी, श्री अंबे माताजी व संतोषी माताजी ट्रस्ट कमेटी के सोहनलाल चौधरी अध्यक्ष, नरेन्द्रसिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, सोहनलाल सोनी सचिव, हीरादास वैष्णव कोषाध्यक्ष, कमलेश सोनी सहकोषाध्यक्ष, अरविंद दवे सहसचिव, श्रवण सिसोदिया मेला प्रभारी एंव सदस्य मुकेशपुरी गोस्वामी, फुआराम चौधरी, मोतीलाल माली, जगदीश प्रजापति, रमेश लुहार, हीरसिंह राठौड़, सोहनलाल लुहार, लिलेश खत्री, श्रवण वैष्णव, मोतीलाल जैन, घनश्याम छिपा और भक्तगण उपस्थित थे।

विधायक शोभा चौहान ने किए खेतलाजी के दर्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। सोजत विधायक शोभा चौहान रविवार को सारंगवास स्थित श्री सोनाणा खेतलाजी पाट स्थान पहुंचीं, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर खेतलाजी के दर्शन किए।

ट्रस्ट कमेटी ने किया स्वागत

इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष भगाराम चौधरी, खरताराम चौधरी, खरताराम मेघवाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत किया। विधायक चौहान ने मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए खेतलाजी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि जब भी अवसर मिलता है, वे दर्शन के लिए खेतलाजी के पावन धाम जरूर आती हैं। खेतलाजी की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। विधायक के दौरे के दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

भाजपा बाली शहर मंडल ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। बाली में बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडल अध्यक्ष राव मनोहर सिंह ने बताया कि केंद्र और प्रदेश नेतृत्व से मिले निर्देश पर बीजेपी जिला पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों के द्वारा अपने मकान व प्रतिष्ठानों पर भाजपा का झंडा फहराया गया। 10 बजे नगर में निकलने वाले रामनवमी के जुलूस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। 11.30 बजे नगर के रंजन सराय हॉल में सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारीयों की सभा आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं के द्वारा पार्टी से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के शुरुआत में राजेश रावल के द्वारा सभी का कुमकुम से तिलक किया गया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी पकाराम चौधरी और संयोजक राजेन्द्र सिंह दहिया के द्वारा सभी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश माथुर ने बताया कि पार्टी अंत्योदय की भावना से गरीबों के कल्याण को ध्यान रखकर कार्य करती हैं तो साथ में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी मजबूती प्रदान करती हैं। पार्टी ने अपने सेवाकाल में विभिन उतार चढ़ाव देखे हैं। कार्यक्रम के समापन पर मंडल अध्यक्ष राव मनोहर सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर बाली नगरपालिका अध्यक्ष भरत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष नरपत सिंह राजपुरोहित, महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष मंजुला रावल, विक्रम सिंह सोलंकी, दीपाराम परिहार, रूपाराम परिहार, परबत सिंह सोलंकी, पार्षद राजेन्द्र सिंह दहिया, जगदीश वर्मा, कमलेश सोनी, पकाराम चौधरी, जीवाराम चौधरी, विनोद मारू, जेठाराम देवासी, राजेश रावल, ललित वैष्णव, मुकेश माली, प्रशांत डांगी, रमेश चौधरी व अन्य भाजपा कार्य करता उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्मोत्सव पर धर्ममय वातावरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। श्रीराम जन्म महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में नौ दिन की प्रभात फेरी के बाद रविवार श्रीराम नवमी के अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा प्रातः नौ बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर से विशाल जन समूह के हाथों में केशरिया पताका धारण किए हुए जय श्री राम के जय घोष के साथ शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों व चौराहों से होती हुई लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का रंगोली बनाकर, पुष्प वर्षा एवं मंगल आरती कर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र भगवान राम दरबार की झांकीया, गेर नृत्य, एवं माताओं-बहनों का नृत्य रहे श्री राम लला की झांकी का। शोभा यात्रा पुनः गंतव्य स्थान लक्ष्मीनारायण मंदिर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव मनाया। शाम को सुंदर काण्ड पाठ आयोजन किया गया। जन्मोत्सव में समाज सेवी मुकेशसिंह राजपुरोहित सोनाणा, अमरसिंह राजपुरोहित, सुमित्रा राजपुरोहित, जोरसिंह चौहान, भूराराम सिरवी, भोपालसिंह, कुम्भाराम प्रजापत, राजेश बोहरा, वजाराम घांची, रवि बोहरा, पिता राम ग्यावत, जितु जोशी, हिंमांशु तिवारी, मदनलाल वैष्णव, राजेन्द्र वैष्णव, प्रमोद पुरी, प्रहलाद, भाटी, दलपतसिंह, सागर चौधरी, सुरेश चौधरी, धनाराम चौधरी, सुरेश सोनी, मुनेश भाटी, राम गोपाल, संतोष चौधरी, शक्ति वाहिनी, श्रीराम राज्य युवा सेना नाडोल, बजरंग दल सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

नारलाई। कस्बे में रविवार सुबह 10 बजे सनातन धर्म प्रेमीयों द्वारा एवं विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में श्री राम मंदिर से रथ में विराजित श्री राम की तस्वीर विराजित कर जय श्री राम जय श्री राम के जयकारों के साथ रामनवमी शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मेन बस स्टैंड पर ढोल थाली के साथ जम कर नृत्य किया। पुनः श्री राम मंदिर पहुंचकर समापन किया। इस अवसर पर नगर मंत्री लालाराम सिरवी, सत्संग प्रमुख वरदाराम सीरवी, संयोजक मुकेश माली, प्रखंड प्रचार प्रमुख दलपत चौधरी, गौरक्षक मदन बावरी, मांगीलाल सीरवी, नरेश सुथार, रोहित सिंह, राजू वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, कैलाश सुथार सहित विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा से स्वागत

गांव में चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकाली

मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना व महाआरती

सुमेरपुर। श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में श्रीचारभुजा मंदिर परिसर खांगड़ी गांव में रविवार को समाज का दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेहमिलन समारोह संपन्न हुआ। मेले में भाग लेने जोधपुर संभाग समेत प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाजबंधु पहुंचें। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बताया कि सवेरे मंदिर परिसर में चारभुजानाथ की पूजा-अर्चना व महाआरती की गई। तत्पश्चात मंदिर परिसर से कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई जो गांव के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े व ऊंट की सवारी चार चांद लगा रहे थे। वहीं लोग डीजे की धुन पर नाचते गाते चारभुजा नाथ के जयकारे लगाते चल रहे थे। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें बाहर से आए नृत्य कलाकारों ने उम्दा प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच के माध्यम से अतिथियों व समाज के प्रबुद्धजनों ने समाजोत्थान व बालिका शिक्षा पर जोर दिया। इसके साथ ही भामाशाहों व अतिथियों का महासभा की ओर से दुपट्टा, साफा व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में मेले की यातायात व्यवस्थाओं में सांडेराव व तखतगढ़ पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। मेले में में भाग लेने आस-पास के क्षेत्र व देशभर में रहने वाले समाजबंधु दो दिन अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर परिवार सहित पहुंचे। महाप्रसादी के साथ मेले का समापन हुआ।

भजन संध्या में गाई महिमा

मेले की पूर्व संध्या दुर्गाष्टमी पर शाम को मंदिर परिसर में हवन किया गया। वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ गणपति व गुरु वंदना के साथ हुआ। इस दौरान मंत्री जोराराम कुमावत ने शिरकत की। महासभा की ओर से उनका बहुमान किया गया। बाहर से आए अतिथियों का महासभा की ओर से माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। भजन संध्या में आस-पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया।

गेर नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

दो दिवसीय वार्षिक मेले में बाहर से आए गेर नृत्य दल ने मेले में धमचक मचाई। गेर देखने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। अलग-अलग वेशभूषा पहने गेरियों ने देर तक नृत्य कर दर्शकों की तालिया बंटोरी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गेर दल का महासभा की ओर से स्वागत कर उपहार दिया गया। मेले में मुख्य भोजन प्रसादी के लाभार्थी डा. मुकेश भाटी पुत्र कालुराम भाटी नाडोल रहे। मेले में सुमेरपुर, शिवगंज, सांडेराव, तखतगढ़, कोसेलाव सहित संभाग भर से बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

देसूरी भाजपा मंडल ने स्थापना दिवस मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। भाजपा के 46वां स्थापना दिवस को लेकर रविवार को देसूरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोकपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं की ओर घर-घर भाजपा ध्वज लहराने का संकल्प लेकर स्थापन दिवस मनाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मजबूत है, इसलिए भाजपा के संगठन सबसे मजबूत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर भाजपा ध्वज को लेकर चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान महेंद्र लोंगेशा, जगदीशसिंह मादा महामंत्री, गणपत चौधरी, अशोक चौधरी, रविन्द्रपुरी, अभयसिंह, हरिसिंह, मुकेश प्रजापत, भंवर घांची, घनश्याम छिपा, चुन्नीलाल सुथार, दौलत राईका सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मां नागणेची माता मंदिर पर भजन संध्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। मां नागणेची माता मंदिर सेवा समिति नाडोल के तत्वावधान में भजन संध्या में भजन गायकों ने एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां दी जिसमें सुरेश गवैया उदयपुर, दीपक कुमार, दिनेश माधव, गायिका कंचन वैष्णव, नृत्यगना पूजा मारवाड़ी, रेखा सिंह जोधपुर, टीना प्रजापत, फैंसी कुमावत जोधपुर, मोनिका उदयपुर ने अपनी नृत्य कला से शानदार प्रस्तुति दी। मंच संचालन गोरधन भटनागर व कानाराम कोटड़ी ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष महेन्द्रसिंह, समाजसेवी महिपाल सिंह, संरक्षक नारायणसिंह जोजावर, सहसचिव सम्पत राठौड़, माता उपासक दुर्गा राठौड़, प्रकाश गुर्जर, लक्ष्मण राठौड़, प्रविण जोशी, मानाराम राठौड़, पपूराम, महेंद्र सीरवी, नरेश राठौड़, अचलाराम, भानाराम, पुनाराम सहित संपूर्ण मेला समिति सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा का 46वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादड़ी। भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस समारोह छह से 12 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। बारली सादड़ी मोकाजी धूणी में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यालय और अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण किया। मुख्य वक्ता और पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नींव रखने वाले महापुरुषों ने देशभक्ति के बीज बोकर करोड़ों राष्ट्रभक्तों का वटवृक्ष तैयार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करेगी। कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख जगदीश चौधरी, संजय बोहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिलीप सोनी और पालिका उपाध्यक्ष हीराराम जाट उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल सगरवंशी और सह संयोजक नरेश परमार व भोमाराम जाट ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर पार्षद नारायण लाल, विमल त्रिवेदी, सोहनलाल प्रजापत, कृष्ण कुमार, प्रफुल्ल सिंह राव, महामंत्री पन्नालाल माली, मनोहर सुथार, विनोद मेघवाल, कालूराम और छोगाराम मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बदली-बदली होगी एमआई -आरसीबी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की हो रही वापसी

मुंबई। आईपीएल का 20वां मुक़ाबला पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच सोमवार को शाम 7:30 बजे खेला जाएगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी हो सकती है। मुंबई ने मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। कहा जा रहा है आरसीबी में भी कुछ बदलाव हो सकते हैं।

आरसीबी को मिली आठ बार हार

मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमात्र सूर्यकुमार हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161.32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। इस मैदान पर मुंबई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी।

आरसीबी की गेंदबाजी में दिखी तेजी

विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44.15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया। पिछले सीजनों में अक्सर आलोचनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7.26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं।

आरसीबी की ताकत ऑलराउंडर

आरसीबी ने तीन मैचों में से दो जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। आरसीबी की ताकत उनके ऑलराउंडर हैं। जिसमें फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

▪ **मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट **इम्पैक्ट प्लेयर:** तिलक वर्मा।

▪ **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल **इम्पैक्ट प्लेयर:** सुयश शर्मा।

संजू सैमसन ने शेन वार्न का तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के 18वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को मुल्लानपुर में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही बतौर कप्तान संजू सैमसन ने इतिहास रच दिया। सैमसन ने शेन वार्न के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सैमसन राजस्थान की ओर से सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान बन गए हैं। ऐसा कर सैमसन ने पूर्व महान दिग्गज वार्न को पीछे छोड़ दिया है। सैमसन की कप्तानी में राजस्थान ने 32वां मैच जीता है, वहीं, शेन वार्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में 31 मैच जीते थे।

▪ टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 45 गेंदों में 67 रन बनाकर टीम को एक अच्छा आधार दिया। इसके अलावा संजू सैमसन ने 26 गेंदों में 38 रन और रियान पराग ने 25 गेंदों में नाबाद 43 रन बनाकर टीम के स्कोर को और बढ़ाया। आखिरी में ध्रुव जुरेल ने मात्र 5 गेंदो में एक छक्के और एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर राजस्थान को 200 रन के पार पहुंचने में मदद की।

32* संजू सैमसन (62 मैच)
31 शेन वॉर्न (55 मैच)
18 राहुल द्रविड़ (34 मैच)
15 स्टीव स्मिथ (27 मैच)
9 अजिंक्य रहाणे (24 मैच)

भाई ! धोनी को भी गुस्सा आता है

नई दिल्ली। धोनी ने कंटेंट क्रिएटर राज शमानी के पॉडकास्ट पर कई दिलचस्प बात कही है। धोनी ने अपने गुस्से को लेकर भी बात की और बताया है कि उन्हें किस बात को लेकर ज्यादा गुस्सा आता है। बता दें कि धोनी को सबसे कूल खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर जाना जाता है, ऐसा काफी कम बार देखने को मिला है जब धोनी क्रिकेट के मैदान पर अपने गुस्से का इजहार करते हैं। अब धोनी ने अपने गुस्से को लेकर बात की और बताया है कि आखिर उन्हें किस बात पर ज्यादा गुस्सा आता है। धोनी ने कहा कि, "मुझे भी गुस्सा आता है। ऐसी बात नहीं है कि मैं गुस्सा नहीं होता हूं। क्रिकेट के मैदान पर भी ये बातें होती है"। धोनी ने कहा, "हां काफी बार होता है। क्रिकेट के मैदान पर मुझे गुस्सा आता है। मेरे लिए क्रिकेट के मैदान पर गुस्सा उस समय आता है जब आपको पता है इसके बाद भी आप उसको लेकर गलती करते हैं। मैदान पर कैच छोड़ने से मुझे फर्क नहीं पड़ता है। ये बातें होते रहती है। असल में गुस्सा उस चीज पर आता है जब आपको पता है कि ये चीजें नहीं करनी है उसके बाद भी आप वो चीज करते हैं। आपका ध्यान खेलने के समय कप्तान या फिर गेंदबाज की ओर होना चाहिए। आपका पूरा फोकस इन दो जगह पर होना ही चाहिए। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो मुझे गुस्सा आता है।

रोहित ने लखनऊ टीम के मालिक से लिए मजे

नई दिल्ली। रोहित शर्मा हंसी मजाक से दिल जीतते रहते हैं। उन्होंने लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका से मजे लिए हैं। दरअसल, हाल के समय में लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका का सोशल मीडिया पर खूब मजाक बन रहा है। जब भी लखनऊ की टीम मैच हारती है तो वो मैदान पर आकर खिलाड़ियों से गंभीर बातचीत करते रहते हैं। जिसको लेकर फैन्स उनकी खूब खिंचाई करते रहते हैं। अब रोहित ने भी संजीव गोयनका के मजे लिए हैं। दरअसल, लखनऊ और मुंबई के बीच मैच के बाद रोहित ने संजीव गोयनका के साथ बातचीत की, रोहित ने एक ऐसी बात की जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहित संजीव गोयनका के सामने शार्दुल ठाकुर की बुराई करते नजर आते हैं और यह कहते हैं कि "सर आप इतने चिंतित क्यों हैं जब आपके पास लॉर्ड है।' लखनऊ ने शुक्रवार को आईपीएल टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया था। मुंबई के कप्तान पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट चटकाए लेकिन लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जीत के लिए 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई 191 रन ही बना सकी।

'धोनी को 2023 में रिटायर हो जाना चाहिए था'

महेंद्र सिंह धोनी सवालों के कठघरे में हैं। इसके पीछे की वजह है उनका मौजूदा परफॉर्मेन्स। ना तो धोनी बड़ा स्कोर बना रहे हैं और ना ही मैच को फीनिश करते दिख रहे हैं। टीम के सफल रन चेज में अब उनका योगदान ना के बराबर दिखता है। और, ये बात सिर्फ आईपीएल 2025 की नहीं है। बल्कि पिछले सीजन में भी उनका कुछ ऐसा ही हाल था। बहरहाल, नाकाम होते धोनी पर अब पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने निशाना साधा है। उन्होंने बातों ही बातों में धोनी पर सीएसके से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

टीम हित में नहीं धोनी के फैसले

मनोज तिवारी के मुताबिक धोनी को किसी को बताना चाहिए कि अब उनसे नहीं हो पा रहा। और, अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने ये भी कि उनकी समझ से सीएसके का सारा डिसीजन एमएस धोनी कर रहे हैं। पर वो जो डिसीजन ले रहे हैं वो टीम हित में नहीं हैं।

लगा चुके हैं और आरोप

मनोज तिवारी ने धोनी पर खुद का करियर तबाह करने का भी इल्जाम लगाया था। उन्होंने कहा कि धोनी कप्तान थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने और प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद उन्हें और मौके मिलने चाहिए थे, जो कि नहीं मिले।

घरेलू क्रिकेट में बंगाल से खेलने वाले ये वही मनोज तिवारी हैं, जिन्होंने कुछ समय पहले धोनी पर खुद का करियर तबाह करने जैसा बड़ा इल्जाम भी लगाया था। मनोज तिवारी ने क्रिकबज पर कहा कि उनकी समझ से धोनी को उसी वक्त रिटायर हो जाना चाहिए था, जब आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने खिताब जीता था। वैसा ना करके धोनी ने जो इज्जत कमाई थी या जो फैंस का भरोसा जीता था, पिछले सीजन से उसकी नींव हिली है, क्योंकि फैंस उनसे जैसे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, वैसा वो अब नहीं कर पा रहे। मनोज तिवारी ने स्टीफन फ्लेमिंग के बयान पर भी हमला बोला।

मनोरंजन

'आश्रम' की बबीता कपिल की दुल्हनिया?

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा कॉमेडी के साथ एक बार फिर पर्दे पर अपनी एक्टिंग से फैंस को एंटरटेन करने आ रहे हैं। एक्टर की 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल 'किस किसको प्यार करूं 2' जल्द पर्दे पर धमाल मचाने आ रही है। हालांकि कपिल शर्मा के साथ फिल्म में लीड एक्ट्रेस कौन होगी, इसे एक मिस्ट्री रखा गया है। लेकिन फैंस ने एक्ट्रेस के नाम का अंदाजा लगा लिया है।

किस किसको प्यार करूं के नए पोस्टर में कपिल शर्मा अपनी दुल्हन के साथ हाथ जोड़े खड़े हैं। फैंस का दावा है कि कपिल शर्मा के साथ खड़ी उनकी दुल्हन कोई और नहीं बल्कि त्रिधा चौधरी हैं। एक फैन ने लिखा- 'ऐसा क्यों लगता है कि पोस्टर में एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि त्रिधा चौधरी हैं। बस एक अंदाजा है।' दूसरे यूजर ने कहा- 'अगर मैं गलत नहीं हूं तो मिस्ट्री गर्ल त्रिधा चौधरी हैं, क्या कोई इसे कंफर्म कर सकता है?' एक और ने लिखा- 'ये त्रिधा चौधरी हैं'। इसके अलावा एक यूजर को लगता है कि ये एली अवराम हैं। फैन ने लिखा- 'एली अवराम यहां लीड फीमेल एक्ट्रेस हैं।' अब फैंस का अंदाजा कितना सही है, ये तो मेकर्स के ऑफिशियल अनाउंसमेंट के बाद ही पता चलेगा। बता दें कि त्रिधा चौधरी ने बॉबी देओल की पॉपुलर वेब सीरीज 'आश्रम' में बबीता का किरदार निभाकर खूब शोहरत कमाई। और वे इस फिल्म में होंगी तो एक सरप्राइज ही होगी। इसके अलावा वे कई और शोज का हिस्सा रह चुकी हैं।

सीआईडी में बड़ा ट्विस्ट : शो के मशहूर एसीपी प्रद्युम्न की होगी मौत

सोनी टीवी का पॉपुलर सीरियल 'सीआईडी' सभी को पसंद आता है। लेकिन अब सीरियल से एक ऐसी न्यूज सामने आ रही है जिसे सुनकर शायद फैंस चौंक सकते हैं। 'सी आ ईडी' के पॉपुलर किरदार ए सीपी प्रद्युम्न यानी शिवाजी साटम का सफर शो में खत्म होने वाला है। खबरों की मानें तो शिवजी साटम का किरदार आने वाले कुछ एपिसोड्स में मरने वाला है। उनके किरदार की एक बॉम्ब ब्लास्ट में मौत हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक, आने वाले एपिसोड्स में बरबोसा जिसका किरदार तिग्मांशु धूलिया प्ले कर रहे हैं, वो 'सीआईडी' की टीम को मारने के लिए एक बॉम्ब प्लांट करते हैं। जिसमें बाकी सभी मेंबर्स तो बच जाते हैं लेकिन एसीपी प्रद्युम्न की जान चली जाती है। तिग्मांशु हाल ही में शो के अंदर करीब 6 साल के बाद फेमस आई गैंग लीडर बरबोसा का किरदार निभा रहे हैं।

एक्टर पार्थ समथान की एंट्री

बताया जा रहा है कि एक्टर पार्थ समथान सीआईडी में एसीपी का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। पार्थ एसीपी आयुष्मान का किरदार निभाएंगे जो शिवाजी साटम की लंबे समय से चले आ रहे किरदार की जगह लेंगे। पार्थ ने इस तरह के स्टैब्लिश्ड किरदार को निभाने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी बताई। उन्होंने बताया कि जब उन्हें यह ऑफर मिला तो उन्हें इसे स्वीकार करने में दुविधा हुई। हालांकि अपने परिवार के साथ इस बारे में चर्चा करने के बाद, जिन्होंने शुरू में सोचा कि वह मजाक कर रहे हैं, उन्होंने इस अवसर को एक्सेप्ट करने का फैसला किया।

रेस 4 का अनाउंसमेंट

अजय देवगन और अक्षय कुमार समेत कई सितारे अपनी पुरानी हिट फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट्स बनाने में बिजी हैं। ऐसी ही एक बड़ी फ्रेंचाइजी रेस भी है, जिसके चौथे पार्ट को लेकर पिछले साल से खबरें आ रही हैं। कहा जा रहा था कि चौथे पार्ट में सलमान खान नहीं होंगे और इस की कहानी पर काम चल रहा है। हालांकि ये सिर्फ महज खबरें ही थीं, लेकिन मेकर्स की तरफ से रेस 4 पर बड़ा अपडेट शेयर कर दिया गया है। 'रेस 4' के मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म पर काम चल रहा है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू की जाएगी। फिल्म में सैफ के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा भी नजर आने वाले हैं, जो ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी में सबसे नए सदस्य होंगे। इस बीच, फिल्म की लीड एक्ट्रेसेस और बाकी स्टार्स की कास्टिंग को लेकर कई तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। 'रेस 4' की एक्ट्रेसेस की कास्टिंग पर मेकर्स ने सभी अफवाहों का खंडन किया है। टिप्स फिल्म्स के निर्माता रमेश तौरानी ने एक बयान जारी कर 'रेस 4'की कास्टिंग अफवाहों पर टिप्पणी की और पुष्टि की कि फिल्म स्क्रिप्टिंग फेस में है। उन्होंने कहा, "हम यह साफ करना चाहते हैं कि हम रेस फ्रेंचाइज़ की अगली किस्त के लिए फिलहाल केवल सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ चर्चा कर रहे हैं, जो अभी स्क्रिप्टिंग फेस में है। इस फेस में किसी अन्य एक्टर या एक्ट्रेस से संपर्क नहीं किया गया है।

'चुड़ैल की तरह हंसती है श्रद्धा'

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन स्त्री और स्त्री 2 के लिए उन्हें सबसे ज्यादा तारीफ मिली है। दोनों ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थीं। हाल ही में, स्त्री के डायरेक्टर अमर कौशिक ने श्रद्धा की फिल्म में कास्टिंग को लेकर बात की है। एक हालिया इंटरव्यू में अमर कौशिक ने श्रद्धा कपूर की कास्टिंग के पीछे की वजह बताई है। कोमल नाहटा के साथ बातचीत में अमर ने बताया कि श्रद्धा को फिल्म में कास्ट करने का पूरा आइडिया दिनेश विजन का था, जो श्रद्धा से एक फ्लाइट में मिले थे। उन्हें एक्ट्रेस की हंसी चुड़ैल जैसी लगी, जिसके बाद प्रोड्यूसर ने उन्हें अपनी फिल्म में लेने का फैसला किया।

श्रद्धा को बुलाया था चुड़ैल

अमर कौशिक ने पूरा वाक्या याद करके बताया, "श्रद्धा क कास्टिंग पूरी की पूरी दिनेश विजन को जाती है। वो श्रद्धा के साथ किसी फ्लाइट में आ रहे थे और फ्लाइट में वो उनको मिली थी। तो उन्होंने बोला, अमर वो जब हंसती है ना तब एकदम स्त्री की तरह, एकदम चुड़ैल की तरह हंसती हैं, सॉरी श्रद्धा। तो ऐसा कुछ बोला था उन्होंने। चुड़ैल बोला था या कुछ और, मैं श्योर नहीं हूं। तो मैं जब उन्हें मिला तो सब पहले मैंने उनको बोला हंसो।" अमर कौशिक का ये बयान श्रद्धा के फैंस को जरा भी पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर डायरेक्टर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं। एक यूजर ने कहा, "पहले अपारशक्ति और अब ये? क्या यह कोई नया ट्रेंड है जहां उनकी अपनी फिल्मों के शख्स उन्हें पब्लिकली अपमानित करते हैं? आप अपनी लीडिंग एक्ट्रेस के बारे में इस तरह बात करते हैं? पहले उन्होंने उनके नाम पर फिल्म का प्रमोशन किया और उसके बाद बकवास करने लगे।"

दक्षिण मुंबई में राजेश्वर भगवान की 143वीं जयंती संपन्न

दो दिवसीय महोत्सव में हजारों समाज बंधुओं की सहभागिता

अतिथियों व भामाशाहों का किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। दक्षिण मुंबई स्थित हालाई लोहाणा महाजन वाड़ी में आंजणा चौधरी समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य महोत्सव में अराध्य श्री श्री 1008 श्री राजेश्वर भगवान की 143वीं जन्म जयंती एवं राम नवमी बड़े धूमधाम, श्रद्धा और सामाजिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा एवं पूर्व विधायक भीनमाल पूराराम चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शनिवार और रविवार को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत शनिवार रात्रि को आयोजित भजन संध्या से हुई, जिसमें भक्तिरस में डूबी प्रस्तुतियों ने समस्त जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को राजेश्वर भगवान जयंती समारोह एवं महाप्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक प्रमुख पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं भामाशाह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित सदस्यगण

समाज अध्यक्ष जोइताराम कावतरा, नरसीराम धुबड़िया, इराराम बोरवाड़ा, हकमाराम रोपसी, भावाराम भादरड़ा, बाबूलाल किरवाला, जोनुराम देवदा (गोलिया), आशाराम दातवाड़ा, शिवाराम कावतरा, मोनाराम दातवाड़ा, केसाराम जुंजाणी, देवाराम कोरा, सुरेश कोरा, हरसनराम कावतरा, हाजाराम धुबड़िया, ओखाराम नोदिया, हंजाराम धुंबड़िया, विक्रम पेलाज, खुमाराम, डायाराम, नरेश, रणजीत कोरा, परसाराम नवापुरा, किशोर जुंजाणी सहित सैकड़ों गणमान्यजन। अतिथियों और भामाशाहों का विधिवत सम्मान कर समाज की ओर से उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। भजन प्रस्तुति में कालाराम पुरोहित ने अपनी मधुर वाणी से उपस्थित जनसमूह को भक्ति भाव से सराबोर किया, वहीं स्नेह मिलन समारोह का सफल संचालन रणजीत माली ने किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी समाज बंधुओं ने महाप्रसादी का लाभ लिया और एकजुट होकर समाज सेवा एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

तप रहा राजस्थान

तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने की चेतावनी

जयपुर। राजस्थान में बढ़ती गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राज्य के कई हिस्सों में तापमान तेजी से चढ़ रहा है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भीषण लू चलने की चेतावनी दी है। वर्तमान में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। बाड़मेर में सर्वाधिक 42.7 डिग्री और चित्तौड़गढ़ में 41.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में राजस्थान के कई हिस्सों में तापमान में और 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 6 और 7 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि पूर्वी राजस्थान में यह 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। विभाग ने दो जिलों में ऑरेंज अलर्ट और नौ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पूर्व सांसद देवजी पटेल का जागरूक गो सेवा संस्थान (मोडक ग्रीन) जीरावल में स्वागत करते पूर्व भाजपा सिरोही जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित। साथ में मुकेश पुरोहित एवं बाबूनाथ गुंदाऊ उपस्थित थे।

'ऑपरेशन सीमा संकल्प'

दो जगह कार्रवाई, तीन सप्लायर्स गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर की रायसिंहनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है। इनमें दो सगे भाई हैं। ये दोनों भी लंबे समय से ड्रग्स तस्करी में लिप्त थे। पुलिस ने तीनों तस्करों से बड़ी मात्रा में अलग-अलग तरह के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। आरोपियों से पूछताछ कर उनके साथियों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में से गौरव गर्ग और नवनीत गर्ग सगे भाई हैं। इनमें गौरव रायसिंहनगर के वार्ड नंबर 31 में रहता है। वहीं दूसरा भाई वार्ड नंबर 23 में रहता है। दोनों भाई पिछले काफी समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का काला कारोबार कर रहे थे। ड्रग्स तस्करी से की गई काली कमाई से दोनों भाई बिंदास लाइफ जीते थे।

ड्रग्स तस्करी में दो भाई भी शामिल

दोनों भाइयों से मादक पदार्थ जब्त

बाद में मुखबिरों से दोनों के ड्रग्स सप्लायर होने की सूचना मिलने पर उनको दबोचा गया। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपनी कमाई का राज खोला। उनके काले कारोबार के बारे में जानकार पुलिस हैरान रह गई। पुलिस ने गौरव गर्ग और उसके साथी बलजिन्द्र सिंह उर्फ नीट्टू से 1 किलो 400 ग्राम डोडा पोस्त और 134 ग्राम गांजा बरामद किया है।

सप्लाई चेन के खुलासे की संभावना

दूसरे भाई नवनीत गर्ग से पुलिस ने 3 किलो 120 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों भाइयों और उनके साथी सप्लायर्स से पूछताछ कर रही है।

पांच बेटियों के पिता ने की खुदकुशी

अलवर। अलवर शहर में बड़ी घटना सामने आई है। यहां के वैशाली नगर थाना इलाके में पांच बेटियों के पिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पति को फंदे पर लटकता देखकर उसकी पत्नी सुधबुध खो बैठी। मौत को गले लगाने वाले शख्स की सबसे बड़ी बेटी महज 12 साल की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया है। सुसाइड के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वैशाली नगर थाना पुलिस के अनुसार कलेजे को चीर कर रख देने वाली यह घटना भूदर का बास में शनिवार शाम को हुई। वहां धीरज कुमार जाटव (35) ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। वह मूलतया विजय मंदिर थाना इलाके

मां खो बैठी सुधबुध, मोहल्लेवासियों की आंखें नम

के टेहड़पुर गांव का रहने वाला था। अपनी पत्नी के साथ उद्योग नगर में मजदूरी का काम करता था।

शराब के नशे में लगाया फंदा

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धीरज आदतन शराबी था। वह शराब पीकर गांव में आए दिन झगड़ा करता था। इससे परेशान होकर उसकी पत्नी उसे अपने पीहर भूदर का बास ले आई। वहां वे किराए का कमरा लेकर रह रहे। शनिवार शाम को धीरज ने शराब के नशे में कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी ने जब फंदे पर पति की लाश झूलती देखी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।

पोस्टमार्टम बाद शव सौंपा

उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर उसे स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

कक्षा में पढ़ाते साइलेंट अटैक से शिक्षक की मौत

'बोल राधा बोल' गाकर दुनिया से हुए विदा

उदयपुर। जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फिला कुराबड़ में एक बेहद दुखद घटना घटित हुई, जब कक्षा में पढ़ाते समय एक शिक्षक की साइलेंट हार्ट अटैक के कारण कक्षा में ही मौत हो गई। 52 वर्षीय कौशलदास बैरागी एक समर्पित शिक्षक और संगीत प्रेमी थे। उनके आकस्मिक निधन से विद्यालय परिवार, छात्र वर्ग और क्षेत्र के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय समय के दौरान सुबह 10 बजे इंटरवल में भोजन करने के बाद बैरागी पुनः कक्षा में पढ़ाने चले गए। इसी दौरान उन्हें अचानक बेचैनी महसूस हुई और उल्टी होने लगी। सहकर्मियों और स्टाफ ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों के अनुसार उनकी मृत्यु साइलेंट हार्ट अटैक के कारण हुई। कौशल बैरागी न केवल एक अनुशासित और प्रिय शिक्षक थे, बल्कि वे संगीत के प्रति गहरा लगाव रखने वाले व्यक्ति भी थे। वे सुरों की मंडली नामक एक संगीत समूह से भी जुड़े हुए थे। एक दिन पहले ही उन्होंने लोकप्रिय गीत बोल राधा बोल, संगम होगा कि नहीं गाकर अपलोड किया था।

जवान होती दो बहनों पर पड़ गई परिचित की गंदी नजर

डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना इलाके में दो नाबालिग बहनों को बंधक बनाकर रेप करने का सनसनीखेज केस सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इन दोनों बहनों को मजदूरी का झांसा देकर अहमदाबाद ले गया था। वहां उसने बहनों को एक कमरे में बंधक बना लिया। उसने दोनों नाबालिग बहनों से रेप किया। पुलिस ने आरोपी को दमन दीव से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पीड़िताओं के चाचा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बताया गया कि उसकी दो नाबालिग भतीजियां दीपावली के चार दिन बाद से लापता है। खोजबीन में सामने आया है कि उनका परिचित युवक वीरमल उर्फ कालू यादव ने उन्हें मजदूरी दिलाने अहमदाबाद ले गया।

प्यार से ले गया अहमदाबाद, फिर खेला 'डर्टी' गेम

दोनों बहनों को बंधक बनाया

परिवार ने दोनों भतीजियों की काफी खोजबीन की। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एक महीने पहले अहमदाबाद में एक कमरे से दोनों बहनों को बरामद किया गया। पुलिस ने पीड़िताओं से पूछताछ की तो आरोपी की घिनौनी हरकतें सामने आईं। आरोपी ने उनको अहमदाबाद लाकर एक कमरे में बंद कर दिया और फिर उनके साथ गलत काम किया।

आरोपी दमन दीव से गिरफ्तार

उसके बाद पुलिस ने पीड़िताओं को उनके परिवार को सुपुर्द कर दिया। आरोपी के खिलाफ अपहरण और रेप का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई। अंततः पुलिस ने शनिवार को आरोपी वीरमल उर्फ कालू यादव को दमन दीव के पास स्थित धारी अमरेली के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे लेकर दोवड़ा आ गई है। अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

भाजपा स्थापना दिवस

जो काम न करे, उसके कान मरोड़ें : राठौड़

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में अपना 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राजस्थान में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का ध्वज फहराया और 'विकास गाथा' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बीजेपी ने जनता के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि जनता जो पार्टी काम करे, उसे धन्यवाद दे और जो पार्टी का काम न करे, उसके कान मरोड़े।" राठौड़ ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता से जुड़ाव बढ़ाना और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करना है। राठौड़ ने बताया कि स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ पर समिति के सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन

सम्मेलनों के जरिए कार्यकर्ताओं को पार्टी की संघर्ष गाथा से अवगत कराया जा रहा है और घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस बार स्थापना दिवस का खास संयोग रामनवमी के दिन के साथ जुड़ा हुआ था, जिस पर राठौड़ ने इसे 'दोगुनी खुशी' का अवसर बताया और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन मजबूत है और लक्ष्य है कि प्रदेश और देश में बीजेपी की सरकारें निरंतर बनी रहें। राठौड़ ने वक्फ संशोधन बिल पर राष्ट्रपति की मुहर को लेकर भी प्रतिक्रिया दी और इसे मुस्लिम समाज के हित में बताया। अब वक्फ की संपत्तियों से अतिक्रमण हटाया जाएगा और गरीब मुस्लिम समाज को इसका लाभ मिलेगा।

सांसद राजकुमार रोत पर भड़के मदन राठौड़

जयपुर। भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत के हालिया बयानों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजकुमार रोत समाज को तोड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं और लोगों में दूरियां पैदा कर रहे हैं, जबकि उन्हें समाज को जोड़ने की दिशा में काम करना चाहिए। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात के दौरान राठौड़ ने वक्फ कानून और नरेश मीणा प्रकरण पर रोत की टिप्पणियों को गैर जिम्मेदाराना बताया।

जुड़वां बेटों की गवाही से मिली हत्यारे पिता को उम्रकैद

सीकर। जिले में एडीजे कोर्ट क्रम संख्या-1 ने एक दिल दहला देने वाले मामले में आरोपी पति को पत्नी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह फैसला इसलिए भी खास रहा क्योंकि आरोपी को दोषी ठहराने में उसके आठ साल के जुड़वां बेटों की गवाही निर्णायक साबित हुई। दोनों बच्चों ने कोर्ट में अपने पिता की करतूत का आंखों देखा हाल सुनाया, जिसे सुनकर अदालत भी सख्त हुई और आरोपी को किसी भी तरह की राहत देने से मना कर दिया। सरकारी वकील गोपाल सिंह बिजारणियां ने बताया कि यह घटना 7 अगस्त 2022 की है। प्राइवेट स्कूल में शिक्षक आरोपी कर्मवीर (28) ने अपनी पत्नी संजू देवी (28) की गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया था। मृतका के भाई मुकेश कुमार ने 21 अगस्त 2022 को धोद थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया कि संजू देवी की शादी 2008 में सीकर के भुवाला निवासी कर्मवीर से हुई थी। शादी के महज 3-4 महीने बाद से ही पति ने मारपीट शुरू कर दी थी। वह पीहर से पैसे लाने के लिए दबाव बनाता था। एक साल तक संजू पीहर में रही और समझाइश के बाद दोबारा

कोर्ट बोली-पति-पत्नी के रिश्ते को किया शर्मसार

ससुराल आई। 7 अगस्त की शाम करीब 7 बजे कर्मवीर शराब के नशे में घर आया और संजू देवी से झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान उसने पहले दोनों बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया और फिर संजू के साथ मारपीट की और प्लास्टिक के पाइप से उसका गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में उसे पंखे से लटका दिया। सरकारी वकील के मुताबिक इस मामले में सबसे अहम गवाही संजू देवी के जुड़वां बच्चों की रही। दोनों बच्चों ने कोर्ट में बताया कि पापा शराब पीकर आए थे और मम्मी को पीटने लगे। हमें एक कमरे में बंद कर दिया गया था। हमने खिड़की से देखा कि पापा मम्मी को रस्सी और लातों से मार रहे थे। मम्मी चिल्ला रही थी और जमीन पर गिर गई थी। कोर्ट ने बच्चों को चश्मदीद गवाह माना और उनके बयान को महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया। हत्या के बाद कर्मवीर ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी ने मोबाइल छुपा लिया था और इसी बात पर विवाद हुआ। उसने अपने साले को भी कॉल कर फोन दिलवाने को कहा लेकिन उसकी पत्नी संजू ने फोन देने से मना कर दिया। फिर वह घर से बाहर चला गया और जब लौटा तो संजू का शव फंदे पर लटका मिला। सरकारी पक्ष ने कोर्ट में 19 गवाह और 26 साक्ष्य प्रस्तुत किए। सबूतों और गवाहों की गहराई से जांच के बाद कोर्ट ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद और 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 498-A (दहेज प्रताड़ना) में 3 साल के साधारण कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई गई। फैसला सुनाते हुए एडीजे कोर्ट क्रम संख्या-1 के न्यायाधीश महेंद्र प्रताप बेनीवाल ने कहा कि शादी के बाद पति अपनी पत्नी का संरक्षक होता है लेकिन इस मामले में आरोपी ने उस पवित्र रिश्ते को शर्मसार किया है।

सांचौर : 12वीं के छात्र को ब्लैकमेल कर पीटा

सांचौर। सांचौर क्षेत्र के सरनाऊ सरहद में 12वीं के एक छात्र के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें अर्द्धनग्न अवस्था में कुछ ग्रामीण उसके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में मारपीट करने वाले लोग छात्र से बार-बार मोबाइल पर मैसेज भेजने को लेकर सवाल सवाल-जवाब कर रहे हैं। उक्त घटना को लेकर पीड़ित के पिता ने सांचौर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है। जिसमें बताया गया है कि पीड़ित छात्र को सूनसान जगह पर ले जाकर कंटीली झाड़ियों से मारपीट करने व पांच लाख रुपए मांगने का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। वारदात को लेकर दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामला सांचौर के सांकड़ क्षेत्र का 5 अप्रैल का बताया जा रहा है। सांचौर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरनाऊ निवासी 18 वर्षीय पीड़ित युवक के पिता ने मामले में रिपोर्ट देकर बताया कि उनका पुत्र जो 12वीं का छात्र है, शनिवार 5 अप्रैल को सांकड़ के पीएम श्री राजकीय माध्यमिक स्कूल में परीक्षा देकर अपने साथी के साथ वापस घर लौट रहा था। सरनाऊ सरहद में पहुंचने पर सरनाऊ निवासी आरोपी युवक कमलेश बिश्नोई व महेन्द्र गोदारा ने उसके पुत्र का रास्ता रोककर अपनी बाईक पर बैठने को कहा। जब छात्र ने मना किया तो आरोपी कमलेश ने जेब से चाकू निकाला और उसे डराया। जिससे वह डरकर बाइक पर बैठ गया। उसके बाद आरोपी उनके बेटे को सेडिया की तरफ सूजी नाडी नामक जगह पर लेकर गए। जहां

कंटीली झाड़ियों से पीठ पर किए वार

5 लाख मांगे, हिरासत में दो आरोपी

आरोपी कमलेश ने अपना फोन निकालकर स्क्रीन शॉट दिखाते हुए कहा कि तूं किसी लड़की से बात करता है। उसका डेटा मेरे पास है। अगर 5 लाख रुपए नहीं दिए तो तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित के पिता ने बताया कि आरोपियों ने उनके बेटे के साथ चार घंटे तक बेरहमी से मारपीट की। कंटीली झाड़ियों से उसके बेटे की पीठ पर मारा। जिस से उसकी पीठ पर घाव हो गए और खून निकलने लगा। आरोपियों की डिमांड पूरी नहीं होने का कहने पर उन्होंने कहीं से भी पैसे की व्यवस्था करने की बात कहते हुए कहा कि घर से या कहीं ओर से पैसे ला, नहीं तो तेरी जिंदगी खत्म कर देंगे। जिस पर उसके बेटे ने आरोपियों के पांव पकड़कर छोड़ने के लिए कहा, लेकिन कमलेश ने आरोपी महेंद्र के साथ उसके बेटे को पैसे लेने के लिए घर भेजा। महेंद्र मेरे घर से थोड़ी दूर रुक गया और मेरे बेटे को पैसे लेने भेजा। उसका बेटा डर के मारे घर ना आकर पड़ोसी दोस्त के घर चला गया और उससे 5 लाख रुपए मांगे। जब मेरे दोस्त ने पैसे मांगने का कारण पूछा तो पूरी घटना बताई। जिसके बाद मेरे दोस्त ने मुझे घटना की जानकारी दी। पीड़ित के पिता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने परविह तुरंत उनके पास पहुंचा, हम तीनों घर से महेंद्र को पकड़ने के लिए रवाना हुए। हमारे घर से कुछ दूरी पहले रुके। महेंद्र को हमने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर महेंद्र को पकड़ लिया और बाद में कमलेश को भी पकड़ लिया। पीड़ित के पिता का का ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। उनके पास 4-5 गाड़ियां हैं।

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने सपरिवार किए श्रीजी प्रभु के दर्शन

राज समंद। नाथद्वारा पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी की हवेली में रामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार को पूर्व राजघराने के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने परिवार सहित श्रीजी प्रभु के दूसरे राजभोग के दर्शन एवं श्री लाडले लाल प्रभु के दर्शन किए। इस अवसर पर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपने परिवार सहित पैदल मोती महल चौक पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत एवं अगवानी की गई। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परिवार सहित ध्वजाजी की छत पर जाकर श्री सुदर्शन भगवान को इत्र एवं भोग की सेवा अर्पित की। उसके पश्चात उन्होंने श्रीजी प्रभु के रामनवमी के अवसर पर दूसरे राजभोग के परिवार सहित दर्शन किए। तत्पश्चात महाप्रभु जी की बैठक में दंडवत कर भेंट अर्पित की तथा लाडले लाल प्रभु के दर्शन किए।

दर्शन उपरांत लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परिवार सहित लाल छत महल में विशाल बावा को केसर स्नान

- लक्ष्यराज सिंह ने विशाल बावा का केसर स्नान कर व भेंट अर्पण कर लिया आशीर्वाद
- विशाल बावा ने चीरा, फेंटा बांधकर, रजाई एवं ऊपरना ओढ़ाकर किया समाधान

करवाया तथा भेंट अर्पित कर आशीर्वाद लिया। विशाल बावा ने लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को चीरा, फेंटा बांधकर व रजाई एवं ऊपरना ओढ़ाकर प्रसाद प्रदान कर उनका समाधान किया। दीक्षिता बहू गोस्वामी ने निवृत्ति कुमारी मेवाड़ का समाधान किया व श्री लाल बावा ने श्री हरित राज मेवाड़ का समाधान किया। आराधिका बेटी ने सुश्री मोहलाक्षिका कुमारी मेवाड़, सुश्री प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ का समाधान किया। इस अवसर पर विशाल बावा एवं लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने वल्लभ कुल एवं मेवाड़ राजघराने के अपने ऐतिहासिक एवं प्रगाढ़ संबंधों को याद किया। विशाल बावा ने लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को श्रीजी प्रभु के राग, भोग व श्रृंगार एवं पुष्टिमार्ग की जानकारी प्रदान की।